राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

प्रबन्ध सम्पादक—जितेन्द्रकुमार जैन, एम. ए.

[निदेशक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर]

ग्रन्थाङ्क १२१

मुंहता नैणसी री लिखी

मारवाड़ रा परगनां री विगत

तृतीय भाग

सम्पादक

नारायणसिंह भाटी, एम.ए., एल.एल.बी., पी-एच.डी.

प्रकाशक

राजस्थान-राज्य-संस्थापित

राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान

जोधपुर (राजस्थान)

RAJASTHAN ORIENTAL RESEARCH INSTITUTE, JODHPUR.

1 9 7 4

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

प्रधान सम्पादक—जितेन्द्रकुमार जैन, एम. ए.

[निदेशक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर]

ग्रन्थाङ्क १२१

मुंहता नैणसी री लिखी

मारवाड़ रा परगनां री विगत

तृतीय भाग

सम्पादक

नारायणसिंह भाटी, एम.ए., एल.एल.बी., पी-एच.डी.



प्रकाशक

राजस्थान-राज्य-संस्थापित

राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान

जोधपुर (राजस्थान)

RAJASTHAN ORIENTAL RESEARCH INSTITUTE, JODHPUR.

1974

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

प्रबन्ध सम्पादक—जितेन्द्रकुमार जैन, एम. ए.

[निदेशक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर]

ग्रन्थाङ्क १२१

मुंहता नैणसी री लिखी

मारवाड़ रा परगनां री विगत

तृतीय भाग

सम्पादक

नारायणसिंह भाटी, एम. ए., एल. एल. बी., पी-एच, डी.

निदेशक—राजस्थानी शोध संस्थान, चौपासनी

सम्पादक—परम्परा (शोध पत्रिका)

प्रकाशक

राजस्थान-राज्य-संस्थापित

राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान,

जोधपुर (राजस्थान)

RAJASTHAN ORIENTAL RESEARCH INSTITUTE, JODHPUR

प्रथमावृत्ति १०००　　1974　　मूल्य १५.५०

T　CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

राजस्थान-राज्य द्वारा प्रकाशित

सामान्यतः अखिल भारतीय तथा विशेषतः राजस्थान प्रदेशीय पुरातनकालीन
संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, हिन्दी, राजस्थानी आदि भाषानिबद्ध
विविधवाङ्मयप्रकाशिनी विशिष्ट ग्रन्थावली

प्रबन्ध सम्पादक

जितेन्द्रकुमार जैन, एम. ए.
निदेशक—राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर

ग्रन्थाङ्क १२१

मुंहता नैणसी री लिखी

मारवाड़ रा परगनां री विगत

तृतीय भाग

प्रकाशक

राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान,
जोधपुर (राजस्थान)
१९७४

मुद्रक

अजन्ता प्रिन्टर्स, जनगण प्रेस, शुभदा प्रिन्टर्स एवं श्रीसुमेर प्रिण्टिङ्ग प्रेस, जोधपुर

वि. सं. २०३१ भारतराष्ट्रीय शकाब्द १८९६

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

प्रकाशकीय

"मारवाड़ रा परगनां री विगत" ग्रंथ-सम्पादन की योजना इस भाग के साथ पूर्ण हो जाती है। विद्वान् सम्पादक डॉ० नारायण-सिंह भाटो ने इस ग्रंथ का सूक्ष्म विवेचन प्रथम भाग में किया है। ग्रंथ में मारवाड़ के चप्पे-चप्पे का वर्णन मिलता है।

फारसी से इतर भाषाओं में लिखे गये ग्रंथों में ऐसे सर्वाङ्गीण ग्रंथ कम ही मिलेंगे। इस भाग की एक यह विशेषता भी है कि इसमें मारवाड़ के गाँवों के जागीरदारों से सम्बन्धित ऐसी समस्त उपयोगी सामग्री जोड़ दी गई है जो ग्रंथ का भाग न होकर भी उस रहे-सहे अभाव को पूर्त्ति के साथ-साथ शोधार्थियों के लिए भी अत्यन्त उपयोगी है, शायद जिसको संकलित करने के लिए यत्र-तत्र भ्रमण करना पड़ता।

"विगत" की चर्चा तो होती ही रहती थी, परन्तु इसको पूर्णतया प्रकाश में लाने की आवश्यकता थी जिसको प्रतिष्ठान ने पूरा किया। मुझे पूर्ण विश्वास है—इसका सम्मान विद्वज्जगत् में होगा तथा इस ग्रंथ से अनेक शोध-प्रबन्ध लिखे जाने में सहायता मिलेगी।

इस ग्रंथ को तैयार करने में विद्वान् सम्पादक ने जिस धैर्य और सूझ-बूझ का परिचय दिया है, वह प्रशंसनीय है।

जितेन्द्रकुमार जैन
निदेशक

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

सम्पादकीय

"मारवाड़ रा परगनां री विगत" के प्रथम और द्वितीय भागों में विगत के मूल पाठ के अतिरिक्त परिशिष्टों में विगत को पूर्णता देने हेतु तत्सम्बन्धी अन्य स्फुट जानकारी समाहित की गई थी। इस तृतीय भाग में राजस्थानी भाषा से अनभिज्ञ पाठकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हिन्दी में शोध-सूत्र प्रस्तुत किया गया है, तथा विशिष्ट शब्दों के अर्थ विविध नामानुक्रमणिकाएं, महत्वपूर्ण पुरुषों की जन्म-कुण्डलियां भी दी गई हैं।

इस विशाल ग्रंथ में ऐसे अनेक महत्वपूर्ण व्यक्तियों का उल्लेख आया है जिनका उल्लेख ओझा, रेऊ, गहलोत तथा टाड आदि इतिहासकारों ने नहीं किया है, पर विगत और ख्यातों से पता चलता है कि यहां के इतिहास-निर्माण में उन व्यक्तियों ने महती भूमिका निभाई है। उपर्युक्त इतिहासकारों का दृष्टिकोण प्रायः राजवंश के व्यक्तियों तक ही सीमित रहा है, जिससे यह इतिहास एकांगी है। विगत में इस प्रकार के अनेक वीरों का भी उल्लेख है जिनका प्रभाव उस समय के जनमानस में लम्बे समय तक रहा, उन से सम्बन्धित काव्य, गीत, कहावतें आज भी जनता में प्रचलित हैं। अनेक ख्यातों और हस्तलिखित ऐतिहासिक ग्रंथों का अध्ययन कर मैंने ऐसे पुरुषों तथा विशिष्ट स्थानों आदि पर इस भाग में ६४ पृष्ठों में टिप्पणियां दी हैं, आशा है ये इतिहासकारों के लिये उपयोगी होंगी और जब भी समाज सापेक्ष तथ्यों का आधार लेकर इतिहास लिखे जायेंगे तो इस प्रकार की सामग्री से तथ्यान्वेषकों का मार्ग-दर्शन हो सकेगा।

तीसरे भाग को तैयार करने के दौरान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान की उदयपुर शाखा में मुझे एक महत्वपूर्ण ग्रंथ-ग्रंथांक २७१७ (६०८) की प्रति देखने को मिली, जिसमें मारवाड़ के राठौड़ जागीरदारों की पीढ़ियां तथा गांवों के पट्टों की विगत व्यवस्थित रूप में दी हुई थी। मैंने उस ग्रंथ को जोधपुर मंगवाकर उसकी प्रतिलिपि करवाई और अध्ययन करने पर पता लगा कि सामग्री इतिहास की दृष्टि से बड़ी महत्वपूर्ण है। नैणसी ने अपनी विगत में गांवों के भौगोलिक तथ्य तथा फसल व बसने वाली प्रमुख जातियों आदि का उल्लेख तो किया है, पर जागीरदारों का उल्लेख नहीं किया, यह कमी मुझे प्रारम्भ से ही अखर रही थी। इस सामग्री के समायोजन से न केवल गांवों के ऐतिहासिक महत्व को उजागर करने में सहायता मिलेगी अपितु प्राचीन राजस्थानी में जो अपार स्फुट साहित्य बिखरा

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

पड़ा है उसकी ऐतिहासिकता को समझने में भी इससे सहायता मिलेगी। इस प्रकार की सामग्री के अभाव में, बहुत सा स्फुट साहित्य जो यहाँ के वीरों, दातारों और साहित्य की कद्र करने वालों की प्रशंसा में लिखा गया है उसका कई बार अर्थ लगाना कठिन हो जाता है और इतिहास में एक ही नाम के कई व्यक्ति होने के कारण कई भ्रान्तियाँ पैदा हो जाती हैं। उदाहरण के लिए डिंगल गीतों को लिया जा सकता है। गीतों में प्रायः नायक का नाम, जाति, पिता या पूर्वजों का नाम आदि देने की परिपाटी है, परन्तु जब तक उस व्यक्ति के गाँव और खांप आदि से सम्बन्ध नहीं जोड़ा जाता तब तक जिस घटना-प्रसंग को लेकर जिस नायक पर काव्य-रचना की गई है, उस तक पहुंचना बड़ा कठिन होता है। पीढ़ियों की सूची से यह कार्य काफी सरल हो जाता है, और इस प्रकार इतिहास की अनेक आंतरिक उलझनों को सुलझाया जा सकता है। शोध-कर्त्ताओं की सुविधा के लिए मैंने पाद-टिप्पणी में यह भी संकेत दे दिया है कि कौनसा जागीरदार किस गांव की पीढ़ियों में से फंटकर उस गांव का जागीरदार बना। कुछ व्यक्तियों के बारे में प्राप्त ऐतिहासिक जानकारी भी फुटनोट में रखी गई है, आशा है वह शोधकों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

विगत के प्रत्येक परगने के अन्त में नैणसी ने सांसण के गांवों का विवरण दिया है जिनमें चारणों, भाटों, ब्राह्मणों आदि को दिये गये गांवों का वृत्तान्त है। इनमें खास तौर से चारणों को दिये गये गांवों का वर्णन राजस्थानी-साहित्य के शोधकर्त्ताओं के लिए बड़ा उपयोगी है। शोधकर्त्ताओं की सुविधा के लिये इस भाग के अन्त में उन गांवों की सामग्री के आधार पर विस्तृत सारणियां भी दे दी गई हैं।

विगत के महत्व और सम्पादन-पद्धति आदि पर प्रथम भाग की भूमिका में विस्तृत प्रकाश डाल दिया गया है। अतः यहाँ केवल इतना कहना पर्याप्त होगा कि न केवल इतिहास परन्तु भूगोल, समाज-शास्त्र, नृतत्व-शास्त्र, राज्य-प्रशासन आदि अनेक दृष्टियों में विगत का महत्व है और इस तीसरे भाग के प्रकाशन से इसके अध्ययन में शोधार्थियों को विशेष सुविधा होगी, ऐसी आशा है।

इस ग्रंथ का सम्पादन-कार्य श्रद्धेय पुरातत्वाचार्य मुनि जिनविजयी के आदेश से आज से कोई १० वर्ष पूर्व मैंने प्रारम्भ किया था। इसके दो भाग तो यथासमय प्रकाशित हो गये थे, पर तीसरे भाग के प्रकाशन में अनेक

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

अप्रत्याशित व्यवधान आ खड़े हुए। प्रतिष्ठान में लम्बे समय तक स्थायी निदेशक के अभाव में प्रशासनिक कठिनाइयों के कारण अवरोध आता रहा और साथ ही प्रेसों की असुविधा के कारण भी बड़ी परेशानी उठानी पड़ी। इस भाग ने चार प्रेसों की यात्रा की, तब कहीं जाकर इसकी छपाई का कार्य पूर्ण हो पाया है। पर इन सब कठिनाइयों के बावजूद मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि इस ग्रंथ के महत्व को इस दौरान में इतिहासकारों ने समझ लिया और देश और विदेश के अनेक शोधार्थी इस ग्रंथ की सामग्री का आधार लेकर अपना शोध-कार्य कर रहे हैं, इस प्रकार राजस्थान के इतिहास को नवीन शोध-दृष्टि को फलीभूत करने में इस ग्रंथ द्वारा जो योगदान मिल रहा है उसमें मुझे विशेष संतोष है।

इस भाग में दी गई ऐतिहासिक व्यक्तियों की जन्म-कुण्डलियों[1] को प्रसिद्ध इतिहासविद् डॉ० रघुवीरसिंहजी (सीतामऊ) ने देख-परख कर ईस्वी सन् व तारीख भी प्रत्येक कुण्डली के साथ लगा देने की कृपा की है जिसके लिए मैं उनका अत्यन्त आभारी हूँ।

मेरे अनुज हुकमसिंह भाटी एम० ए० ने ग्रंथ के अन्त में दी गई सारिणियों को तैयार करने में पूरी सहायता की जिसके लिए उसे आशीर्वाद देता हूँ। इस भाग का लगभग आधा भाग सुमेर प्रिण्टिङ्ग प्रेस के संचालक श्री सरदारमलजी थानवी ने सुव्यवस्था पूर्वक छापा है, जिसके लिये मैं इनका आभारी हूं।

अन्त में मैं प्रतिष्ठान के वर्तमान निदेशक श्री जैन व उनके प्रकाशन विभाग के अधिकारियों का भी आभार व्यक्त करना अपना कर्त्तव्य समझता हूं कि जिन्होंने अनेक कठिनाइयों के बावजूद इस भाग के प्रकाशन में रुचि लेकर कार्य को सम्पन्न करने में वांछित योग दिया।

चौपासनी, जोधपुर
रक्षाबंधन ३-८-७४

नारायणसिंह भाटी

---

१. ये कुंडलियें मुझे बारहठ देवकरणजी इन्दोकली के सौजन्य से प्राप्त हुई हैं।

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

—: विषयानुक्रम :—

क्रमाङ्क	विषय	पृष्ठाङ्क
१.	विगत की विस्तृत सूची (तीनों भागों की)	१—१२
२.	शोधसूत्र (विगत का हिन्दी-सारांश)	१—६३
३.	महत्वपूर्ण व्यक्तियों तथा स्थानों आदि पर टिप्पणियां	६४—१२८
४.	विगत में प्रयुक्त विशिष्ट शब्दों के अर्थ	१२९—१३८
५.	नामानुक्रमणिकाएं	१३९—
	(१) पुरुष व स्त्री-नामानुक्रमणिकाएँ	१३९—१९६
	(२) ग्राम, नगर, देश आदि नामानुक्रमणिकाएं	१९७—२७०
६.	परिशिष्टों की नामानुक्रमणिकाएँ	२७१—
	(१) पुरुष व स्त्री-नामानुक्रमणिकाएँ	२७१—३०१
	(२) ग्राम, नगर, देश आदि नामानुक्रमणिकाएँ	३०२—३२२
७.	विविध नामानुक्रमणिकाएँ (मूल ग्रंथ की)	३२३—३२६
८.	,, ,, (परिशिष्टों की)	३२७—३२९
९.	विशिष्ट पुरुषों की जन्मकुण्डलियाँ	३३०—३६०
१०.	गाँवों के पट्टों व जागीरदारों की पीढ़ियों की विगत	३६१—

खाँप करमसोत—३६१ मांडणोत—३६७. भादावत—३६८
बालावत - ३६८. ऊदावत—३७४. मेड़तिया—३६८. रायमलोत—
३८६. जगमालोत—३८८. ईसरदासोत—३९०. चांदावत—३९१.
गोयनदासोत—३९८. माधोदासोत—४१९. सुरताणोत—४२४.
केसोदासोत—४२७. विट्ठलदासोत—४३४. विसनदासोत—४३५.
गोपीनाथोत मेड़तिया—४३८. चाँपावत—४४१. सगतसिंघोत—४४१.

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

रामसिंघोत—४४२. जगमालोत —४४३. गोयनदासोत—४४४. द्वारकादासोत—४४५. हरभाणोत—४४५. केसोदासोत—४४५. रायसिंघोत—४४६. रायमलोत—४४६. विट्ठलदासोत—४४६. बलोत—४५५. भोपतोत—४५६. खेतसिंघोत—४५९. हरिदासोत—४५९. आईदांनोत—४५९. किलाणदासोत—४६४. करणोत—४६५. रूपावत—४६८. पुनावत—४६९. भींयोत—४७०. देवराजोत—४७०. चाड़दे—४७१. गोगादे—४७२. महेचा—४७३. जुंजाणिया—४७४. मंडला—४७४. पातावत—४७६. कूंपावत—४८३. मांडणोत—४८३. महेसदासोत—४८८. उदैसिंघोत—४९०. ईसरदासोत—४९१. तिलोकदासोत—४९२. नरावत—४९३. नारणोत—४९४. कांधलोत—४९४. वीदावत—४९४. ऊदावत बेडवासिया—४९४. जैतावत—४९६. पिरथीराजोत—४९६. आसकरणोत—४९७. भोपतोत—४९८. कलावत—४९९. खांप जोधा—४९९ से— गोयनदासोत—४९९. गोपालदासोत—५०१ जगनाथोत—५०२. रतनोत—५०२. किलांणदासोत—५०५ अमरसिंघोत—५०६. किसोरसिंघोत—५०७. खंगारोत—५०७. बाघावत—५०८. गांगावत—५०९. रामोत—५१०. चंद्रसेणोत—५१०. रतनसिंघोत—५११. महेसदासोत—५१५. भोजराजोत—५१८. अभैराजोत—५१८. केसरीसिंघोत—५२०. बिहारीदासोत—५२८.

११. विगत में आये हुए चारण, भाट व ब्राह्मणों के सांसण आदि की सारिणी ५२९—५५१

१२. शुद्धि पत्र ५५२ वां

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

विगत की विस्तृत सूची

[मारवाड़ के ७ परगनों (तीनों भागों) की विस्तृत सूची]

विषय	पृष्ठ सं.	अनुच्छेद सं.	सारांश, भा० ३ में
१. मंडोर की विगत, वात परगने जोधपुर री	१	१	१
२. नाहड़राव का वृत्तांत	४	६	१
३. सीहाजी का वृत्तांत	५	८	२
४. आसथान सोनग, अज का वृत्तांत	६	१३	२
५. वीरम व राव चूंडा का वृत्तांत	२१	३२	४
६. राव रिड़मल का वृत्तांत	२६	४३	६
७. राव जोधा का वृत्तांत	३१	५२	७
८. राव जोधा ने अपने भाइयों व लड़कों में जमीन बांटी	३८	६२	८
९. राव सातळ का वृत्तांत	४०	६४	९
१०. नरा सूजावत का हाल	४०	६५	९
११. कुंवर बाघा सूजावत का हाल	४१	६६	९
१२. राव गांगा की उपलब्धियां	४१	६८	९
१३. राव मालदे का हाल	४२	७१	१०
१४. राव मालदे की लड़कियों की विगत	५२	८२	११
१५. राव मालदे की पत्नियों की विगत	५५	८८	१२
१६. शेरशाह से युद्ध हुआ जिसका हाल तथा काम आने वालों की सूची	५६	८९	१२
१७. राव जैमल पर मालदे की चढ़ाई	५९	९०	१२
१८. हरमाड़े में राणा उदयसिंह तथा हाजीखां का युद्ध	६०	९२	१२
१९. मालदे ने जैसलमेर पर फौज भेजी	६४	९५	१३
२०. राव मालदे के समय की फुटकर बातें	६५	९६	१३
२१. राव चन्द्रसेन के समय की बातें	६७	१०६	१३
२२. चन्द्रसेन का जोधपुर छोड़ना	६८	१०७	१४
२३. चन्द्रसेन का अकबर बादशाह से मिलना	६९	१११	१४
२४. चन्द्रसेन का मेवाड़ जाना	७०	११५	१५
२५. राव राम व कला का वृत्तांत	७१	११६	१५
२६. राव चन्द्रसेन का डूंगरपुर से आना व मुगलों से युद्ध	७२	११८	
२७. मोटाराजा (उदयसिंह) की बात	७५	१२०	१६

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

२८. कल्याणदास रायमलोत पर उदयसिंह की चढाई	७५	१२०	१६
२९. राव चन्द्रसेन व मोटाराजा का फलोदी में युद्ध	८०	१२९	१७
३०. मोटाराजा ने चारणों आदि के गांव जब्त किये, सूची	८१	१३१	
३१. मोटाराजा की जैसलमेर से खटपट	८४	१३४	१७
३२. अकबर ने फलोदी भाखरसी हरराजोत को दी	८८	१३८	१८
३३. मोटाराजा का गुजरात को प्रस्थान तथा आसकरन देवीदासोत को जागीर का पट्टा	९०	१४५	१९
३४. राजा सूरसिंह की बात	९२	१४६	१९
३५. सूरसिंह को तेरवाड़ा मेरवाड़ा का परगना मिलना	९४	१५०	२०
३६. कुंवर सबलसिंह को फलोदी मिलना	९५	१५२	२०
३७. दक्षिण में अम्बर चम्पू और सूरसिंह का युद्ध	९६	१५६	२१
३८. सूरसिंह का मारवाड़ को लौटना	९७	१५७	२१
३९. सूरसिंह की मांडवे पर चढाई	९७	१५८	२१
४०. प्रधान भाटी गोयंददास तथा राठौड़ किशनसिंह का मारा जाना	९९	१६१	२२
४१. सूरसिंह का पुनः दक्षिण में जाना	१०१	१६२	२२
४२. कुंवर गजसिंह की जालोर पर विजय	१०२	१६६	२२
४३. सूरसिंह की जगह दक्षिण में गोयंददास भाटी रहा	१०३	१६८	२३
४४. राणा की फौज से गोयंददास का युद्ध	१०३	१७०	२३
४५. महाराजा गजसिंह की गद्दी नशीनी तथा मनसब	१०५	१७१	२३
४६. गजसिंह का दक्षिण में युद्ध	१०६	१७२	२४
४७. शाहजादा खुर्रम का विद्रोह	१०७	१७३	२४
४८. गजसिंह को मेड़ता मिलना	१०८	१७४	२५
४९. जांहगीर की मृत्यु पर गजसिंह का मारवाड़ आजाना और बादशाह द्वारा मनाया जाना	११०	१७९	२५
५०. गजसिंह के समय की अन्य फुटकर बातें	१११	१८२	२६
५१. महाराजा जसवंतसिंह का वृत्तांत	१२३	१९९	२८
५२. जसवंतसिंह के मनसब का हिसाब	१२३	१९९	२८
५३. राठौड़ महेस सूरजमलोत को प्रधान बनाना	१२५	२०३	२८
५४. परगना ऊदेही जागीर में मिलना	१२६	२०५	२९
५५. परगना मलारणा जागीर में मिला	१२७	२०६	२९
५६. परगना बघनोर जागीर में मिला	१२८	२०७	२९
५७. परगना रोहतक जागीर में मिला	१२८	२०७	२९
५८. रतलाम की जगह जालोर का परगना मिला	१२९	२०८	२९
५९. नागोर की ७ पटी जागीर में मिली	१३०	२०९	२९

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

६०. जसवंतसिंह का उज्जैन के युद्ध के लिये प्रस्थान करते समय सात हजारी मनसब का हिसाब	१३०		२६
६१. महाराजा का आगरे से प्रस्थान और जागीर का हिसाब	१३३	२११	३०
६२. महाराजा का जहानावाद को प्रस्थान	१३४	२१२	३०
६३. शाहजादा शुजा से युद्ध	१३५	२१३	३०
६४. राजा जयसिंह से जसवंतसिंह का रास्ते में मिलना	१३५	२१५	३०
६५. औरंगजेब से आश्वासन मिलना तथा गुजरात को प्रस्थान	१३७	२१७	३०
६६. नैणसी आदि को पोकरण पर सबलसिंह की सहायता के लिये भेजना	१३८	२१६	३१
६७. अहमदाबाद में डेरे के समय मनसब की विगत	१४४	२२८	
६८. सं. १७१८ में गुजरात तागीर, प्रस्थान	१४६	२३०	३१
६९. महाराजा को पूना का सूबा मिलना	१५०	२३१	३१
७०. गुजरात से विदा होते समय जागीर का हिसाब	१५०	२३४	३१
७१. पं. मनोहरदास ने १७२० की खरीफ से हिसाब लिखा	१५३		
७२. कुंवर को दिल्ली दरबार में भेजना	१५६	२३६	३२
७३. संवत १७२१ (आसोज) में पं. मनोहरदास ने जागीर का हिसाब किया	१५८	२३७	३२
७४. परगने जोधपुर का तफावार हिसाब	१६३	२३९	३३
७५. परगने जोधपुर का सालीना हिसाब	१६६		३३
७६. उज्जैन की लड़ाई व शामिल होने वाले शाही मनसबदार आदि	१७०	२४२	३३
७७. जोधपुर शहर की विगत	१८६	२४६	३४
७८. गांवों की विगत	१८९	२४७	३५

वात परगने सोझत री

१. सोझत का प्राचीन नाम तथा पंवारों का राज्य	३८३	१	३७
२. सोझत पर हुलों तथा सोनगरों का राज्य	३८४	३	३७
३. राणा द्वारा सोझत रिड़मल को मिली	३८७	७	३७
४. राव रिड़मल का चित्तौड़ में मारा जाना	३८७	८	३७
५. सोझत पर राज्य करने वालों की सूची	३८८	९	३७
६. सोझत शहर की विगत	३९०	१०	३८
७. कसबे सोझत की बस्ती	३९१	११	३८
८. खेतों की विगत	३९४	१७	३९
९. कस्बे सोझत का हासल	३९५	१९	३९
१०. परगने सोझत के हासल आदि की विगत	४००	२२	३९

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

११. परगने सोझत के गांवों की विगत	४२५	४४	३९
१२. सांसण की विगत	४८९	४९	३९

बात परगने जैतारण री

१. जैतारण का नामकरण तथा न ब्रद सींधल की बात	४९३	१	३९
२. ऊदावतों व जोधपुर के राजाओं को जैतारण रही	४९५	१	४०
३. कस्बे जैतारण की बस्ती की विगत	४९७	१	४०
४. सांसण के गांवों की विगत	४९८	१	४०
५. जैतारण से कुल गांवों के हासल की विगत	५००	२	४०
६. परगने के गांवों की विगत	५०९	१२	४०
७. सांसण की गांव वार विगत	५४३	२३	४०
८. सीमा के गांवों की सूची	५५५	२४	४०

द्वितीय भाग

बात परगने फलोधी री

१. फलोधी का नामकरण व प्राचीनता	१	१	४१
२. राव नरा द्वारा फलोदी को बसाना	२	२	४१
३. नरा का काम आना और गोयंद की गद्दी नशीनी	३	२	४१-२
४. राव डूंगरसी से मालदे ने फलोदी छीनी	४	५	४२
५. राठौड़ पृथ्वीराज जैतावत का कुंवर हरराज से युद्ध	४	५	४२
६. उदयसिंह को फलोदी का अधिकार मिलना	५	६	४२
७. लोहावट में उदयसिंह और चन्द्रसेन का युद्ध	६	७	४२
८. भाटी भाखरसी हरराजोत को फलोदी मिली	६	८	४३
९. राजा रायसिंह (बीकानेर) को फलोदी मिली	७	८	४३
१०. राजा सूरसिंह (जोधपुर) को फलोदी मिली	८	९	४३
११. संवत १७१५ में भाटियों की फलोदी पर चढाई	८	१५	
१२. फलोदी के कोट व बस्ती की विगत	८	१६	४३
१३. फलोदी की सीमा	९	१७	४३
१४. फलोदी की सालाना आमदनी	१०	१८	४४
१५. फलोदी के गांवों का आबादी के अनुसार वर्गीकरण	१०	२१	४४
१६. परगने के गांवों की विगत	१२	२८	४४
१७. सांसण में दिये हुए गांवों की विगत	२८	२९	४४
१८. सीमा के गांवों की सूची	३२	३२	४४
१९. मारवाड़ के वे गांव जहां नमक की खानें हैं	३४	३४	४४

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

बात परगने मेड़ते री

१. मेड़ते की प्राचीनता	३७	१	४४
२. राव जोधा द्वारा बरसिंघ और दूदा को मेड़ता दिया जाना	३७	२	४४
३. दूदा और बरसिंघ द्वारा वर्तमान मेड़ता बसाना	३८	४	४४
४. डांगा जाटों को मेड़ता की सीमा में बसाना	३९	५	४५
५. बरसिंघ व दूदा में अनबन तथा बरसिंघ का सांभर लूटना	४१	११	४५
६. बरसिंघ व सातल में अनबन व अजमेर के सूबेदार के पास जाना	४२	१२	४५
७. मलूखां की मारवाड़ पर चढाई	४३	१३	४५
८. बरसिंघ का कैद किया जाना तथा दूदा की अजमेर पर चढ़ाई	४५	१७	४६
९. सीहा बरसिंघोत को गद्दी से हटाकर दूदा का अधिकार होना	४६	१९	४६
१०. वीरम् की गद्दी नशीनी और सीहा के लड़कों का विरोध	४७	२१	४६
११. मालदे द्वारा मेड़ता हस्तगत करने की साजिश	४८	२२	४७
१२. वीरमदे का अजमेर पर कब्जा	५१	२५	४८
१३. वीरमदे द्वारा सहसा को मारने के लिये रीयां पर चढाई	५२	२६	४८
१४. मालदे की अजमेर पर चढाई और वीरम का भागना	५४	२७	४८
१५. वीरम का रणथंभोर के सूबेदार की मारफत शेरशाह से मिलना	५४	२८	४८
१६. शेरशाह की मारवाड़ पर चढाई	५६	३०	४९
१७. बादशाह का वीरमदे सहित जोधपुर आना	५७	३३	४९
१८. वीरम का मेड़ते पर पुनः अधिकार	५८	३४	५०
१९. जयमल वीरमदेवोत का मेड़ते की गद्दी पर बैठना	५८	३६	५०
२०. कुंडल में राव मालदे और जयमल का युद्ध	५८	३८	५०
२१. हाजीखां और राणा के युद्ध में मालदे का भाग लेना	५९	४०	५०
२२. जयमल का मेड़ता छोड़कर मेवाड़ जाना	६०	४१	५०
२३. आधा मेड़ता जगमाल वीरमदेवोत को मिलना	६१	४२	५०
२४. जैमल को बादशाह की ओर से पुनः मेड़ता मिलना	६३	४५	५०
२५. बादशाह का सरफदीन से नाराज होना और जैमल का मेड़ता छूटना	६७	४८	५१
२६. सुरताण व केसोदास जैमलोत का हाल	६९	५४	५२
२७. नवाब खानखाना के साथ गुजरात में सुरताण की चाकरी	७०	५७	५२
२८. सुरताण को पुनः मेड़ता मिलना	७२	५९	५२

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

२९. गोपालदास सुरतांणोत को मेड़ता (आधा) मिलना	७२	६०	५३
३०. पूरा मेड़ता राजा सूरसिंघ को बादशाह की ओर से मिला	७३	६२	५३
३१. गजसिंह की गद्दी नशीनी और मेड़ता तागीर	७३	६३	५३
३२. २०४ गावों से मेड़ता भीम अमरावत शीशोदिया को दिया गया	७३	६४	५३
३३. परवेज की ओर से मेड़ता गजसिंह को मिलना	७५	६७	५३
३४. मेड़ते की रेख पर वृद्धि	७६	६८	५४
३५. जसवंतसिंह की गद्दी नशीनी और मेड़ता की रेख में फिर वृद्धि	७७	७०	५४
३६. मेड़ते की धरती की नपाई	७७	७१	५४
३७. परगने मेड़ते की सालाना आमदानी सं० १७०१-१७२०	७८	७३	५४
३८. परगने मेड़ते की बस्ती सं० १७२० में	८३	७६	५४
३९. परगने मेड़ते का अमल दस्तूर (कर)	८८	७९	५५
४०. परगने के सीमावर्ती गाँव	९८	८६	५५
४१. सांसण के गांवों की विगत	१०६	८९	५५
४२. श्री फलोधी माताजी के देहुरे (मंदिर) की हकीकत	११५	९१	५५
४३ परगने के गाँवों की विगत	११६	९२	५६
४४. तफावार रेख, सांसण, आदि की तालिका	२१३	१११	

वात परगने सीवाणे री

१. सिवाने गढ की हकीकत	२१५	१	५६
२. सिवाने का प्राचीन इतिहास	२१५	२	५६
३ राव जोधा का सिवाने पर आधिकार	२१६	४	५७
४. सिवराज से राणा देवीदास का सिवाना छीनना	२१८	५	५७
५. राव मालदे द्वारा सिवाने पर अधिकार	२१९	७	५७
६. बादशाह की ओर से कल्याणदास रायमलोत को सिवाना मिला	२१९	८	५७
७. उदयसिंह (जोधपुर) द्वारा सिवाने पर अधिकार	२२०	९	५७
८. परगने के गाँवों की रेख की सूची	२२१	१२	५८
९. सिवाने की बस्ती सं० १७२१ में	२२३	१३	५८
१०. सूने गांवों की सूची	२२८	१५	५८
११. सांसण के गांवों की सूचो	२३०	१७	५८
१२. परगने के गांवों की विगत	२३२	१९	५८
१३. सांसण दिये हुए गाँवों की विगत	२६६	२३	५८

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

१४. परगने के सीमावर्ती गांव	२७८	२५	५८
१५. सूकड़ी नदी के बहाव का वृत्तांत	२८१	२८	५८

वात परगने पोहकरण री

१. पोकरण की आदि कथा	२८९	१	५८
२. रांमदे पीर द्वारा पोकरण को बसाना	२९१	५	५९
३. षींवा से नरा द्वारा पोकरण छीनना	२९२	६	५९
४. गोयंद द्वारा नरा का बैर लेना	२९३	७	५९
५. राव मालदे का जैतमाल से पोकरण छीनना	२९४	८	६०
६. मानसिंह ढूंढ़ाड़ा की पोकरण पर चढाई	२९५	११	६०
७. चंद्रसेन द्वारा जैसलमेर को पोकरण अडाणी देना	२९६	१२	६०
८. राजा जसवंतसिंह का पोकरण पर अधिकार	२९८	१५	६०
९. पोकरण के कोट का वृत्तांत	३०८	१९	६१
१०. पोकरण शहर की बस्ती व मंदिर, जलाशय आदि	३१०	२०	६१
११. पोकरण की धरती की हकीकत	३१६	२६	६२
१२. पोकरण परगने के सीमावर्ती गांव	३२०	३०	६२
१३. परगने का दस्तूर अमल	३२३	३४,३७	६२
१४. परगते के गांवों की विगत	३४८	४२	६३
१५. परगने के सांसण के गांवों की विगत	३२७	३९	६३

भाग १ व २ के परिशिष्टों की विस्तृत सूची

भाग १

परिशिष्ट १ (क) कमठां री विगत

			पृष्ठ
१. राव जोधाजी के समय के गढ, स्मारक व भवन-निर्माण कार्य			५५९
२. राव सातळजी	"	"	५६०
३. राव सुजाजी	"	"	५६०
४. कंवर वागाजी	"	"	५६०
५. राव गांगाजी	"	"	५६०
६. राव मालदेजी	"	"	५६०
७. राव चंद्रसेणजी	"	"	५६२
८. महाराजा श्री सूरसिंघजी	"	"	५६२
९. महाराजा श्री गजसिंघजी	"	"	५६४
१०. महाराजा श्री जसवंतसिंघजी	"	"	५६५
११. महाराजा श्री अजीतसिंघजी	"	"	५६५
१२. महाराजा श्री अभैसिंघजी	"	"	५६७
१३. महाराजा श्री बखतसिंघजी	"	"	५६९

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

२६. गोपालदास सुरतांणोत को मेड़ता (आधा) मिलना	७२	६०	५३
३०. पूरा मेड़ता राजा सूरसिंघ को बादशाह की ओर से मिला	७३	६२	५३
३१. गजसिंह की गद्दी नशीनी और मेड़ता तागीर	७३	६३	५३
३२. २०४ गावों से मेड़ता भीम अमरावत शीशोदिया को दिया गया	७३	६४	५३
३३. परवेज की ओर से मेड़ता गजसिंह को मिलना	७५	६७	५३
३४. मेड़ते की रेख पर वृद्धि	७६	६८	५४
३५. जसवंतसिंह की गद्दी नशीनी और मेड़ता की रेख में फिर वृद्धि	७७	७०	५४
३६. मेड़ते की धरती की नपाई	७७	७१	५४
३७. परगने मेड़ते की सालाना आमदानी सं० १७०१-१७२०	७८	७३	५४
३८. परगने मेड़ते की बस्ती सं० १७२० में	८३	७६	५४
३९. परगने मेड़ते का अमल दस्तूर (कर)	८८	७९	५५
४०. परगने के सीमावर्ती गाँव	९८	८६	५५
४१. सांसण के गांवों की विगत	१०६	८९	५५
४२. श्री फलोधी माताजी के देहुरे (मंदिर) की हकीकत	११५	९१	५५
४३ परगने के गाँवों की विगत	११६	९२	५६
४४. तफावार रेख, सांसण, आदि की तालिका	२१३	१११	

वात परगने सीवाणे री

१. सिवाने गढ की हकीकत	२१५	१	५६
२. सिवाने का प्राचीन इतिहास	२१५	२	५६
३ राव जोधा का सिवाने पर अधिकार	२१६	४	५७
४. सिवराज से राणा देवीदास का सिवाना छीनना	२१८	५	५७
५. राव मालदे द्वारा सिवाने पर अधिकार	२१९	७	५७
६. बादशाह की ओर से कल्याणदास रायमलोत को सिवाना मिला	२१९	९	५७
७. उदयसिंह (जोधपुर) द्वारा सिवाने पर अधिकार	२२०	९	५७
८. परगने के गाँवों की रेख की सूची	२२१	१२	५८
९. सिवाने की बस्ती सं० १७२१ में	२२३	१३	५८
१०. सूने गांवों की सूची	२२८	१५	५८
११. सांसण के गांवों की सूचो	२३०	१७	५८
१२. परगने के गांवों की विगत	२३२	१९	५८
१३. सांसण दिये हुए गाँवों की विगत	२६६	२३	५८

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

१४. परगने के सीमावर्ती गांव	२७८	२५	५८
१५. सूकड़ी नदी के वहाव का वृत्तांत	२८१	२८	५८

वात परगने पोहकरण री

१. पोकरण की आदि कथा	२८९	१	५८
२. रांमदे पीर द्वारा पोकरण को बसाना	२९१	५	५९
३. पींवा से नरा द्वारा पोकरण छीनना	२९२	६	५९
४. गोयंद द्वारा नरा का बैर लेना	२९३	७	५९
५. राव मालदे का जैतमाल से पोकरण छीनना	२९४	८	६०
६. मानसिंह ढूंढ़ाड़ा की पोकरण पर चढाई	२९५	११	६०
७. चंद्रसेन द्वारा जैसलमेर को पोकरण अडाणी देना	२९६	१२	६०
८. राजा जसवंतसिंह का पोकरण पर अधिकार	२९८	१५	६०
९. पोकरण के कोट का वृत्तांत	३०८	१९	६१
१०. पोकरण शहर की बस्ती व मंदिर, जलाशय आदि	३१०	२०	६१
११. पोकरण की धरती की हकीकत	३१६	२६	६२
१२. पोकरण परगने के सीमावर्ती गांव	३२०	३०	६२
१३. परगने का दस्तूर अमल	३२३	३४,३७	६२
१४. परगते के गांवों की विगत	३४८	४२	६३
१५. परगने के सांसण के गांवों की विगत	३२७	३९	६३

भाग १ व २ के परिशिष्टों की विस्तृत सूची

भाग १

परिशिष्ट १ (क) कमठां री विगत पृष्ठ

१. राव जोधाजी के समय के गढ, स्मारक व भवन-निर्माण कार्य			५५९
२. राव सातळजी	,,	,,	५६०
३. राव सुजाजी	,,	,,	५६०
४. कंवर वागाजी	,,	,,	५६०
५. राव गांगाजी	,,	,,	५६०
६. राव मालदेजी	,,	,,	५६०
७. राव चंद्रसेणजी	,,	,,	५६२
८. महाराजा श्री सूरसिंघजी	,,	,,	५६२
९. महाराजा श्री गजसिंघजी	,,	,,	५६४
१०. महाराजा श्री जसवंतसिंघजी	,,	,,	५६५
११. महाराजा श्री अजीतसिंघजी	,,	,,	५६५
१२. महाराजा श्री अभैसिंघजी	,,	,,	५६७
१३. महाराजा श्री बखतसिंघजी	,,	,,	५६९

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

१४. महाराजा श्री विजयसिंघजी के समय के गढ, स्मारक व भवन–निर्माण कार्य ५७०
१५ महाराजा श्री भींवसिंघजी ,, ,, ५७२
१६. महाराजा श्री मानसिंघजी ,, ,, ५७३
१७. महाराजा श्री तखतसिंघजी ,, ,, ५७५

नीवांणाँ री विगत (ख)

१. नीवांणां (जलाशयों) की विगत ५७६
२. कसबै जोधपुर में बागां की विगत ५६५

गढ जोधपुर नीवांण छै जिकाँ की याददास्त (ग)

१. गढ ऊपर के नीवणों (जलाशयों) की याददास्त ५६६
२. शहर के नीवाण पहाड़ पर बनेहुए ५६६
३. शहर के अन्दर नीवांण हैं उनकी विगत ५६६
४. शहर के शहरपना के नीवाणों की विगत ५६६

भाग–२

परिशिष्ट–१

(क) बात परगने सांचोर री

१. साँचोर का प्राचीन इतिहास ३५६
२. परगने सांचोर की रेख ३६०
३. सं. १७२० से परगने की आमदनी ३६४
४. चहुवान सूराचंद के राज्य की विगत ३६६
५. राणा सिवराज के गांवों की विगत ३७०
६. परगने के गांवों का हाल सं. १६६२ की बही से ३७३
७. परगने के गांवो की फहरिश्त सं० १७७७ में ३८६
८. सांसण के गांवों की विगत ४०७
६. गांवों की रेख व चाकरी के घोडों की विगत ४०८

(ख) परगने जालोर रो हाल

१. जालोर गढ की स्थापना तथा इतिहास ४१३
२. कुंवर गजसिंह की जालोर पर चढाई ४१४
३. महेसदास रतनसिंहोत को जालोर की जागीर ४१५
४. महाराजा जसवंतसिंह के राज्य में जालोर शामिल ४१५
५. राव श्री सुजानसिंह जी को जालोर मिली ४१५

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

६. दीवाण फतैखांजी कमालखांजी को ,, ,, ४१५
७. राज श्री रांमसिंघजी को ,, ,, ४१५
८. पठाण दलेलखांजी को ,, ,, ४१५
९. दीवांण फतैखांजी को ,, ,, ४१५
१०. महाराजा श्री अजीतसिंहजी को ,, ,, ४१५
११. महाराज श्री अभैमिहजी को ,, ,, ४१५
१२. महाराज श्री बखतसिंहजी को ,, ,, ४१६
१३. महाराज श्री विजयसिंहजी को ,, ,, ४१६
१४. पासवान व गुलाबराय जी को ,, ,, ४१६
१५. महाराजा मानसिंहजी जालोर पधारिया ,, ,, ४१६

(ग) परगने भीनमाळ रौ हाल

१. भीनमाल की स्थापना ४१७
२. भीनमाल का प्राचीन इतिहास ४१७
३. कुँवर गजसिंह का भीनमाल पर कब्जा ४१८
४. महाराजा अजीतसिंह की भीनमाल पर चढाई ४१९
५. फतेहखां की राठौड़ों से मुठभेड़ ४२०
६. राठौड़ भगवानदास जोगीदासोत के पटै भीनमाल ४२०
७. संवत १८१० में भंडारी पोमसीजी के पटै ,, ४२०

(घ) परगने नागोर रौ हाल

१. नागोर गढ की स्थापना ४२१
२. चहुवानों का नागोर पर राज्य ४२१
३. खांनजादों को नागोर का पट्टा ४२१
४. समसुखां को नागोर की जागीर मिलना ४२१
५. राव चूंडा का नागोर पर अधिकार ४२१
६. राव मालदे ,, ,, ४२१
७. हुमायू तथा अकबर के सूबेदारों का अधिकार ४२१
८. बीकानेर के राजा रायसिंह को अकबर की ओर से नागोर दी गई ४२२
९. राणा सगर को जहांगीर की ओर से मिली ४२२
१०. पठान जावदी को नागोर मिली ४२२
११. राठौड़ अमरसिंह को दी गई ४२२
१२. महाराजा जसवंतसिंह तथा रायसिंह के बंट में ४२२
१३. महाराजा अजीतसिंह को मिली ४२२
१४. सवाई जयसिंह को मिली ४२२
१५. महाराजा अभयसिंहजी को मिली ४२२
१६. बखतसिंहजी को मिली ४२३
१७. नागोर के आस पास के अन्य इलाके ४२३

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

६. मूता बछावत ४७६
७. मूता दफतरी ४८०
८. मूता वेद ४८०
९. सिंघवी ४८०
१०. ब्राह्मण पोहकरणा ४८०
११. पोहकरणा कोलाणी ४८०
१२. पोहकरणा व्यास नाथावत ४८०
१३. पोहकरणा बिरामण जोसी, पिरोयत ४८०
१४. बिरामण सिरमाली ४८१

परिशिष्ट–६

जोधपुर रा ओदादारां (८६) री याददास्त ४८२

परिशिष्ट–७

श्री हजूर उमरावां ने कुरब इनायत करै सो याददास्त ४८४

परिशिष्ट–८

मिरजा राजा जैसिघ रे मनसव रौ नांवों सं. १७२१ ४८६
१. कुंवर रामसिघ ,, ,, ,, ,, ४८६
२. कुंवर कीरतसिंघ ,, ,, ,, ,, ४८६

परिशिष्ट–९

हिन्दू उमरावां री विगत

१. अकबर बादशाह के हिन्दू उमरावों की विगत ४९१
२. जहाँगीर बादशाह ,, ,, ,, ,, ४९२
३. शाहजहां बादशाह ,, ,, ,, ,, ४९३
४. औरंगजेब बादशाह ,, ,, ,, ,, ४९६

परिशिष्ट–१०

यादादास्त नव कोटां री

१. बाड़मेर — — ५००
२. आबू — — ५००
३. पारकर — — ५००
४. पूंगल — — ५००
५. जालोर — — ५००
६. ऊमरकोट — — ५०१
७. लौद्रवो — — ५०१
८. अजमेर — — ५०१
९. गढ मंडोर — — ५०१

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

मारवाड़ रा परगनां री विगत

शोध-सूत्र : प्रथम भाग

परगना जोधपुर

जोधपुर की प्राचीन राजधानी मण्डोर थी। यह स्थान अति प्राचीन है। पद्मपुराण में इसका उल्लेख मिलता है। यहाँ का भोगिशैल पर्वत सुमेरु का पुत्र माना जाता है। यहाँ मण्डलेश्वर महादेव आदि पवित्र स्थानों का बड़ा माहात्म्य है। मण्डोर की स्थापना मन्दोदर दैत्य की की हुई मानी जाती है। यहीं उसकी लड़की मन्दोदरी का विवाह लंकापति रावण से हुआ था।
(पृ० १/अनु० १-२)

मण्डोर काफी समय तक पँवारों की राजधानी रहा। धरणीवाराह ने अपने भाइयों को नौ किलों का मालिक बनाया था, उनमें से यह किला सांवत को प्रदान किया। (१/२)

पँवारों के पश्चात् यहाँ पड़िहारों का राज्य कायम हुआ। इनमें नागराजन का पुत्र नाहड़राव बड़ा प्रसिद्ध शासक हुआ। उसने यहाँ अनेक निर्माण-कार्य करवाये। नाहड़राव ने अपनी पुत्री की सगाई सोमेश्वर के पुत्र पृथ्वीराज से की थी, पर बाद में पृथ्वीराज में अनेक खामियाँ बताकर उसके साथ लड़की ब्याहने से इन्कार कर दिया, जिसके फलस्वरूप पृथ्वीराज ने चढ़ाई कर दी। नाहड़राव हार गया। पृथ्वीराज की कंचनमाला से शादी हुई। पाटण के भीमदे के साथ युद्ध कर धवलेहर में नाहड़राव मारा गया। (२-३/३-५)

चहुवान पृथ्वीराज ने मण्डोर महणसी अल्ह को दिया। जब पृथ्वीराज साहबुद्दीन गौरी द्वारा पकड़ा गया तब मण्डोर भी उसके हाथ से निकल गया। संवत् ११७३ के लगभग यहाँ मुगलों का राज्य हुआ। (४/५)

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

सेतराम का पुत्र राठौड़ सीहा कन्नौज से द्वारिका जा रहा था। उस समय अनिहलवाड़ा पत्तन में मूलराज सोलंकी राज्य कर रहा था। वह लाखा फूलाणी से अपने बाप का बैर लेने को बहुत उत्सुक था। उसने इसके लिए पाटण की देवी भद्रकाली की बड़ी उपासना की। देवी ने आदेश दिया कि लाखा की मृत्यु सीहा के हाथ से ही सम्भव है। सीहा कन्नौज से द्वारिका को चला है, अतः उससे मिलकर यह काम करो। मूलराज ने ऐसा ही किया। उसने सीहा की बड़ी आवभगत की तथा अपनी पुत्री का विवाह उससे कर देने की इच्छा प्रकट की। सीहा ने द्वारिका से लौटते समय यह कार्य करने का वायदा किया। लौटते समय दीपावली के दिन उन्होंने लाखा पर हमला किया। लाखा खुले मैदान में युद्ध कर काम आया। मेहद झाले ने इस अवसर पर अच्छा काम दिया, अतः उसे सीहा ने हलवद जागीर में दी। (५-८/६-१३)

मूलराज ने अपनी बहन राजां का विवाह सीहा से किया। सीहा कन्नौज लौटा। उसके पहले की रानी से चार पुत्र थे। इस रानी से तीन पुत्र हुए— आसथान, सोनग और अज। सीहा का स्वर्गवास होने पर दोनों रानियों में बनी नहीं, तब वह अपने पुत्रों सहित पाटण को रवाना हुई। (८-६/१२-१३)

रास्ते में ये लोग पाली में ठहरे जहाँ राणा के गुरु पालीवाल ब्राह्मण रहते थे। वहाँ मेर आदि जातियों के लुटेरों का बड़ा भय था। पाली वालों ने इन्हें खानदानी व वीर समझकर अपनी रक्षार्थ वहीं रहने का आग्रह किया। इनकी मांगें भी उन्होंने स्वीकार कीं। वहाँ इन्होंने अपना अच्छा प्रभुत्व कायम कर लिया। जनता की सुरक्षा का इन्होंने बहुत अच्छा प्रबन्ध किया। (६-११/१४-१७)

फिर ये तीनों भाई वहाँ से अन्य स्थान को जाने के लिए तैयार हुए। तब जनता ने बड़े भाई आसथान को अनुनय-विनय कर वहीं रख लिया। ५०-६० गांव उसकी जागीर के लिए निश्चित कर दिये गये। (११-१२/१८-१६)

उस समय प्रतापसिंह गोहिल का अधिकार खेड़ पर था। उसने अपनी लड़की की शादी आसथान से करदी। वह आसथान की खूब आवभगत किया करता था। डाभी जेहली प्रतापसिंह का प्रधान था। उससे मिल कर कुछ दिनों पश्चात् खेड़ से आसथान ने गोहिलों का सफाया कर दिया। अपना पूर्ण अधिकार कायम करने के लिए उसने डाभियों को भी धोखे से मरवा दिया। इस प्रकार

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

निम्नलिखित गांव उसके अधिकार में आ गये—

गांव १४० खेड़ के

गांव १४० कोढणे के

गांव १४० (देवराज गोगादे चाहड़दे आदि के)

———

४२० कुल गांव तवसे राठौड़ों के अधिकार में आये ।
(१२-१४/२०-२१)

आसथान के पश्चात् उसका पुत्र धुहड़ गद्दी पर बैठा । वह नागाणा नामक गांव में गायों की बाहर करते हुए मारा गया । उसके पश्चात् रायपाल गद्दी पर बैठा । वह बड़ा दातार जूंझार हुआ तथा 'महिरेलण' कहलाया । उसने अपना अधिकार ५६० गांवों तक बढ़ाया । (१५/२२)

रायपाल के बाद कान्हड़राव, और उसके बाद जल्हण गद्दी पर बैठा । वह मुगलों से लड़ाई कर मारा गया । उसके बाद राव छाड़ा गद्दी पर बैठने का अधिकारी हुआ । सोनगरों से उसने कई युद्ध कर वीरगति प्राप्त की । तत्पश्चात् राव टीडा अधिकारी हुआ । उसने अनेक युद्ध लड़े । सोनगरों से अपने बाप का बैर लिया । अलाउद्दीन बादशाह से सिवाने में युद्ध कर उसने वीरगति प्राप्त की ।
(१५/२४)

गद्दी पर कान्हड़दे छाडावत बैठा । सलखा को टीका नहीं दिया गया । सलखा के ४ बड़े वीर पुत्र हुए । उनमें माला बड़ा दूरदर्शी था । उसने जालोर के खांन की सहायता से कान्हड़दे को मरवा कर बाड़मेर पर अधिकार कायम किया । उसके भाई जैतमाल को सिवाना दिलवाया । वीरम सलखावत बड़ा वीर और अनेक युद्धों में विजयश्री का वरण करनेवाला हुआ । इसे बाड़मेर के केवल ५-७ गांव मिले । (१५-१६/२४-२७)

उन दिनों सोहण में अकाल पड़ा तब देपाल लूण जोया अपने मवेशी सहित उस ओर आये थे । माला जगमाल ने उन्हें लूटने का विचार किया । जोयों ने वीरम की शरण ली । इस पर वे वीरम से बहुत रुष्ट हुए । फिर जोयों के आग्रह पर वीरम ने उन्हें बीकानेर की सीमा तक सुरक्षित पहुँचा दिया । माला अन्दर ही अन्दर कुढ़ता रहा । (१६-१८/२७-२८)

इन परिस्थितियों के बीच ही गुजरात से एक घोड़ों की कतार आ रही थी

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

उसे वीरम ने अपने अधिकार में कर लिया। इसका पता लगने पर गुजरात के बादशाह ने महाबलीखांन को १२००० सैनिक देकर महेवा पर विदा किया। जालोर आने पर उसने माला को कहलवाया कि या तो वीरम को निकाल दो वरना हम उसे पकड़ कर मारेंगे। इस पर वीरम अपने साथियों सहित जांगळू के साँखला ऊदा सूजावत के पास चला गया। महाबलीखांन ने पीछा किया। साँखला ने वीरम को सवारी देकर आगे निकाल दिया। तब खांन वहाँ तक जाकर वापस लौट गया। (१८-१९/२९)

वीरम सोहरण में देपाल के पास पहुँच गया। देपाल ने उसे भाई की तरह आमदनी का हकदार बना कर रखा। कुछ समय में उसके पास अच्छे राजपूत सैनिक शामिल हो गये, तब उसने जोयों से वहाँ की धरती छीन लेने का विचार किया। (१९-२०/२९-३१)

जोयों ने वीरम का बड़ा लिहाज किया, परन्तु वीरम माना नहीं। वह अपनी शक्ति बढ़ाता गया और एक दिन उनके पूज्य वृक्ष (फरास) को कटवा दिया। इस पर दला जोया ने आकर वीरम की गायें घेर लीं। युद्ध हुआ, जिसके परिणामस्वरूप वीरम मारा गया और जोयों की जीत हुई। वीरम की पत्नी मांगलियाणी को चार आदमी देवराजों के थल तक पहुँचा आये जहाँ कलाऊ ग्राम में अपना परिचय छिपाकर वह मजदूरी करने लगी। उसका पुत्र चूंडा बछड़े चराता था। (२१/३१)

एक दिन जब टोघड़े चराते-चराते चूँडा सो गया, तो एक काले सर्प ने आकर अपना फन उसके सिर पर कर दिया। आल्हा चारण उधर से आ रहा था। उसने जब यह देखा तो शकुन के आधार पर जाना कि यह कभी न कभी छत्रधारी राजा बनेगा। आल्हा ने बच्चे को जगाकर उसका परिचय पूछा। वह परिचय नहीं दे सका और अपनी माँ के पास ले गया। माँ ने बड़ी कठिनाई से अपना परिचय दिया, तब आल्हा ने बड़ा अफसोस किया और उनके रहने आदि की व्यवस्था की। (२१/३२)

चूँडा को ठीक कपड़े पहनाकर व शस्त्र बंधवाकर वह महेवे के स्वामी रावळ माला के पास ले गया, परन्तु माला को वीरम का दुर्व्यवहार याद था। इसलिए उसकी कोई आवभगत नहीं की और साधारण सैनिक की तरह उसे रख लिया। (२१/३३)

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

रावळ माला का प्रधान भोपा था। उसे चूँडा ने प्रसन्न किया, तब उसने रावळ से कह-सुन कर बड़ी मुश्किल से मण्डोर के पास सालोड़ी थाने पर उसे भेजा। (२१/३३)

चूँडा ने सालोड़ी आकर अपनी व्यवस्था जमाई और चामुण्डादेवी की खूब सेवा की। दिनों-दिन उसका प्रभुत्व बढ़ने लगा। लोग अच्छी संख्या में उसके यहाँ आने-जाने लगे। एक दिन देवी ने प्रसन्न होकर उसे बताया कि अमुक दिन सोने से भरी एक कतार आयेगी उसे तू हस्तगत कर लेना, फिर तुझे मैं गढ़पति बनाऊँगी। चूँडा ने ऐसा ही किया। सोना हाथ लगते ही उसने अपनी सैनिक-शक्ति बढ़ा ली। (२३/३५)

उन दिनों मण्डोर में बादशाही थाना था। उसका अधिकारी मुगल ऐवक था। चारों ओर विशेष आबादी नहीं थी। ईंदा, सींधल, साँखला, कोटेचा, आसायच आदि राजपूतों की चौरासियाँ थीं। मुगल ऐवक ने इन सबको बेगार में घास की गाड़ियाँ लाने का आदेश दिया। इनमें ईंदा टोहा बुजुर्ग आदमी था, उसने ऐबक से प्रार्थना की कि यह बेगार उचित नहीं है। परन्तु जब सुनवाई होती नहीं दिखाई दी तब वे घास की गाड़ियों के बहाने गाड़ियाँ सैनिकों से भर कर मण्डोर पहुँचे और जब ऐवक निरीक्षण के लिए आया, तो उस पर हमला कर उसे मार डाला। फिर तो साधारण से संघर्ष के बाद ही मण्डोर का गढ़ कब्जे में कर लिया। (२४-२५/३६-३७)

तत्पश्चात् ईंदों ने देखा कि इधर नागोर में मुगलों का थाना नजदीक पड़ता है और उधर राणा का प्रभाव भी है ऐसी स्थिति में गढ़ को कब्जे में रखना कठिन है, अतः चूँडा जैसे सुयोग्य व्यक्ति के अधिकार में गढ़ दे देना चाहिए, जिससे हम सब की सुरक्षा का प्रबन्ध भी हो जायेगा। चूँडा की स्वीकृति मिलने पर गढ़ उसे सौंप दिया गया तथा ईंदा गांवदेव ऊगड़ावत की पुत्री का विवाह उसके साथ कर उससे वायदा करवाया कि वह तथा उसके वंशज ईंदों के अधिकार की भूमि में दखल नहीं देंगे। चूँडा ने धीरे-धीरे अपनी व्यवस्था कायम की तथा सैनिक-शक्ति भी बढ़ाई। (२५-२६/३८-३९)

राव चूँडा का राज्य मण्डोर पर खूब जमा। उसने नागोर तथा डीडवाना पर भी अपना अधिकार जमा लिया। वृद्धावस्था में मोहिलाणी से शादी की। फिर भाटियों से चूँडा का बैर बँधा। फलस्वरूप राव केलण मुल्तान से सलेम

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

खांन को उस पर चढ़ा लाया। संवत् १४२८ में नागोर में चूँडा १२ योद्धाओं सहित काम आया और अपने कुंवरों को वहाँ से सुरक्षित निकाल दिया। मरते समय चूँडा ने रिणमल से वचन मांगा कि मण्डोर का टीका मेहिलाणी के पुत्र कान्हा को दिया जाय। रिणमल ने ऐसा ही किया और सलेमखांन को मार कर बाप का बैर लिया। (२५-२६/४०-४१)

रिणमल मेवाड़ में जाकर अपने भानजे राणा कुम्भा व मोकल के पास रहने लगा। कान्हा बड़ा निर्बल शासक हुआ। राव रिणधीर चूँडावत ने उससे राज्य छीन लिया। सता को शासक बनाया और रिणधीर सारा काम-काज देखने लगा। सता का लड़का नरवद बुद्धिहीन व्यक्ति था। वह रिणधीर को मारने के प्रयत्न लगातार करने लगा। तब रिणधीर धणले में रिणमल के पास गया और उसे समझा-बुझा कर राणा मोकल की सहायता से मण्डोर पर चढ़ाई की। सता भाग गया, नरबद ने मुकावला किया पर घायल होकर गिरा। रिणमल ने सीसोदियों की फौज को वहीं से विदा कर दिया। वे नरवद को उठाकर चित्तौड़ लौट गये। नरवद राणा का चाकर हुआ। (२६-२७/४२-४४)

इसी समय के आस-पास मेवाड़ के राणा मोकल के पासवानिये भाइयों चाचा और मेरा ने पही के पहाड़ों पर अपने सुरक्षित मकान बनवाये थे, उन् रिणमल की सहायता से मोकल नें गिरवा दिया था, इससे वे द्वेष रखने लगे। रिण-मल नें राणा को उनसे सतर्क रहने को कहा था, पर ऐसा अवसर आया कि इधर राणा मोकल के दामाद गागुरण के अचलदास खीची पर मांडव का बादशाह चढ़ आया, उसकी सहायतार्थ जाने के लिए राणा ने भी रिणमल को मण्डोर से अपनी फौज ले आने को कहा। उधर रिणमल गया और पीछे मौका देख कर चाचा और मेरा ने मोकल को मार डाला। कुम्भा ने रिणमल को सूचना देकर फौरन सहायतार्थ आने को कहा। रिणमल बिना कुछ खाये-पिये ४००० घुड़सवार लेकर मेवाड़ आया। चाचा और मेरा पही के पहाड़ों में छिप गये, परन्तु अन्त में मारे गये। (२७-२६/४५-४८)

अब चित्तौड़ का शासक राणा कुम्भा है, पर आज्ञा रिणमल की ही चलती है। चूँडा सीसोदिया जैसे बुजुर्ग मांडवे जा बैठ रहे, बाकी के चुपचाप सहन करते गये। अन्त में राठोड़ों का वर्चस्व समाप्त करने के उद्देश्य से महपा पँवार ने चूँडा लखावत को बुलवाया और रात में सोते हुए रिणमल की हत्या करवा

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

दी। जोधा तलहटी में घोड़ों के पास सोया था, जहाँ उसे छोकरी ने आवाज देकर सूचित किया तब वह अपने सवारों सहित वहाँ से भाग निकला। रिणमल पर आक्रमण होते समय भाटी सता, लूणकरण हमीर का, रिणधीर सूरावत तथा वीजा विक्रमादित्य काम आये। (२९-३०/४९-५०)

जब जोधा वहाँ से निकला तो भींव चूँडावत को वहीं छोड़ना पड़ा, क्योंकि वह शराब के अत्यधिक नशे में था। चित्तौड़ से ८-१० कोस पर राणा की फौज ने जोधा पर आक्रमण किया, जिसमें जोधा के २०० सवार मारे गये। कोस ३० पर फिर युद्ध हुआ, जिसमें कितने ही लोग काम आये। यों करते-करते सोमेश्वर के घाटे पर जब जोधा पहुँचा तो उसके पास केवल २००-२५० आदमी रह गये थे। उन्होंने बड़ी वीरता से राणा की फौज का मुकाबला किया और केवल ७ सवारों से जोधा को घाटे के पार उतारा। इस युद्ध में वरजांग भींवोत घायल होकर गिरा। उसे उठाकर राणा की फौज लौट गई। जोधा मण्डोर पहुँचा। वहाँ से अपना साज-सामान लेकर नापा सांखला के पास जांगलू चला गया। नापा सांखला की लड़की नोरंगदे जोधा को ब्याही हुई थी। (३१/५१)

अब जहाँ कोड़मदेसर तालाब है वहाँ रिणमल के बारह दिनों की रश्म अदा की। राणा ने मण्डोर पर अधिकार करने के लिए राव राघवदे सिंहमलोत आदि को भेजा। सहेसमल चूँडावत को अपना चाकर रखकर सोजत का पट्टा दिया। आका सीसोदिया, हींगोला आहाड़ा, नरवद सतावत, सता चूँडावत आदि जोधा को मार डालने के लिए प्रयत्नशील हुए। अलग-अलग थानों पर भी समुचित व्यवस्था की गई। जोधा विपत्ति के मारे इधर-उधर भागता रहा। १२ वर्ष तक हिम्मत रख कर उसने कष्ट सहे। दो बार नरवद ने जोधा पर चढ़ाई की और उसका सामान लूट लिया। (३२-३३/५२-५५)

इसी दौरान राव जोधा ने अपने भाई-बन्धों को शामिल किया और संगठित रूप में प्रयास करके धरती पर अधिकार करने का विचार किया। उस वर्ष अकाल पड़ा था, अनाज की बड़ी कमी थी। जब वे सोढी मूलवणी के यहाँ पहुँचे, तो मजीष्ठ डाल कर उसने उन्हें लपसी खिलाई। वहाँ से वे फलोदी कस्बे में हरभू के पास पहुँचे, जो बड़ा करामाती व्यक्ति था। उसने उनके आने से पहले ही भोजन की व्यवस्था करवा दी और उनके आते ही सर्वप्रथम भोजन की मनुहार की तथा

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

बहुत अच्छा भोजन करवाया। सभी लोग दंग रह गये। फिर जोधा ने हरभू से पूछा– आप में वड़ा चमत्कार है, आप भविष्य की बात जानते हैं, आप बताएँ कि हमारे दिन कब अनुकूल होंगे। हरभू ने कहा—आज से ही अनुकूल हैं, तुम अपना राज्य लेने का प्रयत्न करो। वहीं से जोधा अविलम्ब सेत्रावे गया और वहाँ से रावत लूणा की स्त्री के सहयोग से उसके १४० घोड़े लेकर मण्डोर पर चढ़ाई की। आका सीसोदिया और हींगोला आहाड़ मारे गये। मण्डोर पर अधिकार कर चौकड़ी तथा कौसाणे के थानों पर अधिकार किया। फिर सोजत, धणला आदि भी ले लिये। वहीं सोजत में अपने साथियों को बुलाकर विजयोत्सव मनाया। दो वर्ष तक सोजत में रहने के बाद मण्डोर में अपना स्थाई थाना रखा। (३३-३५/५६-५७)

फिर राणा कुम्भा उस पर चढ़ आया। जोधा के पास घोड़े बहुत थोड़े थे। वह १०,००० राठौड़ों को लेकर गाड़ियों में बैठ उसका सामना करने गया। राणा कुम्भा इस प्रकार मर मिटने के लिए उद्यत राठौड़ों को देख भाग खड़ा हुआ। जोधा ने गोडवाड़ का इलाका लूटा और जाकर पीछोला तालाब पर अपने घोड़ों को पानी पिलाया। चित्तौड़ को लूटा। समझौता करवाने वालों के बीच-बचाव से बबूलों वाली धरती जोधा के रही और आंवल वाली धरती कुम्भा के। जोधा ने रिणमल के बैर में सोजत व जैतारण दबा कर रख लिये। (३५-३६/५८)

राव रिणमल को मारने के बाद कुम्भा ने उसकी लाश उठाने नहीं दी। तब चाँदण खिड़िया ने बड़ी जोखिम उठाकर रिणमल का दाह-संस्कार किया और फूल गंगाजी में प्रवेश किये। जोधा तथा उसके वंशजों ने अनेक ग्राम इस उपकार के बदले में चाँदण तथा उसके बेटे पोतों को दिये। (३७/५९)

राव जोधा

राव जोधा पड़िहारों का भानजा था। पड़िहार जेसल राणा की पुत्री हंसाबाई का पुत्र था। संवत् १४७२ वैसाख सुद ४ बुधवार को इसका जन्म हुआ। संवत् १५१२ के करीब धरती पुनः प्राप्त की और संवत् १५१५ में चिड़िया टूंक पर किले की नींव दी। जोधा के पास ये परगने थे—जोधपुर, मेड़ता, सोजत, जैतारण, जाँगलू। यह भी कहा जाता है कि पूंगल के स्वामी राणगदे की पुत्री कोड़मदे चूँडा के बैर में रिणमल को ब्याही थी, उसका पुत्र जोधा था। (३८/६०-६१)

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

राव जोधा २६ वर्ष राज्य भोगकर संवत् १५४१ में स्वर्गवासी हुए। अपने भाइयों को इस प्रकार धरती बांटकर बसाया—

१. अखैराज रिणमलोत को सोजत की बगड़ी।
२. डूंगरसी रिणमलोत को भाद्राजून।
३. राठौड़ बाला भाखर के को खेरला।
४. राठौड़ रूप रिणमलोत को चाडी।
५. राठौड़ मंडला रिणमलोत को बीकानेर का सांदूड़ा।
६. राठौड़ करना रिणमलोत को लूणावास।
७. राठौड़ पाता रिणमलोत को करणू।
८. राठौड़ वैरा रिणमलोत को सोजत का दुधवड़।
९. राठौड़ जगमाल रिणमलोत के पुत्र खेतसी को नेतड़ां। (३८-३९/६२)

राव जोधा ने अपने पुत्रों को धरती इस प्रकार बांटकर दी—

१. सातल को जोधपुर।
२. नींबा कंवरपदे में मर गया।
३. भारमल व जोगा को कोढणा ऊहड़ों वाला।
४. सिवराज को पहले सिवाना दिया था फिर दूनाड़ा।
५. करमसी तथा रायपाल को नाहढ़सरा दिया। सलेहखांन ने इन्हें आसोप व खींवसर दिये। (३९-४०/६३)

राव सातल

राव सातल जोधावत संवत् १५४१ में गद्दी पर बैठा। ४ वर्ष राज्य करके १५४५ में देवलोक सिधारा। इसने मलूखां से कुसांणे में युद्ध किया था। वरसिंघ ने सांभर लूटी तब मलूखां चढ़ आया था। इस युद्ध में बरजांग भींवोत ने वड़ा काम दिया। सूजा घायल होकर गिरा। सातल की विजय हुई। सातल के कोई पुत्र न था, नरा सूजावत गोद था। नरा ने पोकरण पर खींवा लूंका को हटाकर अधिकार कर लिया था। फिर गोइंद नरावत पोकरण का अधिकारी हुआ।

(४०-४१/६४-६५)

राव गांगा

कुँवर बाघा सूजावत मांगलियों का भानजा था, परन्तु कँवरपदे में ही कालकलवित हुआ। राव गांगा बाघावत चहुवानों का भानजा था। इसे ईडर

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

से लाकर सरदारों ने संवत् १५७२ में गद्दी पर बैठाया। संवत् १५८८ में इसका स्वर्गवास हुआ। इसने स्वयं सेवकी में नागोर की फौज से युद्ध किया था। अनेक योद्धा इसमें मारे गये। ईडर को जब गुजरात के बादशाह ने दबा लिया, तो इसने राणा सांगा और वीरमदे मेड़तिया की सहायता से उसे मुक्त करवाया। (४१-४२/६६-६६)

राव मालदे

राव मालदे गांगावत देवड़ों का भानजा था। संवत् १५८८ जेठ सुदि ४ बुधवार को गद्दी पर बैठा। संवत् १६१६ कातो सुदि १२ को इसकी मृत्यु हुई। यह राव बड़ा प्रतापी व भाग्यशाली हुआ। इसने जोधपुर का गढ़ संवरवाया तथा खूब धरती जीती। इसने मेड़ता, नागोर, सांभर, बांवळ, मालपुरा, सांचोर, सिवाना, डीडवाना, जालोर, फलोदी, पोकरण, खाटू, जाजपुर, बधनोर, गोडवाड़, कोटड़ा, राधणपुर, वाहतखड़, बीकानेर, रायपुर, बाड़मेर, सलेमाबाद, भाद्राजून आदि स्थानों पर अपना अधिकार किया। अनेक किलों को गिरवाया और कई नये किले बनवाये तथा उनकी मरम्मत करवाई। (४२-४५/७०-७१)

इसने जैता पंचायणोत को टाकों की लड़की ब्याही तथा राव को हरसोळाव १२ गांव सहित देकर समझौता किया। १६१७ में देवीदास से समझौता कर जोधपुर में बसाया। संवत् १५९३ में सीरवी गोयंद को पकड़ा। १५९३ में जैसलमेर ऊमादे भटियाणी से शादी की और उसका रूठना १५९५ में हुआ। ऊमादे मेवाड़ के केलवे में रही तथा १६१९ में जब राव के स्वर्गवास का समाचार सुना तो सती हुई। मालदे का विवाह झाला जैत की लड़की सरूपदे से हुआ था। उसकी छोटी बहन भी बड़ी सुन्दर थी, उससे भी विवाह करने का प्रस्ताव मालदे ने किया। झाला माना नहीं, उसने चुपके से उसकी शादी राणा उदयसिंह से कर दी। इससे मालदे और उदयसिंह में बैर-भाव बढ़ा। राव ने गोढ़वाड़ में अपने थाने बैठाये तथा कुम्भलमेर पर भी चढ़ाई की, परन्तु सफलता न मिली। (४७-४८/७३-७६)

बालीसा सूजा सांवतोत एक बार राणा उदयसिंह से रूठकर जोधपुर आ बसा। मालदे ने उसका बड़ा स्वागत किया। राणा से मालदे का विरोध था ही, उसने राणा पर जब फौज विदा की तो सूजा को उसके साथ जाने को कहा। सूजा ने मना कर दिया, परन्तु अधिक दबाने पर आगे के प्रबन्ध की

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

जिम्मेदारी के बहाने वह रवाना हुआ और राणा से जा मिला। राणा ने आदर सहित उसे नाडूल की जागीर १२ गांवों से दो। अब तो मालदे सूजा से बड़ा रुष्ट हुआ। उसने अपने प्रसिद्ध सरदार बींजा, नगा, धना आदि को बुलाकर सूजा से वैर लेने को कहा। ये ५०० सवारों से नाडूल गये और कुछ सिपाहियों को गांव की गायें घेर लाने को भेजा। सूजा को खबर मिलते ही वह समझ गया कि यह कोई चाल है। उसने अपने सभी लोगों को शामिल कर पीछा किया। बींजा, धना काम आये। नगा को लोगों ने वहाँ से निकाला। उसने भी बड़ा पराक्रम दिखाया था। (४८-५१/७७-८०)

संवत् १६१३ में जब राणा उदयसिंह और हाजीखां के बीच युद्ध हुआ तब राठौड़ देवीदास ने सूजा को बींजा, धना का बैर याद दिलाते हुए ललकार कर उसे मारा। (५२/८१)

राव मालदे के कुल ८ लड़कियाँ हुई थीं। उनका विवाह इस प्रकार किया—सजना जैसलमेर के रावळ हरराज को, कनकावती (नोरंगदे) गुजरात के बादशाह महमद को, पोहपावती हलवद के राणा आसकरण को, हंसाबाई लूनकरण सेखावत को, रतनावती बाई हाजीखां को, बाल्हाबाई अमरकोट के सोढा वरसिंघ को, राजकुंवर बूंदी के हाडा सुरतांण को, एक लड़की बाघव के बाघेले सरदार को। (५२-५३/८२-८३)

मालदे का प्रताप सुनकर बाहरठ आसा दीतावत आया था। उसने कुँवर चंद्रसेन की प्रशंसा में गुण चौरासी रूपक लिखा। उन्हीं दिनों राव ने नागोर पर अधिकार किया था। खांन के दिये दो गांव नागोर परगने के आसा के पास थे। मालदे ने कहा कि खांन के दिये हुए सांसण नहीं माने जायेंगे, इनके बदले या तो दूसरे गांव ले लो या उनको हमारी तरफ से दान-स्वरूप स्वीकार करो। तब आसा ने धरणा दिया और अपने गले पर कटारी से घाव किये। ऊमादे भटियाणी ने अपने पास रख कर इनका इलाज करवाया और स्वस्थ होने पर सीख दी। ऊमादे सती हुई तब आसा ने कवित्त कहे। (५३-५४/८३-८४)

मालदे ने पंचोली अभा को २ गांव नंदवाण, नहेड़वा दिये थे। रावळ मेघराज को महेवा के अतिरिक्त जोधपुर के तीन गांव झत्रर, बावळली, आगोळाई दिये गये थे। भाटी राव जेसा पूंगलिया चढ़ आया, उस युद्ध में ५ बड़े सरदार राव के काम आये। राठौड़ अचला पंचायणोत ने नागोर की प्रोल के लोहे के

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

दरवाजे लाकर जोधपुर के किले में चढ़ाये। फिर अचला नागोर में ही काम आया। नागोर में भाटी दुरजण जोधावत तथा राव जोगा सदावत भी काम आये थे। (५४-५५/८६-८७)

राव मालदे के इतनी रानियाँ थीं—सरूपदे झाली, ऊमादे भटियाणी, अरघां झाली, हीरां झाली, रंभावती हाडो, लाछळदे कछवाही, जमन टांकणी, लाछ आहाड़ी, जामवाली, सोनगरी, धारबाई भटियाणी, भांण, चहुवाण, जादम, सोढी, जसड़। (५५-५६/८८)

संवत् १६०० में वीरमदे तथा राव कल्याणमल बीकानेरिया सहसराम के मारफत शेरशाह के पास फरियादी होकर गये। राव को खबर लगी तो वह भी ससैन्य मुकाबला करने चला। गिरटरी और समेल दो पहाड़ियों के बीच युद्ध हुआ, जिसमें जैता कूंपा आदि १९ सरदार काम आये। जोधपुर शेरशाह की फौज आई तब अचळा सिवराजोत, तिलोकसी बरजांगोत ऊदावत, भाटी मालो जोधावत (समेल में घायल हो चुक था) राव पतौ दुरजणसालोत, चरड़ो अरकमल चूंडा रौ, भा. सांकर सूरावत (गढ़ पर छतरीहै) आदि काम आये। बादशाह सूरशाह ने किले पर मस्जिद बनवाई। (५६-५८/८८-८९)

संवत् १६१० में वैसाख वदि २ को मालदे ने मेड़ता पर चढ़ाई की। जैमल मेड़तिया ने वाहर आकर जबरदस्त युद्ध किया। राव को लौटना पड़ा। राठौड़ पृथ्वीराज जैतावत आदि १४ सरदार काम आये। राठौड़ जैमल के अखैराज भादावत आदि ६ सरदार काम आये। (५९-६०/९०-९१)

हरमाड़ा के युद्ध में राव ने १५०० सैनिकों की सहायता हाजीखां को दी थी। उधर राणा उदयसिंह के साथ कल्याणमल वीकानेरिया ईडर, बाँसवाड़ा, देवलिया, डूंगरपुर आदि के शासक तथा मेड़तिया जैमल थे। हाजोखां जीत गया। जैमल के आदमी मेड़ता खाली कर बधनोर चले गये। मालदे ने जैमल की कोटड़ी गिरवायी तथा आधा मेड़ता जगमाल वीरमदेओत को दिया। जयमल फिर बादशाह से सहायता प्राप्त करने गया। सफरदीन मुगल फौज लेकर आया। मालकोट में रहकर देवीदास ने मुकाबला करने का दृढ़ निश्चय किया। मालदे ने उसे गढ़ खाली कर देने को कहा और चंद्रसेन आदि को भेज कर बुलवाया। पर उसने गढ़ खाली नहीं किया और युद्ध किया। बुर्ज उड़ जाने पर किले से

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

निकला तब सफरदीन ने पीछा किया। गांव सातलवास के पास युद्ध हुआ। राव देवीदास ४० योद्धाओं सहित काम आया। (६०-६३/९२)

बादशाह सूर का थानायत हाजी अली फतेखांन पीपलरण के पहाड़ों में मालदे पर ५००० पठानों से चढ़ आया। मालदे के २००० योद्धा थे। मालदे ने युद्ध जीता। आदमी ४०० काम आये। अनेक सरदार भी काम आये तथा घायल हुए। (६३/९३)

संवत् १६०४ में डूंगरसी से मालदे ने फलौदी ली। १६०७ में पोकरण सातलमेर राव जैतमाल से ली। बाड़मेर कोटड़ा लिया। तब रावत भींवा जैसेलमेर से हरराज को मदद के लिये लाया। बाड़मेर के थाने से रतनसिंघ खींवावत आदि को सामान छोड़कर भागना पड़ा। (६३-६४/९४)

तब कंवर रायमल तथा पृथ्वीराज जैतावत आदि को मण्डोर से फौज देकर मालदे ने जैसलमेर पर विदा किया। उन्होंने जैसलमेर के बगीचों का नुकसान किया और शहर में लूट-पाट की। रावळ ने गढ़ का आश्रय लिया। राव का चाकर भाटी मूळा नीबावत वहाँ काम आया। (६४/९५)

संवत् १६१६ में आसोज वदि ७ को रावजी की ओर से देवीदास जैतावत, राठौड़ पता, वाला नेतावत ने जालोर का गढ़ लिया। मालक बूढण निकल भागा। चंद्रसेन गढ़ पर चढ़ा। राव जेसा पूंगलिया जब फलोदी पर आया तब राव की सेना के भाटी किसना नीबावत आदि ६ योद्धा काम आये। (६४/९५)

(६५/९७-१०१) पूर्वोक्त वृत्तांत ही यहाँ संक्षेप में दिया गया है।

राव चंद्रसेन

राव चंद्रसेन मालदेवोत झालों का भानजा था। संवत् १५९८ सांवण सुद ८ को जन्म हुआ। संवत् १६१९ में गद्दी पर बैठा और संवत् १६३७ को स्वर्गवास हुआ। मालदे का जब स्वर्गवास हुआ तब चंद्रसेन सिवाने में था। वहाँ से जोधपुर आया। उसकी माता झाली उदयसिंह को फलोदी दिलवाकर फिर सती हुई। (६५-६६/१०२-१०३)

गद्दी पर बैठते समय इतनी धरती चंद्रसेन के पास थी—जोधपुर, सोजत पोकरण, सिवाना, जालोर। जोधपुर संवत् १६२२ में उससे छूटा और फिर सभी परगने हाथ से निकलते गये। (६६-६७/१०४-१०५)

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

संवत् १६२० जेठ सुदि १२ को हसनकुलीखां को राव राम चढ़ाई के लिये लाया। तब उसे सोजत देने का वायदा चंद्रसेन ने किया। संवत् १६२१ चैत सुदि १२ को फिर मुगल चढ़ आये। चंद्रसेन ने जोधपुर का किला सजाया। ६ महीने तक किसनदास गांगावत, करनोत आदि ने गढ़ में मुकाबला किया। मुगल-सेना अधिक होने से चंद्रसेन बातचीत करके संवत् १६२२ मंगसर सुदि १० को गढ़ खाली करके भाद्राजून चला गया। सो० मानसिंघ, राव पतो नगावत, रा० तिलोकसी कूंपावत साथ में गये। (६७-६८/१०६-७)

एक बार बीकानेर के राजा रायसिंघ को बादशाह ने संवत् १६३१ से डेढ़-दो वर्ष के लिये जोधपुर दिया। कुंवर दलपत यहाँ काँच के महल से गिर पड़ा था, परन्तु बच गया। (६८/१०८)

संवत् १६२४ माह सुदि १० को गढ़ जोजावर के पास इसमाइलकुली को राव लखमण भदावत ने लूटा। खूब माल-असबाब हाथ लगा। कई मुगल मारे गये। हाथी ४ हाल थगे। (६८/१०६)

संवत् १६२५ में चंद्रसेन ने सुरज हाड़ा की पुत्री के साथ रणथम्भोर में शादी की। संवत् १६२७ में बादशाह अकबर अजमेर के ख्वाजा की मनौती के लिये आया। राव चंद्रसेन ५०० सवारों से बादशाह से मिलने को भाद्राजून से रवाना होकर नागोर आया। इसी समय उदयसिंह भी आया। कुंवर उगरसेन व रायसिंघ बादशाह के पास रहे। (६६/११०-१११)

संवत् १६२६ में जब राणा उदयसिंह को जैसलमेर वालों ने अपनी लड़की नहीं दी, तो भाद्राजून में चंद्रसेन ने अपनी लड़की करमेती की उससे शादी की। (६६/११२)

संवत् १६२७ मे चंद्रसेन भाद्राजून छोड़कर सिवाना में पीपलण के पहाड़ों में आ बसा। उस समय कलाखांन ने चढ़ाई की तब रा० देस पातलोत ने राव के हुक्म से युद्ध किया। लूनी नदी तक सीमा निश्चित हुई। (६६/११३)

संवत् १६२६ में चंद्रसेन अपने आदमियों सहित काणूजे आकर रहा। रतनसी खींवावत के लड़के उन दिनों मुगलों से संधी करके आसरलाई रह रहे थे। इन्हें चंद्रसेन ने अपने पास बसने के लिये कहा। उन्होंने स्वीकार नहीं किया। राव ने उन पर चढ़ाई की। ऊदावत बड़े नाराज हुए। उधर जोधपुर के बनियों

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

से रावजी ने कुछ सहायता मांगी थी वह उन्होंने नहीं दी और लूंकड़, संखलेचा, भंडसाली मुगलों को राव पर चढ़ा लाये। इस समय रावत पंचायण ने खूब सेवा की। (६६-७०/११४)

संवत् १६३१ के लगभग राव मेवाड़ के मुडाड़े ग्राम में जा रहा। उदयसिंह की कन्या चांदा सीसोदणी से राव की शादी हुई थी, उसके पट्टे में यह गांव था। फिर सिरोही के कोरटा ग्राम में डेढ़ वर्ष तक रहा। १६३२ में पोकरण का कोट राव के आदमियों ने भाटियों को सौंपा। संवत् १६३२ में पता के सिवाने गढ़ में गोली लगी। राव के आदमी मुगलों को गढ़ सौंप कर उसके पास मुडाड़ा आ गये। (७०-/११५)

संवत् १६२६ में सोजत के मालिक राव राम की मृत्यु हुई। उसका लड़का करन बढ़े-बूढ़ों की सलाह की परवाह नहीं करता था। तव राम के छोटे लड़के कला का पक्ष आसकरण तथा महेश कूंपावत ने लिया तथा वे बादशाही चाकर पृथ्वीराज कूंपावत के पास कला को टीका दिलवाने की सिफारिश लेकर गये। पृथ्वीराज ने उन्हें आश्वस्त किया और बादशाह अकबर को कहकर सोजत कला को दिलवाई और ६० गांवों से सुराइता करन को दिलवाया। पृथ्वीराज की वसी के लिये उसे खैरवा देने का वायदा उन्होंने किया था, पर वे आते समय पृथ्वीराज से मिले ही नहीं। तब अवसर देखकर पृथ्वीराज ने खैरवा जोधपुर परगने के अधीन करवा दिया। (७१/११६)

एक बार कला बादशाह के दरबार में गया। वहाँ एक हुरम से उसका प्रेम हो गया। जब बादशाह को मालूम हुआ तो उसे मारने का हुक्म बादशाह ने दिया। वह सोजत से भाग कर डीघोड़ आया। शेख इभराइम ने उसे फुसला कर नाडुल बुलाया और वहीं धोखे से मार डाला। इस प्रकार सोजत का स्थान रिक्त देख सादूल महेसोत तथा आसकरण आदि ने डूंगरपुर से चंद्रसेन को बुलवाया। (७२-७३/११७)

राव चंद्रसेन ने सिवराड़ में जब मुगलों से युद्ध किया था तो संवत् १६३५ में ऊहड़, जैमल नैतसियोत अदि १२ प्रसिद्ध योद्धा काम आये। (७२/११८)

मोटा राजा के अधिकार में जैतारण के ६५ गांव थे। जब उसकी मृत्यु हुई तो बादशाह ने उसके लड़कों में उनका बँटवारा इस प्रकार कर दिया—

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

२८।। सगतसिंघ उदैसिंघोत को, १८।। राव दलपत उदैसिंघोत को, ११ राव भोपत उदैसिंघोत को, ३ राव माधोसिंघ उदैसिंघोत को, ३ राव मोहणदास उदैसिंघोत को। (७३-७५/११९)

राव कल्याणदास रायमलोत पर, कुंवर भोपतसिंघ के साथ मोटा राजा ने जब फौज भेजी तो उसने संवत् १६४६ मंगसर वदी ७ को गढ़ के घेरा दिया। मंगसर वदि ७ को गढ़ ले लिया। इस युद्ध में ७ उदयसिंह के सरदार और ११ कल्याणदास के सरदार काम आये। उदयसिंह स्वयं भी वहाँ आया। संवत् १६४० में अकबर ने उदयसिंह को जोधपुर दिया था। (७५-७६/१२०-१२१)

मोटा राजा उदयसिंह

उदयसिंह मालदेवोत तथा चंद्रसेन सगे भाई थे। संवत् १५८४ माघ सुदि १२ का जन्म, तथा १६४० में जोधपुर की गद्दी पर बैठा। संवत् १६५१ आसाढ़ वदि १ को लाहोर में इसकी मृत्यु हुई। प्ररम्भ में इसका मनसब ८०० सवारों का था। जोधपुर से दो तफे अलग थे—१ आसोप भांण कूंपावत को था, २ बीलाड़ा बाघ पृथ्वीराजोत को। १६४६ में नवाब खांनखांना मुदफर पर चढ़ाई को जा रहा था, तब इसे सोजत दिलवाई। (७६-७७/१२२-१२३)

सिवाना कल्याणदास से लिया था। कोटा १६५० में गोपालदास मांडणोत फौजदार से लिया। समावली बादशाह ने दी थी, वह ग्वालियर से नजदीक है। सातलमेर—पोकरण भी बादशाह की ओर से जागीर में लिखी गई थी, परन्तु वहाँ अमल-दस्तूर नहीं हुआ। (७७/१२४)

कुंवर सूरजसिंघ भाटी गोयंददास पर बड़ा कृपालु था। तुंवरों की वासणी उसके पट्टे में थी। आसोप का एक काम देकर उदयसिंह ने उसकी परीक्षा ली। आखिर वह काम करके आया। (७७-७८/१२५)

रायसिंघ ने चन्द्रसेनोत का बैर लेने को सिरोही पर चढ़ाई की। पता तेगा सुरावत को धोखे से मारा। संवत् १६४४ में वरसल पृथ्वीराजोत के कहने से देवड़े आये, उन्हें भी समाप्त किया। तब वरसल गुजरात में नवाब खांनखांना के पास चला गया। (७८/१२६)

राव राम व कला के समय में चारणों तथा ब्राह्मणों ने बहुत से गांव दान में ले लिये थे। संवत् १६४३ में जोधपुर परगने के १५ गांव तथा परगने

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

सोजत के ३५ गाँव उदयसिंघ ने जब्त किये। दुरसा आढा अखा बारहठ के पास आया, अखा ने उसको सहयोग दिया। मोटाराजा उस समय गुजरात को जाते समय सोजत ठहरा, वहाँ चारणों ने काजेसर महादेव पर तागा (आत्महत्या करने के लिये प्रयास) किया। बारहठ अखा ने आत्महत्या की तथा दुरसा अढा ने भी घाव खाये पर बच गया। (७८-७९/१२७ तथा १३१)

संवत् १६४४ में मोटाराजा सिरोही गया तब जामबेग साथ था। देवड़ों को छल से मारा। फिर जामबेग को बीजा को मारने के लिये भेजा, वहां जामबेग का भाई घायल हुआ। (७९-८०/१२८)

फलोदी परगने के लोहावट ग्राम में एक लड़ाई चंद्रसेन और उदयसिंघ के बीच हुई। उदयसिंघ का चाकर गोपालदास पृथ्वीराजोत इसमें घायल हुआ। मोटाराजा के हाथ की बरछी चंन्द्रसेन के लगी थी और रावळ मेघराज के हाथ की बरछी मोटाराजा के लगी। राव जसवंत डूंगरोत, राव जैतमल जसवंतोत, तिलोकसी कूंपावत, रावळ मेघराज, राठौड़ पृथ्वीराज कूंपावत, सो. मानसिंघ, राव पतौ नगावत आदि चन्द्रसेन की ओर थे। यहाँ युद्ध में कोई १२ योद्धा काम आये। (८०-८१/१२९-१३०)

मोटाराजा ने परगना जोधपुर, सिवाना और सोजत पाये थे। जैतारण के गांव ६६५ मोटाराजा को थे और गांव ७२ गोपालदास को। मालदे की मृत्यु होने पर झाली स्वरूपदे ने मोटाराजा को फलोदी दिलवाई थी। फलोदी में दोनों भाई मोटाराजा और चंद्रसेन के लड़ाई, कहते हैं गंधाणी के हासल के प्रश्न को लेकर हुई थी (युद्ध का वृत्तांत पहले आ चुका है)। (८३/१३२-१३३)

केलण भाटियों और मोटाराजा के बीच एक लड़ाई घोड़ों की कतार को लेकर हुई। उन दिनों मोटाराजा के फलोदी थी और बीकूपुर का मालिक राव डूंगरसी था। डूंगरसी ने अपने भाई भा० भानीदास को बीकानेर के पास ठहरी हुई घोड़ों की कतार को अपनी सीमा में से निकलने के लिये इधर ले आने को भेजा जिससे उसे आमदनी हो, उधर मोटाराजा ने भी अपने सरदारों को १०० सवारों के साथ उन्हें बुलाने को भेजा। भानीदास ने पहले ही पहुँचकर उन्हें अपने साथ रवाने कर लिया था। इस पर मांडणसर नामक स्थान पर भा० भानीदास को उदयसिंह के आदमियों ने घेरकर मार डाला। इस पर

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

बैर-भाव बढ़ा। भाटियों ने उदयसिंह को मालदे का पुत्र समझकर काफी लिहाज किया। आखिर भा० किसनसिंघ के प्रयत्न से समझौते को बोरनाडो के पास दोनों पक्ष आये। परन्तु उदयसिंघ के मन में भाटियों के कम आदमी देखकर कपट आया, डूंगरसिंह का घोड़ा लेने की जिद्द की तथा नरा की जाल के पास परगने की सीमा निश्चित करने को कहा। भाटियों ने अवसर देखकर स्वीकार कर लिया और लिखावट के लिये भी तैयार हो गये। जैसे तैसे लिखावट कर दी। राजा दिनोंदिन जोर पकड़ता गया। भाटियों ने अपने प्रधान को भेज कर उसे बहुत समझाया कि वह उनके गांव लेने की जिद्द न करे। परन्तु भाटियों को दबा हुआ देखकर उसने उन पर चढ़ाई कर दी। डूँगरसी सामना करने को कटिबद्ध हुआ। जोधपुर थाने के थानेदार नासीरदी ने ६०-८० तोपची मोटाराजा की सहायतार्थ भेजे। मोटाराजा ने ५००-७०० आदमियों से चढ़ाई की पर युद्ध में भाटी जीते। मोटाराजा के २१ आदमी काम आये और भाटियों के ४ प्रसिद्ध योद्धा काम आये जिनमें भाटी काना किसनावत भी था। मोटाराजा भागकर फलोदी आया, भाटी कुण्डल में ही ठहरे और धरती लूटी। (८४-८८/१३४-१३७)

संवत् १६३१ में मोटाराजा से हटाकर अकबर ने फलोदी भाटी भाखरसी हरराजोत को दी। फलोदी जाते समय उदयसिंघ बीकूंकोहर डूंगरसी के पास ठहरा तब डूंगरसी ने अपनी लड़की उसके पुत्र अखैराज को ब्याही। (८८/१३८)

मोटाराजा ने जोधपुर पर ११ वर्ष राज्य किया परन्तु जीतेजी भाटियों के इस बैर का नाम न लिया। मोने हरराजिये ने संवत् १६४१ में मोटाराजा के १६ आदमी मारे थे तब सूरजमल खींवावत भी घायल हुआ था। समावली की लड़ाई में मोटाराजा की पुत्री धनाबाई ने, जो नागोर के चिरमखान को ब्याही थी, इसकी सहायता की थी। वहाँ गहलोत अचला धरमावत पूरबिया जामणी आदि काम आये थे। १६४० में राजपीपले की लड़ाई में भाटी गोयंददास मानावत का सगा भाई सादूल सोर से जलने के कारण मारा गया। (८९/१३९-१४३)

रायसिंघ चद्रसेनोत संवत् १६४० में काती सुदि ११ को सिरोही में मारा गया था। तत्पश्चात् नवाब ने उदैसिंघ को सोजत दी। उसने परिवार को जोधपुर ही रखने की व्यवस्था की। (८९/१४४)

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

मोटाराजा जब गुजरात को रवाना होने लगा तब आसकरन देवीदासोत को काम सौंपने के लिये कई अधिकारी भेजकर बुलाया पर वह आया नहीं, तब कुंवर सूरजसिंघ खुद बुलाकर लाया और अपने पट्टे के लिये उसने खाली पन्ने पर दस्तखत करवाकर मंगवाये तथा उसे पट्टे में निम्न गांव दिये गये—३४ गांव परगने जोधपुर के, ३१ गांव परगने सोजत के। इस प्रकार कुल ६५ गांव ११४६००) की रेख के दिये। (९०/१४५)

राजा सूरजसिंघ

यह कछवाहों का भानजा था। संवत् १६२७ बैसाख वदि ६ मंगलवार को जन्म हुआ। संवत् १६५१ आषाढ़ वदि १३ बुधवार को बादशाह से मिला और संवत् १६७६ भादवा सुदि ९ को मेहकर में स्वर्ग सिधारा। १६५२ में जोधपुर आकर गद्दी पर बैठा। ८ दिन जोधपुर रहकर गुजरात की ओर चला, रास्ते में सुरतांण से दण्ड वसूल किया। (९०/१४६)

बादशाह एक बार जब काश्मीर में था तब अन्य कोई उमराव पहुँचा नहीं। तब भाटी गोयंददास के साथ कुंवर सूरजसिह एक प्रहर रात गये वहाँ पहुँचा। बादशाह से मुजरा किया। वह बहुत प्रसन्न हुआ और उसे खासी ड्योढी का चौकी पर रहने का अवसर दिया। इस प्रकार बादशाह उससे खुश था, अतः उदयसिंह के मरते ही उसे टीका दिया। मोटाराजा की मृत्यु हुई उस समय उसने ४ उमरावों को निकाल दिया था तब राजा सूरजसिंघ से कहकर भाटी गोयंददास ने उन्हें रखवाया, ये सरदार थे—राव रामदास ऊदावत, जसवंत मानसिंघोत सोनीगरो, राठौड़ नराणदास पातावत। (९२/१४७)

संवत् १६७४ भादवा सुदि ९ जालोर का गढ़ बादशाह की ओर से राजा सूरजसिंघ को मिला। कई बिहारी काम आये तथा उदैसिंघ के तीन योद्धा-साहणी रायसिंघ, मांगळियौ सरणावत, नायक खान मेहमद मारे गये। सांचोर संवत् १६७४ में लिया। (९४/१४८)

परगना फलोदी संवत् १६२७ में राजा को मिला। सूरजसिंघ की मृत्यु पर सलकसिंघ सूरजसिंघोत को दी गई। पोकरण सातलमेर बादशाह की ओर से ५७५०००) में जागीर में लिखा जाता था, पर वहाँ इनका अमल नहीं हुआ। (९४/१४९)

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

एक बार राजा ने जोशी देवदत्त, राव चांदो वीरमोत, तेरवाड़ा-मेरवाड़ा के बारे में अर्ज करने को बादशाह के दरबार में भेजा। वहाँ उनका अमल नहीं हुआ था, इसलिए फैसला करवाना था, परन्तु बात बनी नहीं। यह परगना ६३,०००) में इनके नाम लिखा हुआ था। लूणा दासावत उसके थाने पर था, वह वहीं काम आया। संवत् १६७४ में मु० राम के हवाले सांचोर के शामिल हुआ। गुजरात के बड़नगर में मु० जैमल जेसावत था। खेरालू गुजरात का पहले भा० जैमल मानावत को था फिर संवत् १६७२ में मु० रामा को सौंपा। गांव ११० का मुकाता रु० ४०,०००)। रतलाम भाटी ईसरदास हरदासोत को रु० १,००,०००)। पीसागण सांवळदास किलांणदासोत के पटे २०,०००)। रजणी गुजरात की भैरवदास हाकिम। दक्षिण में बौरगा तथा राजौरो की जागीर थी।

(६४-६५/१५०)

राजा सूरजसिंघ पूरा पंचहजारी नहीं हुआ। संवत् १६७५ काती सुदि १५ को जब वह बीमार हुआ तो ५०० सवारों के ईजाफे का हुक्म फरमान में आया था, पर जागीर नहीं पाई। (६५/१५१)

१६७६ भादवा सुदि ६ को जब सूरजसिंघ का स्वर्गवास महकर के थाने पर हुआ तब उसकी रानी अहाड़ी और कुंवर सबळसिंघ वहाँ थे। श्री गजसिंह को मनसब में बादशाह ने जोधपुर, जेतारण, सोजत, सिवाना दिये थे। सबळसिंघ को दाम २,७०,००० में फलोदी दी गई। राजा गजसिंघ जब बुरहानपुर आया तो उसने रानी अहाड़ी को समझाया कि मोटाराजा की मृत्यु पर सूरजसिंघजी ने किसनसिंघ को जो बंट दिया था उतना बंट मैं सबळसिंघ को दे रहा हूँ तुम लोग व्यर्थ में दिल्ली क्यों जाते हो, पर वह सबळसिंघ को लेकर दिल्ली गई। राजा भींव से बादशाह ने इस बाबत राय ली तो उसने और कुछ हक नहीं बताया, तब बादशाह ने रु०-२०,००० दिलवाये। (६५-१५२/१५३)

सोजत संवत् १६५६ में सकतसिंघ उदैसिंघोत को हुई। एक साल रही। फिर राणे अमरसिंघ ने मालपुरा लूटकर गांव सेखावास डेरा किया तब उतरी। जैतमालोत को सोजत हुई तब वह छापले आया। भा० मान ने राजाजी के बिना आदेश ही अमल दे दिया (अधिकार करवा दिया) तब राजाजी ने भण्डारी माना के साथ फौज भेजी। रा० भाण ने ६०० सवारों से रात को हमला किया था।

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

फिर राठौड़ सघतसिंघ आया। संवत् १६६४ में सोजत करमसेण उग्रसेनोत को हुई। संवत् १६६५ में फिर सूरजसिंघ को हुई तब भा० गोयंददास मानावत छापले आया। करमसेन को सोजत मोहबत खान ने इसलिये दिलवाई थी कि राणा पर चढ़ाई करने को जब उसे भेजा, तो राणा के बहुत से लोगों को मारवाड़ में शरण मिल गई थी। जब सूबा अब्दुलाखान को हुआ तब भाटी गोयंददास ने उससे मिलकर ११ थानों पर अधिकार किया व सोजत ली।

(६५-६६/१५४-१५६)

संवत् १६५८ में जेठ वदि ७ को दक्षिण में अंबरचंपू और राजाजी के युद्ध हुआ तब राजाजी की विजय हुई। इसमें उनके मुख्य सरदार भा० वैरसी रायमलोत, राव भाण संसारचंदोत आदि काम आये। इस विजय के उपलक्ष में बादशाह ने आधा मेड़ता दिया। संवत् १६६३ राव भोपत उदैसिंघोत को पंवार सादूळ मालदेवोत ने मारा। संवत् १६६८ में पंवारों का बैर समाप्त हुआ। (६६/१५६)

जब महाराजा सूरसिंह दक्षिण की चढ़ाई पर था तब भा० गोयंददास ने बादशाह से अर्ज करके उसे दरबार में बुलवाया। बादशाह ने राजाजी को अपने देश जाने की स्वीकृति दी। उन दिनों गोयंददास मेहकर थाने पर रहता था। सूरजसिंह ने बादशाह से निवेदन किया कि मैं अपने राज्यकार्य की पूरी जानकारी नहीं रखता। भाटी गोयंददास के बिना मैं अपने राज्य को जाकर क्या करूं, क्योंकि वही मेरे सब प्रशासन का आधार स्तम्भ है। इस पर बादशाह ने गोयंददास को भी दरबार में बुलाया और आधा मेड़ता तथा जैतारण के परगने जागीर में और दिये। संवत् १६६१ आषाढ़ बदि ८ को ये जोधपुर आये। (६७-१५७)

संवत् १६६२ बादशाह जहांगीर ने राजाजी को गुजरात का सूबा दिया। ये रवाना होकर मांडवा के पास पहुँचे, वहाँ अपनी फौज को दो भागों में विभक्त कर मांडवा पर चढ़ाई की। एक अणी (टुकड़ी) का सेनानायक गोयंददास था और एक का सूरजमल जैतमालोत। वहाँ इन्होंने गांव लूटे और दुश्मन भाग खड़े हुए। अनजान जगह होने पर भी इन्होंने पीछा किया, फिर झाड़ा केतू पर मुकाबला हुआ। राजाजी के सूरजमल जैतमालोत चांपावत सहित २३ योद्धा काम आये। (६७-६८/१५८)

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

जोसी चंडू दामोदर के टीपणे में भी इन प्रमुख घटनाओं की संक्षिप्त विगत है। (९९/१५९)

संवत् १६६९ में भाटी सुरताण मानावत को राठौड़ सुंदरदास, सूरसिंघ रामदासोत, नरसिंघदास कल्याणदासोत, राठौड़ गोपालदास भगवानदासोत ने मिलकर मार डाला। उसने मरते-मरते सुंदरदास और सूरसिंघ को मार डाला। गोपालदास घायल होकर निकला, जिसे भा० गोयंददास और कुंवर गजसिंघ ने मारा। (९९/१६०)

संवत् १६७१ जेठ सुदि ९ को अजमेर में किसनसिंघ उदैसिंघोत राठौड़ करन सूरजसिंघ के डेरे पर आये और भाटी गोयंददास को मारा। राठौड़ किसनसिंघ और करन भी वहीं मारे गये। राजाजी के १८ लोग मारे गये, कई घायल हुए, २६ आदमियों सहित किसनसिंघ मारा गया। (९९-१०१/१६१)

यह घटना होने के पश्चात् एक बार बादशाह ने राजाजी को देश जाने की छुट्टी दी। दो महीने रहने के बाद उन्हें बुला भेजा। अजमेर पहुँचने पर बादशाह ने उन्हें आश्वस्त कर दक्षिण की चढ़ाई पर भेजा। उनके डेरे पीसांगण हुए। कुंवर गजसिंघ तथा राजसिंघ खींवावत को वापस देश भेजा। काम का जिम्मा लूणा को दिया। (१०१/१६२)

भण्डारी माना रायसिंघ चंद्रसेनोत के पास सोजत में था। १६४० में जब जोधपुर आया, तो इसे देश का काम सौंपा गया था। १६५१ के लगभग वलूंदे होता हुआ बीकानेर गया, फिर चांवड जाकर राणा से मिला। १६५२ में जब सूरसिंघ गद्दी पर बैठा, तो उसने भण्डारी लूणा को भेजकर उसे सादर बुलाया और देश का काम सौंपा। (१०१-१०२/१६३-१६४)

संवत् १६७२ में नागोर परगने के तीन गांव दबा लिये गये थे। फिर नागोर आसपखान को हुआ तब भण्डारी लूणा नागोर जाकर गजसिंघपुरा सालाना ३,१००) के मुकाते पर ले आया तथा आसोप के तफे के शामिल कर लिया। (१०२/१६५)

संवत् १६७४ को भादवा सुदि ९ कंवर गजसिंघ ने जालोर का गढ़ जीता। राव दयालदास गोपालदासोत, भा० गोपालदास आसावत को वहाँ का फौजदार किया। सिरोही के राव राजसिंघ सुरताणोत ने इनसे बात की कि देवड़ा

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

पृथ्वीराज देवल के पहाड़ों में घुसा बैठा है, इसे निकालने में सहायता दें तो राजाजी को कोरटा १४ गांवों से दे देंगे। इन्होंने पृथ्वीराज को निकाल दिया। वार्षिक आय १३,०००) आई। अगले वर्ष आय नहीं दी। १६७५ में १४ गांव कोरटा सहित दिये। (१०२-१०३/१६६)

भाटी गोयंददास के मारे जाने के पश्चात् सूरजसिंह ने रावळ तेजसी दूदावत से ३ गांव, हाथी १ तथा रु० ५००० लिये थे। भाटी गोयंददास मानावत राजाजी के बदले दक्षिण में रहा और राजाजी दिल्ली रहे। उस समय गोलकुंडा का बादशाह अपनी बेटी का डोला शाहजादा दानशाह के लिये भेजना चाहता था, पर बीजापुर दौलताबाद के बादशाह ने रोक रखा था तब गोयंददास जाकर डोला ले आया। १६५८ के लगभग वह मुजरे का अधिकारी हुआ। (१०३/१६७-१६८)

जोशी देवदत्त पोकरणा बड़ा आदमी था। सूरसिंघ ने उसे देश की दिवानगी १६७२-७३ में दी थी। वह रु० ६-७ हजार की तनख्वाह पाता था। दो वर्ष तक गजसिंह के समय में भी रहा। (१०३/१६९)

संवत् १६६९ में कुंवर गजसिंघ जोधपुर था, गोयंददास नाडुल के थाने पर था। राणा अमरसिंघ अमराई के पहाड़ों में था। राणा ने २००० सवार भेजकर अहमदाबाद से आगरे जाती हुई कतार को लूटने का प्रयास किया, परन्तु कतार को खबर हो जाने से वह निकल गई। फौज दूनाड़े के पास आकर लौटने लगी तब भाटी गोयंददास ४०० सवारों से आउवा के पास उन पर चढ़ आया। राणा के २००० आदमी भाग गये। (१०३-१०५/१७०)

राजा गजसिंघ

राजा गजसिंघ कछवाहों का भानजा था। संवत् १६५२ काती सुदि ८ गुरुवार का जन्म। संवत् १६७६ आसोज सुदि ६ गुरुवार को मेहकर में गद्दी का अधिकारी हुआ। संवत् १६९४ जेठ सुदि ३ को आगरे में स्वर्गवास हुआ। प्रारम्भ में मनसब ३ हजारी जात २००० सवार का पाया।

१. गढ़ जोधपुर तफा १९ से रु० १,९९,१२५) में।
२. सोजत का परगना रु० १,२५,०००) में।
३. जैतारण का परगना रु० ९८,५०८) में।

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

४. सिवाने का परगना रु० ३७,५००) में।

५. सातलमेर पोकरण लिखी गई पर अमल न हुआ रु० १५,०००) में।

६. तेरवाड़ा मेरवाड़ा गुजरात का रु० ६३,२८६) में।

तत्पश्चात् समय-समय पर ये परगने और हुए—

१. जालोर संवत् १६७७ में।

२. सांचोर संवत् १६७९ में।

३. फलोदी १६७९ में।

४. मेड़ता संवत् १६८० में।

५. जलगांव बैराड़ का १६८१ में।

सूरजसिंघ की मृत्यु पर इतने परगने तागीर हुए थे— फलोदी, जालोर, सांचोर व मेड़ता। (१०५-१०६/१७१)

दक्षिण के सूबे के लोग ३०,००० फौज से एक बार चढ़ आए तब सब लोग कोट में घुस गये। गजसिंह ने बाहर आकर जबरदस्त युद्ध किया। दुश्मन भाग गये। उस समय उसकी मदद को कोई नहीं आये यद्यपि नवाब खानखाना आदि सभी वहीं थे। प्रहर २ तक युद्ध चला। बाद में सभी उमरावों ने आकर उसे दलथंभन की उपाधि दी। १६७७ में शाहजादा खुरम दक्षिण में आया, इसने उसकी आवभगत की तब प्रसन्न होकर इसे जालोर का परगना दिया। गोपालदास आसावत व मु० जैमल को जालोर का हाकिम बनाया गया। जब शाहजादे ने इन्हें देश जाने की छुट्टी दी तो इसने जालोर के उचित प्रबंध के लिये सांचोर भी मांगी तब सांचोर उसे १६७९ में प्राप्त हो गई। संवत् १६७९ में वैसाख में वह जहांगीर से चाटसू के पास मिला। (१०६-१०७/१७२)

संवत् १६७९ में शाहजादा खुरम बादशाह से विमुख होकर उस पर चढ़ आया। महाबत खान ने बादशाह का पक्ष खूब मजबूत किया। महाबत खान के साथ गजसिंघ जब चढ़ाई पर जाने लगा, तो उसने सिफारिश करके फलोदी इसे दिलवाई। (१०७-१०८/१७३)

संवत् १६८० में अजमेर सूबे के सभी परगने परवेज की जागीर में थे और गजसिंघ उसकी अधीनता में था। इस समय मेड़ता सैयदों को जागीर में दिया

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

जाने को था परन्तु राजसिंघ के मारफत कहासुनी होने पर मेड़ता शाहजादे की तरफ से गजसिंघ को जागीर में दे दिया गया। शाही मनसब में नहीं लिखा गया। कान्ह खींवावत तथा भंडारी लूणा ने आकर मेड़ते में राज्य-दस्तूर किया। (१०८/१७४)

संवत् १६८१ में टूस नदी पर शाहजादे परवेज और खुरम के बीच युद्ध हुआ। गजसिंघ हरोल में था उसने भीम सीसोदिये को मारा और विजय पाई। हजार सवार इस समय इजाफा होने पर यह पंचहजारी हुआ। दक्षिण में जलगांव जागीर में पाया। भा० सिंघ रूपसीवोत वहां फौजदार नियुक्त हुआ। (१०८/१७५)

संवत् १६८२ में खुरासानियों के सिखाने से बिरहानपुर महाबतखान से तागीर कर लिया गया और उसे दरबार में बुलाया तथा परवेज आदि सब सरदारों को आदेश भेजा कि कोई इसके साथ न आवे। सभी लोग बड़े पसोपेश में पड़ गये। गजसिंघ अपनी हवेली में ही रहा। फिदाईखान जो इस कार्य को अमल में ला रहा था जब गजसिंघ से मिला तो उसने कहा कि मैं यहीं रह रहा हूँ पर महाबतखान हमारा नुकसान करवायेगा। तब फिदाईखान ने उसे आश्स्वत कर रा० राजसिंघ को अपने साथ लिया और बादशाह के सामने गजसिंघ की वफादारी की बड़ी तारीफ की। दीवान खोजा अवलहुसेन ने बताया कि महाबतखान ने हिमायत करके गजसिंघ को मेड़ता दिलवाया था, शाही मनसब में वह नहीं है इसलिये जब्त कर लिया जाय, परन्तु फिदाईखान ने कहा-सुनी करके २,५०,०००) में मेड़ता राजा को दिलवा दिया। राजसिंघ यह काम करवा कर जोधपुर लौटा। (१०९/१७६)

संवत् १६८३ में परवेज मर गया। महाबतखां और बादशाह में वैमनस्य बढ़ा। महाबतखान बागी हुआ। उस पर फौज चढ़ी तब उसमें कुंवर अमरसिंघ और राजसिंघ भी साथ थे। पर बाद में जोधपुर आ गये, तब नागौर की छ पटी सूरघसिंघ बीकानेर वाले को हुई। (११०/१७७)

संवत् १६८४ कार्तिक वदि १३ को जहांगीर का स्वर्गवास हुआ। जूनेर से महाबतखा और शाहजहान अजमेर आये तब महाबतखान ने गजसिंघ से नागौर उसे दिलवाने को अर्ज की। नागौर उसे देदी गई। शाहजहां जूनेर से उदयपुर आया, राणा करन मिला और जगतसिंघ को साथ भेजा। शाहजहां

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

दो दिन अजमेर रहा फिर रणथम्भोर के पास से होता हुआ आगरे आया। तखत पर बैठा। (११०-१११/१७९-१८०)

जहांगीर की मृत्यु होने पर गजसिंघ तथा अन्य हिन्दू नवाब आदि विदा लेकर अपने-अपने घर चले आये। रा० सकतसिंघ की लड़की लीलावती बाई शाहजहां के साथ थी। उसे उसने राजा गजसिंघ को आश्वस्त करने को भेजा। लीलावती जोधपुर आई और राजा को आश्वस्त किया तथा बादशाह की ओर से दी हुई वस्तुएँ उसे प्रदान कीं। ८ दिन बाद गजसिंघ ने आगरे के लिए अपने सरदारों सहित कूच किया। दरबार में पहुँचने पर बादशाह ने उसका बड़ा सम्मान किया। (१११/१८१)

शाहजादा खुरम दक्षिण को जारहा था तब चांदा की घाटी के पास माल से भरे शाही ऊँट लूट लिये गये थे। शाहजादे ने मुहमद मुराद को इसकी तलाश के लिए बदनोर भेजा। उसने लगभग ४००० आदमियों को शामिल किया तथा पूछ-ताछ प्रारम्भ की, परन्तु पता नहीं लगा। फिर अबू को जाहजादे ने इस काम के लिए भेजा। उसने पंवार सादूळ तथा राठौड़ नरसिंघदास का विश्वास अर्जित कर कुछ सुनारों आदि को पकड़ा तथा मेड़ता में आकर डेरा किया। भा० माना से बातचीत करके रु० २०,०००) मानपुरा के वित्त आदि की वसूली के निश्चय किये थे, परन्तु अनेक प्रयत्न करने पर भी अबू के रुपये हाथ नहीं लगे। फिर उसने नीबोल के बोहरों को पकड़ा। रा० किशनसिंह खींवावत को जब यह खबर मिली तो वह तुरन्त जैतारण से चढ़ा। मुगदड़े के पास अबू से युद्ध हुआ, संवत् १६७८ जेठ सुदि ९ को। रा० किशनसिंह सहित ७ सरदार और ८ चाकर काम आये, कुछ घायल हुए। अबू के १५-२० आदमी काम आये। वह ८ दिन मेड़ते में रहा फिर अजमेर होता हुआ अपने घर मेरठ की ओर चला गया। अबू के लड़के को भी जाने दिया।

(११२-११५/१८२-१८३)

जब बादशाह गद्दी पर बैठा और गजसिंह वहाँ उपस्थित हुआ उस समय आगरे के आस-पास के पंवार भोमिये बड़ा नुकसान करते थे। उन्हें दबाने के लिए मुगल सरदार की फौज ने चढ़ाई की तब रा० भगवानदास वाघोत को काफी सवार देकर उसके साथ भेजा। १६८४ आषाढ़ सुदि ८ को गढ़ घेर लिया गया। आग लगा दी गई। जलती हुई आग में एकाएक हमला करने से

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

अनेक लोग भगवानदास बाघोत सहित काम आये। हाडे साथ थे उनके भी ६०—८० आदमी काम आये। गढ़ यों ही रहा तब पा० बलू ने चढ़ाई करके पंवारों को मारा। (११५-११६/१८४-१८६)

संवत् १६६३ काती सुदि १५ जालोर के परगने में रा० किशनसिंह जसवंतोत काम आया था। उसे भा० जगनाथ लूणावत के साथ देवल वणवीर धारावत को परास्त करने भेजा था। वणवीर के पास अच्छी फौज थी, उसने पहाड़ों की ओट ली। एक दिन संध्या समय जब राठौड़ों की फौज पहाड़ से उतर रही थी तब झगड़ा हुआ उसमें किसनसिंघ और ३ अन्य आदमी मारे गये, कई घायल हुए। कई दिन युद्ध चलता रहा। घेरा मजबूत हो गया तब सिरोही वालों ने आदमी भेजकर वणबीर को सुलह करने की राय दी। वह १५ आदमियों से राठौड़ जसवंत के डेरे मिलने आया, वहाँ वणवीर को मार डाला और गढ़ पर कब्जा किया। (११६-११८/१८७-१९०)

संवत् १६९० में बलोच मुगलखान, समायलखान के लोगों ने फलोदी के दो गांव कोटड़ा के पास लूटे। मु० रूपसिंह बाहर चढ़ा, आसा के तालाब के पास झगड़ा हुआ, भा० सकतसिंह खेतसिंघोत आदि काम आये।

(.१८-११९/१९१)

संवत् १६९३ आसोज वदि ९ बलोच हैदरअली फतेअली फलोदी पर चढ़ आये। कुंडल को लूटकर खूब मवेसी ले गये। सोना रुपया आदि भी ले गये। इन्होंने घटियाला आदि ग्राम भी लूटे, वहाँ अनेक लोग काम आये।

(११९/१९२-१९३)

संवत् १६९४ काती वदि १२ मुदफरखान मदा का लड़का फलोदी पर चढ़ आया, वहाँ भा० जसवंत सूजमलोत आदि मारे गये। उस समय मु० जगनाथ फलोदी का हाकिम था। संवत् १६९४ में नैणसी को फलोदी का हाकिम राजा ने बनाया और वह स्वयं शाही दरबार को चला। नैणसी फलोदी को गया और वाप के राव की सहायता से बलोचों का खूब पीछा किया। वीकूंपुर के राव ने भी सहायता की। आखिर मुगलखान को मार डाला, बलोच ३०० मारे गये। युद्ध-भूमि में खोज की गई तो मुगलखान की लाश मिली। वह ३०-४० वर्ष का सुन्दर जवान था। (११९-१२३/१९४-१९८)

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

महाराजा जसवर्तासिह

महाराजाधिराज जसवंतसिंह सीसोदियों का भानजा था। संवत् १६८३ माह वदि ४ का जन्म। संवत् १६९४ आषाढ़ वदि शुक्र को बादशाह शाहजहां ने आगरे में टीका दिया। प्रारम्भ में मनसब चार हजारी चार हजार सवारों का दिया। जागीर के परगने—जोधपुर, सिवाना, मेड़ता, सोजत, फलोदी, सातलमेर मिले। जालोर और सांचोर तागीर हुए। जैतारण को प्राप्त करने का प्रयत्न भींव कल्याणमलोत ने इस समय किया था, परन्तु राजसिंघ खींवावत ने प्रयत्न करके राजा जसवंतसिंघ को ही दिलवा दी। (१२४/१९९-२००)

संवत् १७०२ में हजार सवारों की वृद्धि हुई तब मनसब पंच-हजारी जात, पाँच हजार सवार उनमें एक हजार दो अस्पह हुआ। देश के परगनों के अतिरिक्त रेवाड़ी और मिला। १७०३ में ५०० सवारों की वृद्धि हुई और गर्जासिहपुरा की जागोर भी प्राप्त हुई। (१२४-१२५/२०१)

संवत् १६९६ को जब बादशाह काश्मीर को जा रहा था तो जसवंतसिंह को देश जाने की इजाजत दी और हजार सवारों की मनसब में और वृद्धि हुई। जैतारण रुपये २,५०,०००) में राजाजी को दी। संवत् १६९७ पोष वदि ५ राजसिंघ खींवावत का देहान्त हुआ। (१२५/२०२)

संवत् १६९७ चैत्र में महेसदास सूरजमलोत को प्रधान बनाया। यह लाहोर में २७०० सवारों से बादशाह को सम्मान देने उपस्थित हुआ, तब १००० सवारों की मनसब में और वृद्धि कर दी गई, जिसके पेटे नकद रकम राजाजी को मिलती रही। (१२५-१२६/२०३)

संवत् १७०१ में बादशाह ने राजाजी को रेवाड़ी का परगना दिया रु० २,९२,६२५) में। यह संवत् १७१५ में तागीर होकर राजा जैसिंघ को दिया गया था। सि० पृथ्वीमल वहाँ हाकिम था। (१२६/२०४)

संवत् १७०५ में हजार सवारों का इजाफा हुआ जिसमें सूबे आगरे का परगना हीडवाणा मिला। संवत् १७१४ में यह परगना तागीर हुआ।

संवत् १७०७ में अकाल पड़ा तब कर के रूप में केवल पाताल-भोग लिया गया। संवत् १७०९ में हजार सवारों का इजाफा हुआ, तब पंचहजारी जात पांच हजार सवार दो अस्पह हुए। (१२६/२०५)

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

संवत् १७०९ में राजाजी को जागीर में और वृद्धि हुई। सूबा अजमेर सरकार रणथम्भोर का परगना मलारणा उन्हें दिया गया। मुहता नैणसी को फरमाना देकर वहाँ भेजा गया। संवत् १७१२ में जब जालोर दी तब मलारणा तागीर कर दिया गया। (१२६/२०६)

संवत् १७११ में हजार सवारों का इजाफा हुआ। तब मनसब ६ हजार जात ६ हजार सवारों का हुआ। राणा राजसिंघ से उसी समय ४ परगने तागीर किये, तब वदनोर राजाजी को दी। राव नाहरखान राजसिंघोत वहाँ राज्याधिकार का दस्तूर करने को गया। संवत् १७१४ में राणा के परगने पुनः लौटाये गये तब वदनोर तागीर हुई। संवत् १७११ भोरूंदा तथा संवत् १७१२ में रोहतक जागीर में शामिल हुए। रोहतक में हरीदास राघवदासोत को हाकिम बनाकर भेजा गया था। यह जगह अशान्तिपूर्ण थी। अतः संवत् १७१४ में जब हजार सवारों का इजाफा हुआ, तो यह जगह छोड़कर मालवा का परगना देपालपुर लिया। संवत् १७१३ में मलारणा के एवजाने में जालोर पाई। जालोर रतन महेशदासोत के पट्टे में थी, परन्तु उसे इससे अच्छा आर्थिक लाभ नहीं हो रहा था। इसलिए जब उसने बादशाह से अर्ज की तो बादशाह ने राजाजी के मना करने पर भी मलारणा हटाकर जालोर लिखदी। मुं० सुन्दर को रेवाड़ी से हटाकर जालोर हाकिम बनाया। उसने सींधलों को यहाँ कब्जे में किया। नागौर परगने के १० गांवों की पट्टियें भी राजाजी के अधिकार में आईं। संवत् १७१५ में यह इनसे तागीर कर बीकानेर वालों को औरंगजेब ने दीं। संवत् १७१५ में जब इनका मनसब शाहजहां ने सप्त-हजारी किया और उज्जैन को विदा हुए तब उज्जैन, देपालपुर तथा नागौर की दो पट्टी जागीर में और जोड़ी गयीं।

(१२७-१३२/२०७-२०९)

संवत् १७१४ भादवा सुदि १० को जहानाबाद में शाहजहां बीमार हुआ। मृगशिर वदि ५ आगरे पहुँचे। संवत् १७१५ पोष वदि ७ को राजाजी को बादशाह ने उज्जैन विदा किया तब हजार सवार इजाफे करके इनका मनसब सात हजारी जात सात हजार सवारों का किया। ५ हजार सवार दुअस्पह और २ हजार सवार इक अस्पह। इनके दाम ११,००,००,००० हुए।

(१३३-१३४ / २११)

संवत् १७१५ को भादवा सुदि २ बादशाह लाहोर गया, राजाजी को

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

जहानाबाद विदा किया। एक महीने बाद सुल्तान महमूद आगरा से जहानाबाद आया। कुछ दिन बाद जब बादशाह जहानाबाद के कोट में दाखिल हुआ तो राजाजी ने उसका मुजरा किया। फिर किसी ने गुप्त सूचना राजाजी को दी कि उनके साथ धोखा होने वाला है तब वे बीमारी का बहाना कर अपने डेरे पर ही रहे। (१३४-१३५ / २१२-२१३)

फिर यह खबर आई कि सूजा चढ़ाई कर रहा है। तब बादशाह पूर्व की ओर चला। पोष वदि ७ को राजाजी भी पूर्व को चले। माह वदि ४ शाहजादा सूजा से लड़ाई हुई। राजाजी फौंज को दाहिनी ओर रखे गये। हाडा भोंवसिंघ राजाजी की दाहिनी ओर कुछ दूरी पर था। सुल्तान मुहमद ७००० फौज से हरोल में था। माघ वदि ५ को एक प्रहर रात बाकी थी तब जसवंतसिंहजो वहाँ से जबरदस्ती करके निकले और लूटपाट की। अदेही जायल मौजाबाद होते हुए भोरूंदा पहुँचे। वहाँ राठौड़ रुघनाथ सुंदरदासोत ने उनकी मेहमानी की। लांपोळाई में नाहरखान व नैणसी पांवों लगे। नैणसी को मेड़ता रवाने किया और स्वयं जोधपुर आये।

(१३५-१३६ / २१३-२१५)

फागुन वदि ६ को राबड़ियाक के लिए रवाना हुए। जब बीलाड़े पहुँचे तो दाराशिकोह का पुत्र सपरशकोह राजाजी से आकर मिला। राजाजी उसके साथ नहीं गये और उसे विदा दी। चैत्र वदि १२ को आगोळिया आसा औरंगजेब से दिलासा का फरमान ले आया। राजा जैसिंघ का भी कागज लाया। राजाजी ने आगे कूंच किया। दाराशाह का संदेश आया कि वह राजाजी से आकर मेड़ते में मिलेगा, पर मियां फरासत को भेजकर राजाजी ने उसे मना करवा दिया। इसी समय बादशाह का फरमान आया कि तुम्हें गुजरात का सूबा दिया जाता है, दाराशिकोह की सहायता न करें। राजाजी जोधपुर लौटकर २।। घड़ी ठहरे और फिर गुजरात को रवाना हुए। (१३६ / २१६)

राजा जैसिंघ की मेहमानी के लिए राव महेशदास तथा मुंहता नैणसी को भेजा। बहादरखान को रु. १०,००० मेहमानी के जैसिंघ ने दिलवाये। जैसिंघ तथा बहादरखान से राजाजी सैणे ग्राम में मिले। इसी समय जोधपुर से सूचना आई कि २०००० भाटियों ने पोकरण घेर ली है। (१३७/२१८)

संवत् १७१५ वैशाख वदि ३ को राजाजी विवाह करने को सिरोही गये

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

और राव राजसिंघ तथा मु० नैणसी आदि को पोकरण की सहायतार्थ भेजा। नैणसी जोधपुर लौटकर आया, ४ दिन ठहरकर युद्ध-सामग्री की तैयारी की तथा जागीरदारों को ससैन्य रास्ते में मिलने को लिखा। अनेक सरदार अपने सैनिक लेकर उपस्थित होते रहे। ४००० आदमी पोकरण पहुँच गये। आसणीकोट आदि जैसलमेर के गांव भी लूटे। इस प्रकार लम्बा संघर्ष चला। इतने में राजा करन बीकानेर वाला जैसलमेर शादी करने को जा रहा था, उसका डेरा कीरड़े ग्राम में हुआ। उसने नैणसी आदि को बुलवाया तब ये राव राजसिंह सूरजमलोत सहित वहाँ उपस्थित हुए तथा १०००) मेहमानी के नजर किये। फिर करन ने बातचीत करके इन्हें विदा कर दिया। जैसलमेर से लौटते समय भाटियों के प्रमुख व्यक्तियों को बुलाकर रामदेवरे में दोनों पक्षों में समझौता करवा दिया और उन्हें भोजन साथ करवाया। (१३८-१४४/२१९-२२६)

संवत् १७१५ में शाही दरबार के वकील मनोहरदास ने मनसब का विस्तृत हिसाब पेश किया। (१४४-१४७/२२७-२२८)

संवत् १७१७ भादवा सुदि ४ को एक करोड़ दामों का इजाफा हुआ उसका विस्तृत हिसाब। (१४७-१४८/२२९)

संवत् १७१८ को मृगशिर वदि ८ गुजरात का सूबा तागीर हुआ। राजाजी १७१८ को पोष वदि ३ गुजरात से रवाना होकर भड़ोंच, सूरत होते हुए औरंगाबाद में राजा जैसिंघ की हवेली में ठहरे। संवत् १७१९ में छावणी नयी हवेली जाकर अमील उमराव पर हमला किया। उसका लड़का अवलफतै काम आया। नवाव से सूबा तागीर होकर राजाजी को दिया गया। १७२० आषाढ़ सुदि १५ को सूबे का दीवान किया गया। कार्तिक वदि ११ को पूना से कुडाणा रवाने हुए। गढ़ के दो बार सुरंग लगाई, परन्तु सफलता नहीं मिली। (१४९-१५०/२३०-२३२)

राजाजी ने जब गुजरात का सूबा तागीर हुआ और दौलतावाद का हुक्म हुआ तब सावणू फसल की आमदनी राजाजी को ही मिली; तब पं० गंगादास आदि आमदनी वसूल करने को रखे गये। उस समय जागीर की आमदनी का विस्तृत हिसाब शाही दरबार में हुआ। (१५०-१५६/२३४-२३५)

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

संवत् १७१६, जब राजाजी गुजरात के सूबे में थे तब कुंवर को दिल्ली दरबार में भेजने का विचार किया। राव भींव गोपाळदासोत, मु० सुंदरदास आदि को इस कार्य के लिए जोधपुर को विदा किया। कुंवरजी पोष में जोधपुर से रवाना हुए। सोरभ में जाकर कुंवरजी बादशाह के पांवों लगे। संवत् १७१७ में कुंवरजी को बादशाह ने हाथी, सिरपाव, किलंगी आदि देकर जहानाबाद से विदा किया। मृगशिर सुदि १० को गढ़ जोधपुर पहुँचे।

संवत् १७१९ में वकील मनोहरदास ने शाही दरबार में राजाजी के नाम से निकलने वाली रकम का विस्तृत हिसाब भेजा। (१५६-१५८/२३६)

संवत् १७२१ में फिर मुतालबे का विस्तृत हिसाब वकील मनोहरदास ने शाही बहियों के आधार पर पेश किया। उसमें सभी प्रकार की आमदनी बताई गई। (१५८-१६२/२३७)

राजाओं ने जोधपुर पर राज्य किया उसका हिसाब—

	वर्ष	मास	दिन
राव जोधा	३०	—	—
सातल	३	—	—
सूजा	२४	—	—
राव गांगा	१६	५	१३
राव मालदे	३०	५	८
राव चंद्रसेन	१८	१	०
	(बीच में मुगल अधिकार)		
राजा उदयसिंघ	११	११	०
राजा सूरजसिंघ	२५	२	११
राजा गजसिंघ	१८	७	२३

राजा जसवंतसिंह १६९४ आषाढ़ वदि ७ को गद्दी पर बैठा। अलग-अलग राजाओं के समय परगनों की शाही रकम का हिसाब। (१६२-१६४/२३८-२३९)

परगना जोधपुर के १४ तफों के गांवों की संख्या १७१९, मु० नैणसी तथा पं० नरसिंघदास ने कानूनगो महेशदास को तफावार लिखवाई।
(१६४/२४०)

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

कुछ तफे देशी फहरिश्तों में हैं परन्तु शाही दरबार में नहीं लिखे जाते। · तफे संवत् १७१८ में हवेली में लिखवा दिये गये। परगने जोधपुर के खालसे की आमदनी का हिसाब संवत् १६९२ से १७२० तक का प्रतिवर्ष के अनुसार। फिर संवत् १७११ से १७२० तक का सालीना विस्तृत हिसाब। तत्पश्चात् तफा वार हिसाब। (१६०-१७०/२४१)

संवत् १७१४ भाद्रपद सुदि ७ बादशाह शाहजहां बीमार हुआ तब साम्राज्य का सारा कार्यभार दाराशिकोह पर था। राजा जैसिंघ को हजार सवारों का इजाफा देकर पूर्व की ओर शाहजादा सूजा पर भेजा। पोष वदि ७ को जसवंतसिंह को उज्जैन की तरफ औरंगजेब और मुराद के विरुद्ध भेजा। जसवंतसिंह के सवार २३,२४७ तथा मनसबदार २६६ बादशाही थे। मनसबदार व सवारों का विस्तृत व्यौरा। (१७०-१७६/२४२-२४४)

संवत् १७१४ वैशाख वदि ७ खबर आई कि मुरादबक्स बढ़ा चला आ रहा है, तब महाराजा जसवंतसिंह ने उज्जैन से चलकर क्षिप्रा नदी के उस पार डेरे डाले। ३ दिन रुककर वहाँ से १० कोस खाचरोद तक गये। वैशाख वदि ८ को चोरनाराइए गांव गंभीर नदी पर डेरा किया। उज्जैन से १।। कोस पर धरमतपुरा स्थान पर वैशाख वदि ९ को डेढ़ घड़ी दिन चढ़ने पर औरंगजेब से युद्ध हुआ। बादशाही फौज हारी। महाराजा के जितने आदमी काम आये उनकी सूची—९ चांपावत, ६ कूंपावत, ६ ऊदावत, ४ जैतावत, ५ करमसोत, ६ मेड़तिया, ५ जोधा, ४ भदावत, २ ऊहड़, ४ पातावत, १ रूपावत, १ पुरबिया, १ महेचा, १ भूंभणिया, ४ भींवोत, १ बालावत, २१ भाटी, ३ सोनगरा, ६ चहुवान, ६ ईंदा, २ भायल, १ मुंहता, १० सुजानसिंह केसरीसिंघोत के चाकर, १८ खवास पासवान [३ साहणी, ४ चौहाण आबदार, ४ पंवार चीतीवांन, १ वेस, २ सोलंकी हीड़ागर] ४ दफतरी, ४ ब्राह्मण, १० दूसरे हीड़ागर।

अन्य उमरावों के आदमी काम आये—

राठौड़ करन सुजानसिंघोत के राजपूत ६, उदैभाण भगवानदासोत के ९, राव जगराज कुंभकरनोत का १, बछराज दलपतोत के २, राठौड़ राजसिंघ भगवानदासोत का १, पृथ्वीराज दलपतोत के ७। (१७६-१८६/२४५)

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

संवत् १७२१ में जोधपुर शहर में जो दूकानें हैं, वे पं० हरकिसन को आदेश देकर लिखवाई गईं—

२१ दूकानें नागौरी दरवाजे पर।

२६५ नागौरी दरवाजे के अन्दर आडे चौहटे तक।

[१३६ दरवाजे के अन्दर आते समय दाहिनी ओर।

१२६ दरवाजे के अन्दर आते समय बायीं ओर।]

२३ जालोरी दरवाजे के वाहर दूकानें हैं।

४०५ जालोरी दरवाजे के अन्दर पदमसर तालब तक।

१८ मढी में।

४ रातानाडा के दरवाजे के बाहर।

३६ दरवाजे के अन्दर गांगादास की प्रोल तक।

६ महावीरजी के मन्दिर के पीछे।

३ सिलावटों की गली में।

४ मूलनायकजी के मन्दिर के नीचे।

१५ गधियों की गली में दरवाजे तक।

१५ दरजियों की दूकानें हैं।

———————

८१५ कुल दूकानें।

संवत् १७२१ में श्री कुंवरजी के हुक्म से पं० हरकिसन ने शहर की धरती नापी—

डोरी	पांवड़ा	
६५	१३००	बाग कागा नागौरी दरवाजे से कुंज तक।
८५	१७००	बहूजी सरूपदे का तालाब नागौरी दरवाजे से।
१००	२०००	साहणियों वाली तलाई, शेखावतजी के तालाब तक।
५७	११४०	राईको हाडीजी का बाग नागौरी दरवाजे से।
७४	१४८०	रातानाडो सोजती दरवाजा से।
८०	१६००	मसूरिया पहाड़ जालोरी दरवाजे से।
४२	८४०	सूरसागर फूलेळाव दरवाजे से।
१००	२०००	बालसमंद केवड़ा सहित। (१६८-१८६/२४६)

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

संवत् १७२१ में परगने जोधपुर के ११६७ गांवों का मेल—

आसामी	गांव	तफा	बसता	वीरान	सांसण
तफा १६	१०३६	१६	७३५।	१७७।।	१२७
महेवो	१२८	१	६७	४३	१८
योग	११६७	२०	८०२।	२२०।।	१४४

जातियों की प्रमुखता के अनुसार तफावार गांवों की विगत ।
(१८६-२०३/२४७-२४८)

परगने जोधपुर के गांवों का तफावार मेल—बसे हुए, वीरान तथा सांसण । (२०३-२०४/२४६)

परगने जोधपुर के गांवों का विवरण—तफा हवेलो कुल २७७ । बसे हुए २०७, वीरान ३६।।, सांसण ३३ । (२०४-२४२/२४६-२५३)

तफा पींपाड़—कुल ७६ । आबाद ६६, वीरान २, सांसण ८ ।
(२४४-२५६/२५४-२५५)

तफा बीलाड़ा—कुल १५ । आबाद ६।, वीरान २, सांसण ३।।। ।
(२५६-२५६/२५६-२५७)

तफा बाहला कुल ८ । आबाद ७, वीरान ०, सांसण १ ।
(२५६-२६०/२५८)

तालका खेरवा—कुल ११ । आबाद ७, वीरान २, सांसण २ ।
(२६०/२५६)

तालका पाली—कुल ४४ । आबाद २८, वीरान ६, सांसण १० ।
(२६२-२६८/२६०-२६२)

तफा रोहठ—कुल २० । आबाद १६, सांसण १ । (२६६-२७२/२६३)

तफा गूदोच—कुल १० । आबाद ५, वीरान ५ । (२७२-२७३/२६४)

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

तफा भाद्राजण—कुल ६५ । आबाद ५६, वीरान ३०, सांसण ६ ।
(२७३-२८७/२६५-२६६)

तफा दूनाड़ा—कुल ४४ । आबाद ३३, बीरान ६, सांसण ५ ।
(२८७-२९३/२६६-२७२)

तफा कोढण—कुल ८४ । आबाद ५२, वीरान १४, साँसण १८ ।
(२९३-३०५/२७३-२७७)

तफा बहेळवा—कुल ६२ । आबाद ३५, वीरान १५, सांसण १२ ।
(३०५-३१२/२७८-२८१)

तफा सेतरावा—कुल २८ । आबाद २१, वीरान ७ ।
(३१२-३१५/२८२-२८३)

तफा केतू—कुल २३ । आबाद १५, वीरान ७, सांसण १ ।
(३१५-३१८/२८४-२८६)

तफा देछू—कुल १० । आबाद ७, वीरान २, सांसण १ ।
(३१८-३१९/२८७-२८८)

तफा ओसियां—कुळ ११२ । आबाद ७९, वीरान २०, सांसण १३ ।
(३१९-३३६/२८९-२९०)

तफा खींवसर - कुल ३५ । आबाद १९, वीरान १४, सांसण २ ।
(३३६-३४१/२९१-२९२)

तफा लवेरा—कुल ६६ । आबाद ५१, वीरान ९, सांसण ६ ।
(३४१-३५०/२९३-२९४)

तफा आसोप—कुल १६ । आबाद १६ । (३५०-३५३/२९५)

तफा मेहवा—कुल १२८ । आबाद ६७, वीरान ४३, सांसण १८ ।
(३५३-३७२/२९६-३०३)

परगने जोधपुर के गांवों की सीमा, जो अन्य परगनों के गांवों से लगती है, की तालिका । (३७२-३८२/३०४-३१३)

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

परगना सोजत

शास्त्रों में इसका नाम शुद्धदंती मिलता है। प्राचीन काल में त्रंबावती नगरी कही जाती थी। यहाँ त्रंबसेन राजा राज्य करता था, यह जाति से पंवार होना चाहिए। इस राजा के सोभ्रत नामक एक लड़की थी जिसमें दैविक शक्ति थी। एक बार राजा ने अपने प्रधान वानरा हुल को आज्ञा दी कि राजकुमारी रात पड़ने पर कहाँ जाती है इसका वह पता करे। प्रधान ने पता लगाया तो वह योगनियों के साथ खेलने जाती थी। सोभ्रत को जब इस चौकसी का पता चला तो उसने राजा को श्राप दिया, जिससे उसका राज्य नष्ट हो गया और वानरा हुल शासक बना। कई पीढ़ियों तक हुलों का राज्य रहा। कई दिनों तक सोजत सोनगरों के रही फिर राणा की तरफ से सींधलों को हुई। (३८३-३८४/१-३)

चूँडा ने मरते समय रिडमल से वचन मांगा था कि मारवाड़ का टीका कान्हा को दिया जाय अतः रिड़मल ने ऐसा ही किया और स्वयं राणा मोकल के पास चला गया। मोकल ने उसे बसने के लिए सोजत का गांव धिणाला कई गांवों सहित दिया। कान्हा के बाद सत्ता को राज्य करने का अवसर मिला और फिर जब सत्ता के लड़के नरबद की मूर्खता से उसका प्रधान रिणधीर अप्रसन्न हुआ तो मोकल की सहायता से रिणमल ने मंडोर पर अधिकार कर लिया तब भी सोजत इसे राणा की ओर से दी हुई थी। जब रिड़मल चित्तौड़ में धोखे से मारा गया, तो जोधा को भी मंडोर में टिकने नहीं दिया। सोजत रा० राघवदास सहसमलोत को राणा की तरफ से देदी गई।

(३८३-३८८/३-६)

जोधा ने जब मंडोर पर पुनः अधिकार किया, तो सोजत पर भी कब्जा कर लिया। जोधा के बाद शासकों का अधिकार इस प्रकार रहा—

१. राव सूजा, सैयदों को बादशाह ने दी।
२. राव वीरमदे वाघावत को भाई-बंटे में हुई।
३. राव गांगा ने वीरमदे से १५८८ में लेली।
४. राव मालदे के पास सोजत रही।
५. टीके बैठते समय चंद्रसेन के पास भी थी।
६. राव राम को संवत् १६२१ में अकबर ने चंद्रसेन से दिलवाई।

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

७. राव कला रांमोत को एक बार हुई।
८. संवत् १६३४ सुरतांण जयमलोत मेड़तिया को अकबर ने दी।
९. राजा सूरजसिंह को पुनः १६६५ में दी।
१०. राजा गजसिंह को टीके के साथ संवत् १६७६ में हुई, तबसे जीवन-पर्यन्त रही।
११. राजा जसवंतसिंह के यथावत जीवन भर रही—१६९४ तक।

अस्थाई तौर पर इन लोगों के पास भी रही—
१. राव चंद्रसेन डूँगरपुर से लौटकर आया तब एक बार सोजत ली।
२. रायसिंघ चंद्रसेनोत को अकबर ने संवत् १६४० में दी।
३. मोटाराजा को नवाब खानखाना ने १६४१ में दी थी।
४. राजा सूरजसिंघ को १६५१ में।
५. सकतसिंह उदैसिंघोत को अकबर ने १६५६ में दी, १ वर्ष रही।
६. राव करमसेन उग्रसेनोत को संवत् १६६४ में जहांगीर ने दी थी।

(३८८-३९०/९)

सोजत का कोट छोटी-सी पहाड़ी पर बना हुआ है। थोड़े-से ही घर उसमें हैं। राजा गजसिंह ने एक घर यहाँ बनवाया था। वीरमदे बाघावत का यहाँ देवस्थान है। पूजा होती है। घरों के आगे दरबार लगाने का चौतरा है। एक ही प्रोल है। परकोटे की प्रोल है उस पर दीवानखाना है। परकोटे में एक मन्दिर चत्रभुजजी का है। गौतमगिरी सन्यासी का तकिया है। घर २,२०० के करीब वस्ती है। (२९०-२९१/१०)

संवत् १७१६ में कस्बे की बस्ती का अनुमान इस प्रकार है -

७३८ महाजनों के घर, ८ पंचोली, ३०५ करसा, १४२ राजपूत, ७२ मुसलमान, ३६४ ब्राह्मण। ६५२ अन्य निम्न कौंम के घर। कुल २,२५४ घर।

(३९१/११)

शहर में ८ के लगभग देवस्थान हैं, १० के करीब तालाब हैं। इस समय सोजत की सीमा में ५ गांव नये बसे हैं। शहर में एक रहट है, चारों तरफ भी रहट हैं। सूकड़ी और गीलड़ी नदियां शहर के आगे आकर शामिल होती हैं। नदी के दूसरी तरफ २५-३० बड़े रहट हैं। बाग, बाड़ी आदि हैं। बड़ा जोड़ भी है। घांची, माली, सीरवो राजपूत आदि खेत बोते हैं। (३९२-९४/१२-१६)

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

कस्बे के खेतों की विगत। (३९२-९५/१७)

सोजत की सीमा इतने गांवों से लगती है। (३९५/१८)

कस्बे सोजत के हासल व लगान आदि की विगत। (३९४-४००/१९-२०)

बादशाह की तरफ से राजाओं को सोजत दी गई उसकी तनख्वाह के दाम। (४००/२१)

परगने सोजत के खालसे के हासल की पैदावार—संवत् १६९२ से १७१७ तक की। जागीरदार तथा सांसण आदि की आमदनी की कुल विगत संवत् १७११-२१ तक की। (४००-४०२/२२)

परगने के गांवों के हासल की विगत किस्म के अनुसार—

४९ गांव अवल आमदनी, ४५ दोयम आमदनी, ३४ सहेल ऊनाली, २४ सेंवज तथा ढीबड़े आदि होते हैं। (४०२-४०५/२३-२६)

३२ गांव सूने हैं, वे मांजरे की सूची में लिखे जाते हैं। २७ गांव मेरों के अधिकार में हैं। ३३ सांसण के गांव हैं। (४०५-४०८/२७-३१)

कुल गांव १५२ ऐसे हैं जिनका हासल आता है। इनकी आमदनी आदि की सूचियाँ वर्गीकरण के अनुसार। (४०८-४१६/३२-३७)

सांसण तथा सूने गांवों की संक्षिप्त विगत। (४१६-४२४/३८-४३)

परगने सोजत के गांवों का विवरण—

सोजत से दूरी, आबादी, जमीन की किस्म, जलाशय आदि। पांच वर्ष की आमदनी १७१५ से १७१९। (४२५-४७७/४४-४५)

सांसण के गांवों की विस्तृत विगत, ब्राह्मण, चारण, जोगी आदि को। (४७७-४९२/४६-४९)

परगना जैतारण

यह परगना जोधपुर से २७ कोस की दूरी पर पूर्व के दाहिनी ओर को है। संवत् १५२५ में यहाँ नया शहर बसा। पहले आगेवा के स्थान पर था। यहाँ पहले जैतू गूजर रहती थी, इसीलिए जैतारण नाम पड़ा। जोधा ने यह स्थान बसाया। पहले यह सींधलों के अधिकार में राणा की ओर से थी।

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

नरसिंघ की पत्नी सुपियारी को नरबर ले आया था। उसका बैर लेने की घटना इस परगने से सम्बन्ध रखती है। जब सूजा गद्दी पर बैठा, तो उसने सभी सींधलों को निकाल दिया। ऊदा सूजावत को जैतारण में बसाया जिससे ऊदावतों का अधिकार यहाँ खूब जमा। राव मालदे ने रतनसी खींवावत को जैतारण दी थी। संवत् १६१४ में बादशाह की फौज से लड़कर वह काम आया। रतनसी के लड़के कल्याणसिंह आदि ने मुगलों से मिलकर इस पर अधिकार रखा, इस पर चंद्रसेन ने उन पर चढ़ाई की थी।

मोटाराजा को अकबर ने इसका आधा हिस्सा ६५ गांवों से दिया था। संवत् १६५१ में उसकी मृत्यु होने पर उसके लड़कों में गांव बाँट दिये। आधी जैतारण ऊदावतों को थी। संवत् १६६१ में पूरी जैतारण सूरसिंघ को अकबर ने दी। सूरसिंघ के बाद १९ साल तक गजसिंह के ही पास रही। गजसिंह की मृत्यु पर एक बार जैतारण तागीर हुई। जसवंतसिंह को संवत् १६९६ में मिली। (४९३-४९६/१)

कस्बे की बस्ती संवत् १७१९ में लिखी गई तब सभी जातियों के घर १८३९ थे। सांसण के गांवों की विगत शासकों के अनुसार। (४९८-५००/१)

जैतारण के खालसा के गांवों की आमदनी संवत् १६९२ से १७१७। परगने के खालसा, जागीर, सांसण आदि सभी प्रकार के गांवों की आमदनी संवत् १६११ से १७२०। गांवों का वर्गीकरण मय आमदनी के। सूने गांव तथा सांसण के गांवों की भी सूची। (५००-५०९/२-११)

परगने जैतारण के गांवों का विस्तृत वृत्तान्त जोधपुर से दूरी, आबादी, जमीन की किस्म, पैदावार, जलाशय तथा ५ वर्ष की आय संवत् १७१५ से संवत् १७१९ तक की। (५०९-५४२/१२-२२)

सांसण के गांवों का विस्तृत विवरण, ब्राह्मणों, चारणों व जोगियों को दिये हुए। (५४३-५५४/२३-२४)

परगने जैतारण के गांवों की सीमा जिन अन्य परगनों के गांवों से लगती है, उनकी तालिका। (५५५-५५७/२४)

——

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

शोध-सूत्र : द्वितीय भाग

परगना फलोदी

इसका आदि नाम विजैनगरी है। यहां पंवार राजा राज्य करता था। उस काल में बने कल्याणरायजी के मंदिर के स्तम्भ पर इस आशय का एक लेख संवत् ११४५ का है। पंवारों से जब वाहड़मेर छूटा तब यह धरती भी छूट गई। यह शहर उजड़ गया, केवल एक मंदिर ही बचा। तत्पश्चात् जब मंडोर पर राठौड़ों का राज्य हुआ तो चूंडा, रिड़मल और जोधा के समय तक यह कस्वा आबाद नहीं हुआ। जब सूजा जोधपुर की गद्दी दर बैठा, तो उसने अपने पुत्र नरा को बसने के लिए इस ओर भेजा। यहां पहले फलू पालीवाल ब्राह्मण की बेटी फळोधी आकर रही थी और यह स्थान फळूधी का वास कहलाता था। सींधू फला जैसलमेर के गांव आसणीकोट रहता था। रावळ से उसकी अनबन हो गई तब वह अपने १४० गाडे लेकर यहां आकर रहा। नरा ने प्रयत्न करके इसे आबाद किया। (पृ० १/अ० १-२)

उन दिनों पोकरण जगमाल मालावत के पोत रावत खींवा बरजांगोत के अधिकार में थी। नरा ने उसे अपने अधिकार में करने का विचार किया। उसने अपने जासूस लगा रखे थे उन्होंने एक दिन खबर दी कि खींवा उधारस गांव गया हुआ है। अवसर देख कर नरा २०० सवारों से पोकरण पर चढ़ा और गढ पर अधिकार कर लिया। खींवा बाहड़मेर चला गया। नरा राव सातल के गोद था इसलिये उसने सातल के नाम से वहां सातलमेर गढ बनाया। (२/२)

फिर खींवा लूंका पोकरण पर चढ आया और वहां की गायों को घेर कर ले गया। नरा ने उसका पीछा कर नांदणहाई नामक स्थान पर उसे पकड़ा परन्तु युद्ध में नरा मारा गया। सूजा को खबर मिलते ही वह ससैन्य आया और खींवा के गांव लूटता हुआ पोकरण पहुँचा। नरा के पुत्र गोयंद को गद्दी

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

पर बैठाया। यह गोयंद बड़ा युद्धनिपुण वीर हुआ। इसने हमीर को फलोदी दी। वह राव कहलाया। हमीर ने संवत् १५५५ में कोट के लोहे के दरवाजे करवाये तथा अनेक जलाशय आदि बनवाये। एक बार पोकरण और फलोदी की सीमा के सम्बन्ध में गोयंद से इसकी खटपट हुई तब इसकी दादी लक्ष्मीबाई ने आकर घोड़ाकंधी के पास सीमा निश्चित कर दी। (२-३/३)

हमीर के पश्चात् उसका पुत्र रांम गद्दी पर बैठा। रांम ने यहां रांम तालाब खुदवाया। ये जोधपुर के शासक को अपना स्वामी मानते रहे हैं परन्तु मालदे और शेरशाह में संवत् १६०० में जब युद्ध हुआ तो रांम ने सहयोग नहीं दिया, जिससे मालदे नाराज हो गया। रांम के प्रधान जगहथ के द्वारा विष दिये जाने के कारण रांम की मृत्यु हुई। (३/४)

रांम के स्थान पर उसका भाई डूंगरसी गद्दी पर बैठा। उधर पोकरण में गोयंद की मृत्यु संवत् १५८२ में हुई तब उसके स्थान पर जैतमाल गोयंद का लड़का गद्दी पर बैठा। मालदे ने ये दोनों परगने लेने के विचार से षड़यंत्र रचा और डूंगरसी को होली खेलने के बहाने से गांव चवां में बुलाया और आंखों में गुलाल डाल कर बंदी बना लिया। फलोदी पर घेरा डाला गया। जगहथ देपावत ने किले की रक्षा का बीड़ा उठाया। पोकरण का स्वामी जैतमाल जैसलमेर के रावल मालदे का दामाद था। उसने जैसलमेर वालों से सहायता के लिये निवेदन किया तो रावल ने कुंवर हरराज के साथ पोकरण को फौज भेजी। उन्होंने जाकर फलोदी पर भी दखल किया तब राव मालदे की फौज से युद्ध हुआ जिसमें भाटियों का बड़ा नुकसान हुआ। पृथ्वीराज के हाथ से रावत भींव मारा गया। डूंगरसी ने रावजी से कहा कि मुझे मुक्त करें तो मैं आपको फलोदी का गढ सौंप दूंगा। राव ने ऐसा ही किया तब डूंगरसी के कहने से जगहथ देपावत ने गढ़ मालदे को सौंपा। १५ वर्ष तक वहां मालदे का अधिकार रहा। (३-५/५)

संवत् १६१९ में जब मालदे की मृत्यु हुई तो झाली सरूपदे ने उदयसिंह को फलोदी दिलवाई। उदयसिंह फलोदी में रहने लगा। गांधाणी के हासल के प्रश्न को लेकर लोहावट के पास उदयसिंह और चंद्रसेन में यहां जबरदस्त युद्ध हुआ था। संवत् १६२७ में घोड़ों की कतार के प्रश्न को लेकर राव

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

डूँगरसी और उदयसिंह के बीच झगड़ा हुआ जिसमें उदयसिंह की पराजय हुई। इसमें राव मंडलीक वैरसलपुर का स्वामी काम आया। (५-६/६-७)

संवत् १६३१ में मोटाराजा का फलोदी से अधिकार हटा और भाखरसी हरराजोत का अधिकार हुआ, सो १६३३ तक रहा। संवत् १६३३ के लगभग पोकरण रावळ हरराज के रहन रखी गई थी। संवत् १६३५ में बीकानेर के राजा रायसिंघ के अधिकार में फलोदी दी गई सो संवत् १६७२ तक उसके रही। राठौड़ मालदे वणवीरोत और करमचंद सांगावत का प्रबंध कुछ समय के लिये रायसिंघ की ओर से रहा। (६-७/८)

संवत् १६७२ में जोधपुर के राजा सूरजसिंह को यह परगना ६७५००) में दिया गया। मुंहता जैमल हाकिम बनाया गया और चौ॰ सिखरा थानेदार। फिर १६७४ में बादशाह की ओर से बीकानेर के सूरजसिंह को देने का आदेश हुआ। परन्तु सूरजसिंह (जोधपुर) ने इसे अपनी जन्मभूमि समझकर छोड़ना उचित नहीं समझा और बादशाह से इस आशय का फरमान करवा लिया। महाराजा गजसिंह और जसवंतसिंह के यह परगना जीवनपर्यन्त अधिकार में रहा। (७/९)

संवत् १६८० में फलोदी में जो युद्ध हुआ उसमें अचलदास विक्रम का पुत्र काम आया। १६९० में अचलदास सुरताणोत तथा भा० सकतसिंघोत को मुगलखान ने पराजित किया। संवत् १६९३ में हैदरअली ने कुंडल को लूटा, मदा फतैअली ने चाखू तथा घटियाली को लूटा। रा० हरराज राणोत तथा ईश्वरदास काम आये। संवत् १६९५ में बलोच मदा फतैअली ७५० आदमियों से चढकर आया। मु० नैणसी व सुन्दरदास मुकाबिले को गये, बलोच भाग खड़े हुए। (८/११-१५)

फलोदी का गढ २३८ हाथ लंबा तथा १२२ हाथ चौड़ा है। बुरजें १९ हैं, २१ हाथ ऊंची। बावड़ी एक तथा तालाब १ है। कस्बे में कुल ६५७ घर हैं। जोधपुर से यह स्थान ३५ कोस है। (८/१६)

फलोदी की सीमा पर के गांवों की सूची। फलोदी की खालसा भूमि की वार्षिक आय संवत् १७०३ से १७१७। परगने के जागीरदार सांसण आदि कुल मिलाकर वार्षिक आय १७११ से १७२० तक। (९-१०/१७-१९)

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

परगने फलोदी में कुल ६७ गांव लिखे जाते हैं। ६७५००) में फलोदी दी गई तब से इस रकम पर कोई वृद्धि नहीं हुई सूरसिंह व गजसिंह के समय में यही रेख रही। (१०/२०)

कस्बे की आबादी पहले दी जा चुकी है। गांवों को आबादी की प्रमुखता के आधार पर उन्हें इस प्रकार बांटा जा सकता है—६ जाटों के, १३ विश्नोयों के, ८ जाट और विश्नोई शामिल, १० पलीवालों के, ८ रजपूतों के, १० सूने और ६ सांसण के गांव। (१०/२१-२७)

फलोदी के उक्त गांव का अलग-अलग विवरण मय ५ वर्ष (१७१५-१७१६) की आमदनी के। (१२-२८/२८-२६)

सांसण के गांवों की विस्तृत विगत। (२८-३४/२६-३१)

सीमावर्ती गांवों की सूची तथा मारवाड़ में नमक की खानें, कुंएँ आदि हैं उनकी विस्तृत सूचना प्रत्येक परगने में गांवों के अनुसार—जोधपुर, पचपदरा, फलोदी व पोकरण। (३२-३६/३२-३६)

परगना मेड़ता

मेड़ता बहुत पुराना शहर है, राजा मानधाता द्वारा बसाया हुआ है। कहते हैं कि यहां राव कान्हड़दे का भी अधिकार रहा था। फिर वीरान होने से झाड़ियें उग आईं थीं। जब राव जोधा का जोधपुर पर अधिकार हो गया तो उसने अपने दो लड़कों—वरसिंध और दूदा (सोनगरी रानी के पुत्र) को मेड़ता बसने को दिया। जब ये चौकड़ी ग्राम के पहाड़ में पड़ाव डाल कर बसने के लिये उपयुक्त स्थान की खोज कर रहे थे उस समय ऊदा कान्हड़देसोत ने, जहां अभी मेड़ता शहर है, यह जगह बताई और उन दोनों भाइयों ने यहीं पर अपने गढ की नींव दी। (३७-३८/१-३)

जब यहां बसने का मुहूर्त करने लगें उस समय शकुनी ने शेरों का शकुन लेकर बताया कि यह जगह बरसिंघ के वंशजों के कब्जे में नहीं रहेगी। परन्तु दोनों भाइयों में अच्छा प्रेम था इसलिए इस बात को यों ही टाल दिया। ऊदा कान्हड़देसोत इनका प्रधान बना। सूनी धरती अब बसने लगी। नागौर परगने में डांगा जाटों के कठोती जायल में अनबन हो गई। उनका प्रतिनिधि

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

थिरराज डांगा इनके पास आया। डांगा को आश्वस्त कर, उसके साथियों सहित डांगावास नामक स्थान पर देशमुख चौधरी बनाकर बसाया।
(३८ ३९/४-५)

फलोधी पारसनाथजी का मन्दिर संवत् ११९१ में साह श्रीमल ने बनवाया। संवत १५५५ में देवराज के पुत्र राणा हेमराज ने उसका जीर्णोद्धार करवाया। राव बरसिंघ तथा दूदा ने कोसाणा, मादलिया तथा चौकड़ी के अनेक सांखलों का सफाया किया। (३९/६-७)

नागौर के जिन-जिन गांवों से आकर जाट मेड़ता के गांवों में बसे उनकी सूची। (३९-४१/८)

डांगा जाट प्रारम्भ में चहुवान राजपूत थे। इनका पूर्वज जगसी, छाजू का पुत्र, जाट हुआ। डांगा जाटों की पीढ़ी। (४१/९)

श्री फलोदी माता का मन्दिर मूलतः राजा मानधाता का बनवाया हुआ है। संवत १०८३ का लेख स्तंभ पर है। एक स्तंभ पर १०७६ का भी लेख है। संवत १५५५ में बरसिंघ और दूदा के आदेश से देवराज के पुत्र हेमराज ने उसका जीर्णोद्धार करवाया। (४१/१०)

कुछ दिनों वाद बरसिंघ और दूदा में अनबन हो गई। राव दूदा बीकानेर चला गया। पीछे अकाल पड़ा। बरसिंघ के चाकर भूखों मरने लगे तब उसने सांभर पर हमला किया और खूब धन लूट लाया। उन दिनों अजमेर मांडव के वादशाह के अधीन था। वहाँ मलूखाँ सूबेदार था। वह इस घटना से बड़ा कुपित हुआ परन्तु चुपचाप बैठा रहा। (४२/११)

कुछ समय बाद बरसिंघ और सातल के बीच भी अनबन हो गई बरसिंघ ने सातल से जोधपुर की सीमा में से कुछ भूमि मांगी। समझौते के लिये दोनों ही अजमेर मलूखाँ के पास पहुँचे। इस समस्या का कोई हल नहीं निकला। इतने में बरसिंघ से मलूखाँ नाराज था ही वह कुछ बहाना बनाकर उस पर चढ आया। बरसिंघ सातल के पास जोधपुर गया। पीछे मलूखाँ ने मेड़ता और जोधपुर की धरती में काफी नुकसान किया। ये लोग जोधपुर से तैयारी करके ससैन्य बीसलपुर आकर ठहरे। उस समय युद्ध-संचालन का सारा कार्य-भार वरजांग भींवोत पर था। परन्तु वह युद्ध से उदासीनता प्रकट करने लगा।

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

तब प्रधानों ने परामर्श दिया कि यह कभी का भावी की जागीर मांगता है सो इसे भावी का पट्टा देकर भी जसे तैसे राजी करो। तब भावी का पट्टा उसे लिख दिया गया। वह बड़ा अनुभवी योद्धा था। उसने गुप्त वेश में जाकर पहले विरोधियों की फौज की स्थिति का अध्ययन किया और फिर रात में फौज की तीन टुकड़ियाँ बनाकर अचानक हमला किया। इस युद्ध में राव सूजा बुरी तरह घायल हुआ। मुगल बहुत-से मारे गये। सातल की विजय हुई। बरसिंघ आकर मेड़ता में बसा। (४२-४४/१२-१५)

मलूखाँ ने मांडव के बादशाह से सहायतार्थ सेना माँगी। सेना आजाने पर बरसिंघ से मलूखाँ ने फिर बात-चीत प्रारम्भ की। सरदारों ने बरसिंघ को सम्पर्क न करने के लिये बहुत समझाया पर वह नहीं माना। अन्त में मुगलों से वचन लेकर बरसिंघ अजमेर जाकर मिला। पहले उसका बड़ा स्वागत किया गया और फिर विश्वास में लाकर कैद कर लिया। जब दूदा को बीकानेर में यह घटना मालूम हुई तो उसने बीका से सीख मांगी। बीका भी सहायतार्थ रवाने हुआ। दूदा ने मेड़ता में फौज शामिल की। दोनों ने जब अजमेर पर चढ़ाई की तो मलूखाँ ने बातचीत करके फौरन बरसिंघ को छोड़ दिया। ये तीनों मेड़ते आये। (४४-४६/१६-१७)

६ महीने बाद बरसिंघ मर गया क्योंकि मलूखाँ ने उसे मयादी जहर दे दिया था। उसके लड़के सीहा को टीका दिया गया। सीहा अयोग्य था जिससे अवसर देखकर सातल और सूजा ने इस ओर दखल देना प्रारंभ किया। अपने अधिकारी तक कुछ स्थानों पर भेज दिये। ऐसी स्थिति देखकर सीहा की मां ने पंचों से राय ली और उसी के अनुसार राव दूदा को आधे मेड़ते का हकदार स्वीकार करके बीकानेर से बुलाया। उसने आकर सारी व्यवस्था जमा ली। (४६-४७/१८-१९)

दो वर्ष तक तो सीहा और दूदा ने मेड़ता की आमदनी आधी-आधी बांट-कर ली। परन्तु सीहा किसी काम के योग्य नहीं था। अतः दूदा ने उसे राहण की जागीर देदी और मेड़ते की गद्दी पर स्वयं बैठा। संवत् १५५४ में दूदा का स्वर्गवास हो गया। टीका उसके पुत्र वीरम को मिला। सीहा के तीन लड़के थे र, वे बड़े तेजस्वी निकले। मेड़ते का अधिकार प्राप्त करने को वे राव मालदे से जा मिले। मालदे यह चाहता ही था। अतः सीहा के पुत्रों और

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

वीरम के बीच तनाव बढ़ा और कुसाणा के पास युद्ध हुआ, उसमें अनेक आदमी मारे गये। वीरमदे का प्रमुख योद्धा रा० खंगार जोधावत घायल हुआ। वे तीनों भाई घायल हुए। वीरमदे विजयी हुआ। (४७-४८/२१)

संवत् १५८८ में गांगा की मृत्यु होने पर मालदे गद्दी पर बैठा। मेड़ते पर वीरमदे का अधिकार उसे सदा खलता था। मालदे उसे प्राप्त करने के खूब मन्सूबे बांधता था पर जैत कूंपां आदि की इसमें सहमति नहीं थी। जब मालदे ने सींधलों पर चढ़ाई की तो वीरमदे भी उसकी सहायतार्थ अपने योद्धाओं सहित उसके शामिल था। उसने अवसर देखकर नागौर के दौलतखांन को कहलवाया कि यह ही उचित अवसर है तुम मेड़ते पर चढ़ाई करदो, तुम्हारा जो हाथी वीरम ने रख लिया है उसको भी प्राप्त करलो। उधर उसने पंवार पंचायण को भी कहलवाया कि मेड़ते पर चढ़ाई करके अखा का बैर लेने का यह उपयुक्त समय है। इसी प्रकार गांगा सीहावत को भी चुपके से चढ़ाई करने का संदेश भेजा। वीरम को संदेह होने पर इस षड़यंत्र का कुछ अभास भी उसे हो गया। उसने फौरन मेड़ते सूचना भेजी। वहां अखैराज भादावत था, उसने सुरक्षा की व्यवस्था जैसे तैसे की। दौलतखान ने जब आकर घेरा डाला तो केवल १५-२० आदमियों से वह उन पर पिल पड़ा, वे भाग खड़े हुए। पंवार पंचायण लोहियावाम नामक स्थान पर रायसल के सामने न टिक सका। गांगा सीहावत ५०० सवारों से चढ़ाई के लिये आ रहा था परन्तु जब बांभांकूड़ी की नदी के पास आया तो क्या देखता है कि अनेक लोग उसका साथ छोड़ चुके हैं, तब वह निराश होकर वहीं से लौट गया। (४८-५०/२२-२४)

वीरम को इन घटनाओं की सूचना मिलते ही वह अपने आदमियों को समझा-बुझाकर वहाँ से मेड़ते के लिये रवाना हुआ और दूसरे दिन उसकी सेना के लोग भी मालदे से विदा लेकर मेड़ते आये। मालदे जैता कूंपा के सामने लज्जित हुआ। (५०-५१/२४)

इन्हीं दिनों में मांडव का बादशाह मर गया तब सूबेदार अजमेर का गढ़ खाली कर चला गया। वीरम को जब पता लगा तो उसने गढ़ पर अधिकार कर लिया। मालदे ने जब यह सुना तो वह ईर्षा से जल-भुन गया। उसने वीरम को कहलाया कि अजमेर तुम्हारे अधिकार में खट नहीं सकेगा और राठौड़ों

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

के घर में टीकायत मैं हूं सो गढ़ मुझे सौंपो। वीरम ने इसकी परवाह नहीं की। मालदे ने मेड़ते पर चढ़ाई की। वीरमदे ने मेड़ता पहले ही खाली कर दिया और अजमेर आ रहा। संवत १५९५ में मालदे ने मेड़ते में अपना अमल किया और अजमेर की ओर के बड़े-बड़े गांव अपने उमरावों को बाँट दिये। रा० सहसा तेजसियोत को अनेक गांव पट्टे में दिये। वीरम इस बात से बड़ा अप्रसन्न हुआ और सहसा को मारने को कटिबद्ध हुआ, यद्यपि सरदारों ने उसे समझाने का वहुत प्रयास किया। (५१-५२/२५)

वीरमदे ने अपने जासूस भेजे। उन्होंने सूचना दी कि सहसा रीयां में रहता है। एक घड़ी रात निकलने पर वीरम रीयां पर चुपके से चढ़ा। सहसा के जासूसों ने उसे भी खबर दी। उसने कूंपा भी के पास संदेश भिजवाया कि हमारी सहायता करो तो यह समय है। सहसा ५०० आदमियों के साथ केसरिया करके गांव के बाहर आकर बैठा और वीरम का इन्तजार करने लगा। अब भी रात कुछ शेष थी। उधर से कूंपा भी अपने साथियों सहित आ रहा था। ठेट सहसा के पास पहुँचने के पहले ही गांव के समीप कूंपा के साथियों और वीरम में मुठभेड़ हो गई। बड़ा जबरदस्त युद्ध हुआ। वीरमदे और राठौड़ भदा ने बड़ा पराक्रम दिखया। भदा कूंपा ने फिर भी लिहाज किया। जालोर के एक बिहारी सरदार ने वीरमदे को बड़ी कठिनाई से युद्ध-भूमि में से निकाला। वीरमदे अपने घायलों को लेकर लौट गया। मालदे का मेड़ते पर अधिकार इस घटना से जम गया। (५२-५४/२६)

एक वर्ष के बाद मालदे ने वीरमदे से अजमेर भी छीन लिया। वह वहां से कुछ समय के लिये कछवाहों के यहाँ नरायणे जा रहा। मालदे ने डीडवाना और सांभर पर भी अपना अधिकार कर लिया। वीरमदे चाटसू गया। राव की फौज ने उसका पीछा किया तब वह लालसोट गया। वहाँ भी उसे टिकने नहीं दिया तब बांवली जाकर डेरे किये। (५४/२७)

फिर वीरमदे ने अपने प्रधान राठौड़ अखैराज तथा मु० खींवा को रणथंभोर के सूबेदार के पास भेजा। वह कोई नवाब था जो प्राय: भीतर ही रहता था इसलिये उससे मुलाकात होना बड़ा कठिन काम था। तब उन्होंने युक्ति से काम किया और नवाब के लड़के की सगाई करने के बहाने से वहाँ के

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

अधिकारियों को राजी किया। खींवा ने यह सब कार्यवाही की। नवाब बड़ा प्रसन्न हुआ। वीरमदे को मिलने का अवसर दिया गया। वह ४०० सवारों सहित आकर मिला। विरमदे ने सारी परिस्थिति उसके सामने स्पष्ट की। तब उसने बादशाह को सारी स्थिति लिख कर अवगत कराया। बादशाह ने वीरम को दिल्ली भेजने को लिखा। वीरम ने वहां पहुँच कर दीवान आदि अधिकारियों को अपनी चतुराई से प्रसन्न किया। बादशाह भी खुश हुआ। वह मालदे से अप्रसन्न था ही। उधर बीकानेर से भींव जैतसियोत मु० नगा भी अपनी फरियाद मालदे के विरुद्ध लेकर आये थे। बादशाह ने चढाई की तैयारी कर आगरे में डेरा किया। (५४-५६/२८-३०)

यह सूचना मालदे को भी मिली तब उसने भी युद्ध की तैयारी की। वह ८०,००० सवारों से चढ़कर मेड़ते पहुँचा। बादशाह मौजाबाद के पास आया। मालदे अजमेर पहुँचा। वीरमदे और मालदे के बीच संदेशवाहक फिरने लगे, पर बात बनी नहीं। जैता कूंपा के पास भी आदमी आये, जिससे मालदे को संदेह हो गया। मालदे ने अपना डेरा पीछे हटाया। फिर एक डेरा और पीछे हटाने को कहा, तब जैता कूंपा ने ऐसा करना अनुचित समझ, राव की आज्ञा नहीं मानी। मालदे के दिल में संशय पैदा हो गया। वह थोड़ी रात गये जैता कूंपा से बिना सलाह किये वहाँ से रवाना हो गया। जैता कूंपा, खींवा, जैतसी, सो० अखैराज रिणधीरोत आदि सरदार २०,००० आदमियों सहित वहीं रुके, बाकी के लोग राव के साथ चले गये। सुबह समेल की नदी के उस ओर युद्ध हुआ। राव के ५००० से ऊपर आदमी काम आये। (५६-५७/३१)

रा० वीरमदे बादशाह को लेकर जोधपुर आया। यहाँ रा० अचलो सिवराजोत, रा० तिलोकसी सिवराजोत, भा० संकर सूरावत आदि गढ़ के रक्षार्थ काम आये। कुछ दिन बादशाह यहाँ रहा, फिर यहाँ का प्रबन्ध सैयद हासिम कासिम को सौंपकर प्रस्थान किया। मेड़ता वीरमदे को मिला। बीकानेर कल्याणमल को प्राप्त हो गया। (५७-५८/३२-३४)

राठौड़ वीरमदे का जन्म संवत् १५३४ में हुआ और मृत्यु १६०० के पोष माह में हुई। उसके पीछे उसके पुत्र जैमल को मेड़तियों ने टीका दिया और बादशाह की ओर से मेड़ता उसे जागीर में मिला। १० वर्ष तक उसने शान्ति से राज्य किया। (५८/३५-३६)

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

संवत् १६०३ में शेरशाह की मृत्यु होने पर मालदे ३ वर्ष का समय पीपलण के पहाड़ों में काटकर जोधपुर के खाली गढ़ में आ रहा, क्योंकि बादशाह के अधिकारी यहाँ से चले गये थे। फिर संवत् १६१० में मालदे ने जैमल पर चढ़ाई की। जयमल इस युद्ध में विजयी हुआ। मालदे के प्रथीराज जैतावत, धनो भारमलोत आदि वीर काम आये। जैमल के रा० अखेराज़ भदावत आदि काम आये। (५८-५६/३७-३६)

संवत् १६१३ में हाजीखाँ और राणा उदैसिंघ के बीच जो युद्ध हुआ उसमें मालदे ने हाजीखाँ की सहायतार्थ १५०० आदमी देकर राठौड़ देवीदास जैतावत को भेजा था। राणा उदैसिंघ की तरफ जंमल सहित अनेक हिन्दू राजा थे। यह युद्ध अजमेर से कोस १२ हरमाड़े नामक स्थान पर हुआ। यहाँ रा० देवीदास जैतावत के हाथ से बालीसा सूजा मारा गया। हाजीखाँ की विजय हुई। विपरीत परिस्थितियाँ देख कर जैमल मेड़ता खाली कर राणा के देश चला गया। मालदे ने मेड़ते पर अधिकार कर लिया और मकान ध्वस्त करवाये। (५६-६०/४०-४१)

राव ने आधा मेड़ता संवत् १६१६ में जगमाल वीरमदेओत को ७१ गाँवों से दिया। फलोदी महामाया के मंदिर में कँवर चंद्रसेन और जगमाल के बीच मुख्य सरदारों की उपस्थिति में कुछ शर्तों को दोनों ओर से निभाने की शपथ ली गई। शहर के अनेक मकान ध्वस्त किये गये और उसका नाम बदल कर नयानगर रखा गया। (६१-६३/४२-४४)

संवत् १६१८ में जैमल बादशाह के पास गया। बादशाह ने मेड़ते पर जैमल का अधिकार करवा देने के लिये ७००० घोड़ों से सरफदी को भेजा। राव की ओर से देवीदास जैतावत मेड़ते के मालकोट में थानेदार की हैसियत से रहता था। मालदे को चढ़ाई की सूचना मिलने पर चंद्रसेन और पृथ्वीराज कूंपावत आदि को २००० सवारों सहित यह आदेश देकर भेजा कि युद्ध करने का ठीक अवसर देखें तो युद्ध करें, वरना देवीदास को लेकर लौट आवें। इन लोगों ने जाकर मालकोट के पास डेरे किये। रा० सांवलदास ने एक हमला किया, जिसमें १०० मुगल मारे गये। (६३-६४/४५)

मालकोट के मुगलों का घेरा लग जाने पर निरंतर हमले पर हमले होने लगे। मालदे का यह संदेश बार-बार आने लगा कि मुगलों की फौज अधिक है अतः

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

देवीदास किला खाली करके निकल जाय, व्यर्थ में क्यों वीरता का प्रदर्शन करता है। किले की एक बुर्ज सुरंग से उड़ गई तब देवीदास मुगलों से बातचीत कर किले से निकलने लगा। कुछ ही दूर निकला होगा कि जैमल ने सरफदीन को कहा कि देवीदास प्राणां की भिक्षा माँगकर किले से निकले ऐसा सरदार नहीं है। वह निकला इसीलिये है कि मालदे को लेकर रातों-रात अपने ऊपर आएगा। अतः इसे मार डालना ही उचित है। बात ही बात में उन्होंने देवीदास का पीछा किया। सातलवस के पास युद्ध हुआ, उसमें देवीदास सहित ३३ योद्धा मारे गये। (६४-६६/४६-४७)

इस युद्ध के बाद मालदे ने कोई चढ़ाई मेड़ता पर नहीं की। जैमल को मेड़ता बादशाह की ओर से मिला। मालदेव की मृत्यु के उपरान्त चंद्रसेन गद्दी पर बैठा परन्तु आन्तरिक विग्रह के कारण उसने मेड़ता का नाम नहीं लिया। जयमल की ओर से बादशाह के वहाँ वीठलदास जैमलोत चाकरी करता था। सरफदीन उस पर बड़ी कृपा रखता था। सरफदीन पर किसी कारणवश बादशाह नाराज हो गया, अतः वह वहाँ से भागा तब वीठलदास को भी साथ लेकर मेड़ते की तरफ आया। सरफदीन डागोलाई ग्राम में रुका और वीठलदास ने आकर सारी हकीकत जमल से कही तो जैमल बड़ा पसोपेश में पड़ा। सरफदीन की इच्छानुसार उसके आदमियों को नागौर से बुलवाने के लिये सादूल जैमलोत को नियुक्त किया। बादशाह के एक मनसबदार से उसकी मुठभेड़ हो गई उसमें वह ४० आदमियों सहित मारा गया। जयमल बड़ा निराश हुआ और अन्य कोई चारा न देखकर संवत् १६१९ में मेड़ता छोड़कर मेवाड़ गया। राणा ने उसे बदनोर की जागीर दी। जब संवत् १६२४ में बादशाह अकबर ने चित्तौड़ पर चढ़ाई की तो अपने ४०० आदमियों सहित जैमल वीरतापूर्वक लड़कर काम आया। (६६-६८/५१)

सरफदीन को क्यों भगना पड़ा, इसका किस्सा इस प्रकार है—बादशाह की मां हज के लिये मक्का गई थी, तब सरफदीन साथ भेजा गया था। मक्का में यह कायदा है कि सुहागिन स्त्री अपने पति के साथ उसका दामन (छेहड़ा) बांध कर ही पीरों के दर्शन कर सकती है। बेगम ने सफरदीन को छेहड़ा बांधने के लिये कहा। उसने बहुत आनाकानी की, परन्तु बेगम मानी नहीं, तब छेहड़ा बांध कर दर्शन किये। इस बात को लेकर कुछ चुगलखोरों ने बादशाह को

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

उल्टा सीधा सिखाया जिससे बादशाह नाराज हो गया और उसे मरवाने का हुक्म दिया तब वह भागकर जैमल के पास आया। (६८/५२)

जैमल स्वयं सरफदीन को पहुँचाने सीरोही तक गया और अपने आदमियों को सपरिवार मेवाड़ की ओर रवाना किया। फिर जैमल बदनोर आया। राणा ने आकर उसे आश्वस्त किया और बदनोर, करहेड़ा तथा कोठारिया ग्राम जागीर में दिया। (६९/५३)

चित्तौड़ का साका होने के ४-५ वर्ष बाद जैमल के लड़के रा० सुरताण केसवदास बादशाह के दरबार में पहुँचे। बादशाह ने मेड़ता तो उन्हें उस समय नहीं दिया परन्तु रणथंभोर के पास मलारणा का परगना दिया। (६९/५४)

एक बात यह भी सुनी कि संवत १६३७ के लगभग बादशाह की ओर से सुरताण को सोजत जागीर में दी हुई थी। १६३७ में जब वह दरबार में गया तो उसे मेड़ता भी दे दिया गया। गांवों के बंटवारे को लेकर रा० नरहरदास ईसरोत से अनबन हो गई तब नरहरदास ने केसवदास जैमलोत का पक्ष लिया। वह उसे दरबार में ले गया और बादशाह को खुश कर आधा मेड़ता अपने नाम करवाया। (६९-७०/५५)

फिर ऐसी घटना हुई कि बादशाह की धाय एक बार मेड़ते आई। सीरोही का राव सुरतांण वहां तक पहुँचाने आया। धाय ने राठौड़ सुरतांण व केशवदास से कहा कि मुझे आमेर तक पहुँचाने का प्रबन्ध करो। उन्होंने उसकी परवाह नहीं की और अपमानजनक शब्द कहे। उसने आमेर जाकर बादशाह से मेड़तियों के दुर्व्यवहार की शिकायत की जिस पर उसने मेड़ता इनसे तागीर कर लिया। रहने के लिये सुरताण को सरवाड़ और केसवदास को नागेलाव दिया। (७०/५६)

संवत १६४० में जब नबाब खानखाना गुजरात का सूबेदार था तब सुरतांण जैमलोत उसके अधीनस्थ था। वहाँ जगा जाड़ेचा अहमदाबाद में बहुत लूट-पाट करता था। उसे मारने के सभी प्रयास विफल होते थे। अंत में सुरतांण के राजपूतों ने उसे मारा। नबाब खानखाना इस कार्य में बड़ा प्रसन्न हुआ और बादशाह को सिफारिश कर मेड़ता उसे दिलवाया। संवत १६४२ की फागुन सुदि ३ को ये मेड़ता आ रहे। संवत १६४६ में सुरताण की मृत्यु हो गई। मेड़ता बलभद्र को मिला। (७१-७२/५७-५९)

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

संवत १६५३ में बलभद्र सुरताणोत की मृत्यु हो जाने पर उसके हिस्से का मेड़ता राठौड़ गोपालदास सुरताणोत को मिला। केसवदास का हिस्सा केसवदास के पास रहा। संवत १६५६ में दक्षिण में बीड़शहर है, वहाँ शाही सेना की ओर से चाँदबीबी के विरुद्ध लड़ते हुए गोपालदास, केसवदास और द्वारकादास जैमलोत तीनों ही काम आये। गोपालदास का हिस्सा उसके पुत्र जगन्नाथ को और केसवदास का हिस्सा कान्हदास को मिला। (७२/६०)

बाद में जब जगनाथ गोपालदासोत और कछवाहा राजा रामदास के बीच वैमनस्य हुआ तब संवत १६५८ में जगनाथ का हिस्सा राजा सूरजसिंह को दे दिया गया। उन दिनों कान्हदास केसवदासोत के आदमी शहर की कोटड़ी में रहा करते थे, तथा राजाजी का कामदार मालकोट में रहता था। संवत १६६१ में कान्हदास का स्वर्गवास हुआ तब मेड़तिया सरदार मुगल दरबार में गये परन्तु बादशाह ने इन्दरभाण को उत्तराधिकार देना स्वीकार नहीं किया और कान्हदास का भी हिस्सा सूरजसिंह को दे दिया। वह जीवन पर्यन्त उनके अधिकार में रहा। (७३/६१-६२)

संवत १६७६ में जब सूरजसिंह का स्वर्गवास हुआ तो मेड़ता तागीर होकर शाहजादे खुर्रम को हुआ। अबू अमीन होकर आया। संवत १६७६ में शाहजादे ने परगने के गांव अपने उमराव चाकरों को बांट दिये सो दो वर्ष तक इसी तरह रहे। २०४ गांवों से कस्बा भीम अमरावत सीसोदिया को था। (७३/६३-६४)

संवत १६७६ में राजाजी के जागीरदारों ने माल घासमारी वसूली की थी। इस सम्बन्ध में रा० गजसिंह खींवावत अबू के पास आकर २० दिन मेड़ते रहा तथा रुपये ५०,०००) दिये। (७४/६५)

संवत १६७६ में शाहजादा खुर्रम जहांगीर के विरुद्ध हो गया तब महाराजा गजसिंह बादशाह से चाटसू के पास आकर मिले। राजाजी के मनसब में हजार जात की वृद्धि की गई। अजमेर सूबे के खालसे के सभी परगने परवेज की जागीर में हुए, उनमें मेड़ता भी शामिल था। मेड़ता परवेज ने सैयद को जागीर में दिया। फिर राजसिंह खींवावत ने प्रयत्न करके शाहजादे की ओर से ही मेड़ता राजाजी को दिलवाया। संवत १६८० भादवा वदि ८ को उनकी ओर से कान्ह खींवावत तथा भंडारी लूणा ने मेड़ते में अमल दस्तूर किया। रु० २,००,०००) में मेड़ता राजाजी को दिया गया था। (७४-७५/६६-६७)

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

संवत १६८२ में दक्षिण में महाबतखान परवेज की सहायतार्थ नियुक्त था। खुरासानियों के बहकावे में आकर बादशाह ने उसे दरबार में आने के लिये फिदाईखान के मारफत फरमान भेजा। उस समय फिदाईखान के साथ राजसिंह खींवावत दरबार में उपस्थित हुआ और मेड़ता शाही मनसब में पचास हजार रुपये खोजा के कहने से बढाकर ढाई लाख रुपये में राजाजी को प्रदान किया गया। (७६/६८)

संवल १६८९ में जब आसपखांन के साथ राजा गजसिंह दक्षिण में नियुक्त थे तब उक्त खान से राजाजी की अनबन हो गई। उसने दरबार में आने पर राजाजी के विरुद्ध बादशाह को शिकायत की तब पचास हजार रुपये की मेड़ते की रेख में वृद्धि करदी गई। (७६-७७/६९)

संवत १६९४ में जब राजा गजसिंह का देहान्त हुआ तो जसवंतसिंह गद्दी पर बैठा। उस समय उन्हें मेड़ता पचास हजार रुपये और बढ़ाकर साढे तीन लाख रुपये में प्रदान किया गया। (७७/७०)

परगने मेड़ते की पैमाइश संवत १६३० में किरोड़ो मूले ने की थो। उसके अनुसार जमीन की स्थिति इस प्रकार है—

कुल धरती बीघा—२६,१२.९५६
पहाड़, जंगल, नदी आदि—२,१५,४३०
बाकी उपयोगी भूमि—२३,९६,४२५
(७७/७१)

पटी वार प्रत्येक तफा की धरती की विगत उपरोक्त हिसाब से। (७८/७२)

परगने मेड़ते की सालाना कुल आमदनी की सूची संवत १७०१ से लेकर संवत १७२० तक। (७८-७९/७३)

मेड़ते परगने की तफावार आमदनी की सूची संवत १७०१ से १७२१ तक।
(७९-८२/७४)

परगने मेड़ते की खालसा की आमदनी की विगत संवत १६९२ से संवत १७१७ तक। (८२-८३/७५)

परगने की आबादी संवत १७२० में नैणसी द्वारा कूती गई—२५१२ महाजन घर, ३६९ ब्राह्मण, ५३ कायस्थ, १ खत्री टोडरमल (तोडरमल), १९०

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

राजपूत, २९२ सिपाही (मुसलमान), ८ गेरूतबाव ईसर के लड़के, २१२४ अन्य निम्न जातियों के घर, ११ फकीर घरबारी लोग। (८३-८६/७६-७७)

परगने में कानूगोओं के हिस्से में बंटी हुई पट्टियों की विगत—

१॥ पट्टी पंचोली रूपचंद सूरजमल भींवाणी के।

१॥ पट्टी पंचोली हरवंस मांणक भंडारी के।

४ पट्टी छतरसिंह जादवदास जोगीदास अणंदोसा के पुत्रों के।

१ पट्टी कानूगा करमचंद गंगाराम के।

१ पट्टी कानूगा गूजरमल के लड़के पोतों के।

इस प्रकार कुल ९ पट्टी। (८६-८८/७८)

परगने मेड़ते में लिया जाने वाला जमीन का लगान व अन्य करों की विस्तृत विगत महाराजा गजसिंह के समय से लेकर जसवंतसिंह के समय की (सं० १७१९)। (८८-९८/७९-८५)

परगने मेड़ते के गांवों की सीमा पास के परगनों के जिन-जिन गांवों से लगती है उसकी तालिका। (९८-१०६/८६-८८)

परगने में ब्राह्मणों, चारणों, देवस्थानों, भाटों तथा पीरजादा को दिये गये ग्रामों की विगत— राव बरसिंह जोधावत से लेकर जसवंतसिंहजी तक।

गांव	रु०	आसामी
१५॥	७७००)	ब्राह्मणों को
२	१३००)	देवस्थान
१	५००)	पीरजादा को
२७	१५०००)	चारणों को
१	२००)	भाट को
४६॥	२४७००)	(१०७-११५/८९-९०)

श्री फलोदी माताजी के मंदिर की हकीकत—यह मंदिर प्राचीन काल में राजा मानधाता का बनवाया हुआ माना जाता है। मालवदेश में जब शेरखान बादशाह का राज्य था तब उसके हुक्म से हिन्दू मंदिर गिराये गये तब इसका भी कुछ भाग खंडित किया गया। इसका जीर्णोद्धार राव जोधा के समय में हेमराज सुराणा ने करवाया। इसके पूर्वज बड़े प्रसिद्ध दानी थे। सं० १५५५ में इसकी प्रतिष्ठा का दस्तूर किया गया। (११५-११६/९१)

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

परगने के प्रत्येक गांव की विस्तृत विगत, तफा वार—

तफा	गांव	आबाद	सूने	दान दिये हुए
हवेली	१२	१०	०	२ (११६-१२०/६२)
आणंदपुर	३६	३३	३	३ (१२०-१२६/६३-६४)
मोकाला	४५	३४॥	२	८॥ (१३०-१४१/६५-६६)
कलरा	४४	३२	८	४ (१४१-१५३/६७-६६)
राहण	५६	३८	७	११ (१५३-१६६/१००-१०३)
मोडरो	४१	३७	०	४ (१६६-१७६/१०४-१०३)
अलतवा	३८	३०	४	४ (१७६-१८६/१०४-१०७)
देघाणा	५१	४०	६	५ (१८६-१६६/१०७-१०६)
रेयां	५८	४४	१०	४ (१६६-२१३/१०६-११०)

परगना सिवाणा

यह जोधपुर से दक्षिण में है। जोधपुर से ३० कोस तथा जालोर से १५ कोस पड़ता है। धरणीवाराह ने अपने भाई भोज को जालोर दिया था। उसके लड़के पंवार वीरनारायण ने पहाड़ी पर सिवाने का गढ़ बनवाया, संवत् १०७७ में। इसके बीच में भांडेलाव नामक बड़ा तालाब है। किले में विशेष इमारतें बनी हुई नहीं है। (२१५/१)

पंवारों से यह गढ़ चहुवानों के अधिकार में गया। कान्हड़दे ने यह स्थान अपने भतीज सातलसाम को दिया था। बादशाह अलाउद्दीन इस पर

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

चढ़कर आया तो उसने छोटा-सी पहाड़ो पर यह किला देखा और इसका जीतना सहज जानकर इसका नाम सीवाणा रखा। पहले नाम कुंभटा था। गढ़ के रक्षार्थ सातलसोम के साथ राव तोडा यहां काम आया था। (२१५-२१६/२)

फिर माला सलखावत ने मुगलों से छीनकर यह गढ़ रा० जंतमाल सलखावत को दिया सो ६ पीढ़ी तक जंतमालों के सिवाना रहा। (२१६/३)

तत्पश्चात राव जोधा ने देवीदास से छल करके गढ़ पर अधिकार किया। अपने पुत्र सिवराज जोधावत को इसका प्रबंध सौंपा। देवीदास भटकता हुआ सांचोर आकर रहा और घुघरोट के भायलों की सहायता लेकर किले पर पुनः अधिकार कर लिया। सिवराज दूनाड़े चला गया। (२१७-२१८/४-५)

कुछ दिनों बाद राणा देवीदास की मृत्यु हो गई तब गद्दी पर राणा जोगा बैठा। जोगा के बाद करमसी अधिकारी हुआ और उसके बाद डूंगरसी गद्दी पर बैठा। इस पर जोधपुर का शासक राव मालदे चढ़ आया। डूंगरसी ने गढ़ में रहकर कई महीने मुकाबला किया परन्तु अन्त में संवत् १५६५ आषाढ़ वदि ८ को गढ़ पर मालदे का अधिकार हो गया। मालदे के बाद कुछ समय के लिये रायमल मालदेओत को मिला। फिर चन्द्रसेन ने गढ़ अपने अधिकार में ले लिया। (२१८-२१९/६-७)

कुछ समय बाद बीकानेर के राजा रायसिंह व शाहबाजखां ने गढ़ को आ घेरा। राव भी वहीं था। मुकाबला हुआ। फिर संवत् १६३२ में गढ़ उन्हें सौंप दिया। कई दिनों तक मुगलों का अधिकार रहा फिर वे खाद्यान्न की कमी के कारण उसे खाली कर गये। संवत् १६३५ में डूंगरपुर से आकर चन्द्रसेन फिर यहां रहने लगा। सं० १६३७ में उसकी मृत्यु हुई। रायमल भी जल्दी ही मरा। (२१९/८)

कल्याणदास तथा प्रतापसिंह मुगल दरबार में उपस्थित हुए तब इन दोनों भाइयों को सिवाना दिया गया। मोटा राजा ने शाहजादे को अपनी लड़की ब्याही तब वहां कल्याणदास से झगड़ा हो गया जिसके फलस्वरूप बादशाह नाराज हो गया और उसने चढाई का हुक्म दिया। कला ने वीरता से मुकाबला किया और अनेक योद्धाओं सहित काम आया। गढ़ पर सं० १६४६ में कब्जा हो गया। (२१९-२११/८-१०)

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

सीवाने परगने व उसके गांवों की रेख की सूची। (२२१-२२३/११-१२)

कस्बे सीवाने की आबादी संवत् १७२१ के वर्ष में–राजपूतों के घर ९५, महाजनों के ८१, ब्राह्मणों के २५, मुसलमानों के ४० तथा अन्य निम्न जातियों के ४२, कुल बस्ती घर २८३। (२२३-२२४/१३)

गांवों की सूचियें बसने वाली जातियों की प्रमुखता के अनुसार। सूने गांव तथा सांसण के गांवों की विगत। (२२४-२३२/१४-१८)

परगने के गांवों की विस्तृत विगत उपरोक्त वर्गीकरण के अनुसार।
(२३२-२६६/१९-२१)

परगने के सांसण (दान में दिये हुए) के गांवों की विस्तृत विगत।
(२६६-२७७/२३-२४)

परगने के गांवों से पास के परगने की सीमाएँ लगती हैं उनकी तालिका।
(२७८-२८०/२५)

परगने के खालसा के लगान की आमदनी की विगत संवत् १६९२ से १७१७ तक। (२८०/२६)

खालसा जागीर सांसण आदि कुल मिलाकर परगने की आमदनी।
(२८१/२७)

सूकड़ी नदी के बहाव का हाल, जिन-जिन गांवों में होकर बहती है उनके नाम। (२८१/२८)

परगने के गांवों का वर्गीकरण–जहां सिंचाई होती है, जहां पानी भरने से गेहूं आदि होते हैं, जहां केवल सावणू एक ही फसल होती है, गांव जो सूने हैं।
(२८२-२८५/२९)

सांसण के गांवों की सूची, दान देने वाले शासकों के क्रम से।
(२८६-२८८/३०)

परगना पोकरण

प्रारम्भ में यह शहर पुष्करणा ब्राह्मणों के पूर्वज पुष्कर ऋषि के द्वारा बसाया गया था। पुष्कर ऋषि जब यहां आकर बसा तो पानी की बड़ी कमी

T　CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

थी, उसने वरुण की आराधना की जिससे शहर के आस-पास पानी की अधिकता हुई। (२८९-२९०/१-२)

प्राचीन काल में यहां पर रवा पंवार राज्य करता था, श्री लक्ष्मीनारायणजी का मंदिर उसी का करवाया हुआ है। उसके लड़का नहीं था। उसकी मृत्यु के पश्चात् नानग छावड़ा गद्दी पर बैठा जो बड़ा प्रसिद्ध वीर हुआ। उसका लड़का महि धवल हुआ। उसके समय में भैरवा राक्षस का बड़ा उत्पात था, उसके श्राप से पंवारों का राज्य समाप्त हुआ। (२९०-२९१/३-४)

इसके पश्चात् कई वर्षों तक यह धरती सूनी रही। महेवा में जब रांव माला राज्य कर रहा था तब रामदेव पीर के पिता अजैसी ने उससे स्वीकृति लेकर पोकरण को बसाया। भैरवा राक्षस को पराजित कर रामदे ने वहां से उसे सिंध की ओर चले जाने का आदेश दिया। राठौड़ जगमाल मालावत के पुत्र हमीर के साथ रामदे की पुत्री का विवाह हुआ तब पोकरण उसे देकर रामदे रामदेवरे आ रहा। हमीर के बाद उनका राज्य तीन पीढ़ी तक यहां रहा। (२९१-२९२/५)

वरजांग का पुत्र राव खींवा निर्बल शासक था। उस समय तक पोकरण के किले की पोल के दरवाजे तक नहीं थे। नरा सूजावत उन दिनों फलोदी रहता था, उसने अवसर देखकर पोकरण पर अधिकार कर लिया। खींवा ने आकर उसके बहुत से जानवर घेर लिये। नरा ने पीछा किया और मुठभेड़ होने पर मारा गया। इस पर सूजा स्वयं फौज लेकर आया और दूर-दूर तक माला के गांव लूटे तथा पोकरण का टीका नरा के पुत्र गोयन्द को दिया। नरा ने पोकरण के पास पहाड़ी पर सातलमेर बसाया था। गोयन्द १५६० में गद्दी पर बैठा। कुछ वर्षों बाद पोकरणों ने रामदेवरे के पास से अनेक गायें घेर ली तब गोयन्द ने उनका पीछा किया। कोढ़णे के पास १४० पोकरणों को मारा और लूंका को पकड़ लिया। फिर लूंका से मेल करके पुराना बैर भुलाकर पोकरण के दो हिस्से कर दिये। सातलमेर अपने पास रखा और पोकरण लूंका को दी। सातलमेर में उस समय ५०० घरों की बस्ती थी। (२९२-२९३/६-७)

गोयन्द की मृत्यु (सं० १५८२) के पश्चात उसका पुत्र जेतमाल गद्दी पर बैठा। यह योग्य शासक नहीं था। जैसलमेर के रावल मालदे की पुत्री से उसका विवाह हुआ था। इसके प्रधान ने कुछ बनियों को बहुत

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

सताया, उन्होंने जोधपुर के मालदे से फरियाद की जिसके फलस्वरूप मालदे फौज लेकर चढ आया। केवल ५ दिन जैतमाल मुकाबले में टिक सका और गढ मालदे को सौंप कर जैसलमेर चला गया। (२६३-२६४/८)

मालदे ने संवत् १६०७ में सातलमेर को ध्वस्त करवाया और पोकरण में पुराने गढ के स्थान पर नया गढ करवाया। पोकरण मालदे के अधिकार में जीवन पर्यन्त रही। उसके बाद चन्द्रसेन जब जोधपुर छोड़ कर पीपलण के पहाड़ों में चला गया तब पोकरण के किले में चहुवान रामा झांझणोत आदि सरदार रहते थे। उन दिनों राठौड़ मानसिंह कछवाहों की सहायता से गढ पर चढ आया। चन्द्रसेन भी सूचना मिलते ही पहुँचा और मानसिंह को भगा दिया। (२६५/११)

बादशाह ने भाटी भाखरसी हरराजोत को पोकरण प्रदान की। उस समय चन्द्रसेन मेवाड़ में था। भाखरसी ने आकर गढ़ के घेरा दिया। २ महीने तक बहुत प्रयत्न करने पर भी भाखरसी को सफलता न मिली और वह चला गया तब हरराज ने भींव को २००० योद्धाओं सहित भेजा। गढ़ के लोगों ने मुकाबला किया। इसी बीच लोगों ने बातचीत करवा कर एक लाख रुपियों में पोकरण इन्हें अडाणी (रहन) दिलवादी। तत्पश्चात चन्द्रसेन अन्य सघर्षों में व्यस्त रहने के कारण पोकरण की खबर न ले सका। (२६६-२६७/१२)

संवत् १६३८ में मोटा राजा को जब बादशाह अकबर ने जोधपुर दिया तब सातलमेर भी मनसब में लिखा गया। परन्तु वहाँ उसका अमल (राज्याधिकार) न हुआ। (२६७/१३)

सूरजसिंह जब गद्दी पर बैठा तो मनसब में सातलमेर एक लाख दाम में लिखी गई। राजा ने कुंवर गजसिंह को सेना देकर पोकरण पर अधिकार करने को भेजा पर बादशाह ने मना कर दिया, अतः अधिकार न हो सका। (२६७-२६८/१४)

महाराजा जसवंतसिंह को ६ लाख दाम में मनसब में पोकरण दी गई। जैसलमेर का मनोहरदास पोकरण का स्वामी था। उसका देहान्त हो गया तब बादशाह की स्वीकृति लेकर फौज की तीन टुकड़ियाँ तीन अधिकारियों - गोपालदास, वीठलदास और नाहरखान के सेनापतित्व में गढ प्राप्त करने को

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

भेजी। मु. नैणसी भी साथ था। भाटियों के ३५० योद्धा उस समय किले में थे। कई दिनों तक युद्ध होता रहा, अनेक भाटी काम आये। अन्त में काती वदि ५ को महाराजा का किले पर अधिकार हो गया। मुहणोत नैणसी को वहां के थाने पर सुरक्षा के लिये अनेक योद्धा देकर रखा। (२९८-३०८/१५-१७)

पोकरण १५०००) की आमदनी का परगना है। इसमें रुपये ५०००) की आमदनी संवत् १७१६ में राहगीर व्यापारियों से वसूल किये गये कर से हुई थी। (३०८/१८)

पोकरण समतल व ठोस भूमि पर बसा हुआ है। मालदे ने जो गढ़ करवाया वह १५ गज ऊँचा है। इसे जगह-जगह रावळ भींव व कल्याणमल ने भी ऊँचा करवाया था। कोट में कुल २१ बुर्जें हैं। पहले एक ही पोल थी। महाराजा ने परकोटे की एक पोल और करवाई जिसे जसपोल कहा जाता है। कोट २०० गज चौड़ा और २०० गज ही लम्बा है। इसमें एक कुंआ था, एक बावली है। १०० घर भाटियों के अन्दर बसते थे। मन्दिर एक जैन, एक देवी का तथा एक चावंडा की मूर्ति है। कोट के चारों ओर ४ गज गहरी और पांच गज चौड़ी खाई है। (३०८-३०९/१९)

पोकरण शहर की आबादी का अनुमान इस प्रकार है—३१० महाजनों के घर, ५० करसों के घर, ५० ब्राह्मणों के, ३० भोजग डोहकिया, तथा दूसरे अन्य जातियों के। इस प्रकार कुल घर ५५७ हैं। (३१०-३११/२०)

शहर में मन्दिर व जलाशय आदि इस प्रकार हैं—चत्रभुजजी का मन्दिर, सूरजजी का मन्दिर, देवीजी का मन्दिर (शहर से आधा कोस दक्षिण में), महादेवजी का मन्दिर, बालनाथजी का स्थान। जलाशय—डूंगरसर (शहर से १ कोस उत्तर में), नरासर (शहर से १½ कोस ईशान में), मेहरलाई (पूर्व में आधा कोस दूर), रूखी री तलाई, सुदाताधी तलाई, संघरलाई, मोखासर (इस पर नरा की छतरी बनी हुई है), रामदेसर, धरणीसर (पोकरण से डेढ कोस), लीगासर (पूर्व में ३ कोस दूर)। बावलियें—कुंभार वाय, मोहण वाय, नीबली, सरंग वाय, मेहा वाय, बीस वाय, मदागण, भाखर वाय, कोहरियो, खांडी वाय, वछेसर, बाली बावड़ी, थड़ी वाव, सता वाय, देहाऊग वाय, खांखो री वाय, मोखासर आदि। ५ बावड़ियें दान दी हुई हैं। (३११-३१५/२१-२४)

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

नदी एक, पोकरण से दक्षिण की ओर (जो कुम्भारों का बाहळा कहाता है) कोट के नीचे से बहती है। इससे अनेक खेत भरते हैं। एक बड़ा जोड (चरागाह) है। इसमें खूब घास होती है। पीर रामदे का स्थान गढ में है क्योंकि पहले यहां रामदे की कोटड़ी थी। तीर्थ एक तृवाय कुंड है।
(३१५-१६/२५

पोकरण की जमीन का व्यौरा—सावणू खेती से सभी अनाज अच्छे पैदा होते हैं। ५ गांवों में सेंवज से २००० मन के करीब गेहूँ होते हैं। ५०० मन गेहूँ बावलियों पर होते हैं। (३१६/२६)

५ गांवों में नमक पैदा होता है—पोकरण, दांतसुई, लोहमे, धुहड़सर, आवणेसे। (३१६/२७)

परगने के गांवों की सूचियें जातियों की बस्ती के अनुसार।
(३१६-३१९/२८)

पोकरण से अन्य शहरों की दूरी—जोधपुर ४० कोस, जैसलमेर ३५ कोस, फलोदी १६ कोस, नागौर ६० कोस, बीकानेर ५५ कोस, महेवो ३५ कोस आदि। (३२०/२९)

परगने के गांवों से अन्य परगनों के गांवों की सीमा लगती है उसकी तालिका। (३२०-३२२/३०)

परगने की आमदनी, जमीन के लगान व मेले तथा सांसण के गांवों की, संवत् १७११ से संवत् १७१९ तक। (३२२/३१)

महाराजा जसवन्तसिंह का अधिकार होने के पश्चात् पोकरण परगने की आय संवत् १७०७ से संवत् १७१५ तक। तथा १७०७ से १७१५ तक नियुक्त हुए हाकिमों के नाम। (३२२-३२३/३२-३३)

श्री रामदेवजी के दो मेले वर्ष भर में लगते हैं—१. भादों में, २. माघ में। इनसे होने वाली आमदनी की सूची संवत् १७०७ से संवत् १७२०। पोकरणा राजपूतों की जसवन्तसिंह के समय में स्थिति पर टिप्पणी।
(३२३-३२४/३५-३६)

परगने की आमदनी के साधन तथा विभिन्न करों की विगत।
(३२५-३२७/३७-३८)

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

परगने के गाँवों की विस्तृत विगत। (३२७-३४८/३९-४१)

सांसण दिये हुए गांवों की विगत, ब्राह्मणों व चारणों को।

(३४८-३५५/४२-४३)

पोकरण का परगना शाही दफ्तर में सातलमेर लिखा जाता है। १७२१ में मु० नैणसी व पं० नरसिंघदास ने ४० गांवों की रेख शुद्ध करके लिखी। (३५६-३५७-/४४)

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

टिप्पणियाँ : प्रथम भाग

[महत्वपूर्ण व्यक्तियों तथा स्थानों आदि पर टिप्पणियाँ]

परगना जोधपुर

मंडोवर (प्र० १/अनु० १)—यह जोधपुर से ५ मील उत्तर की ओर है। इसका अस्तित्व ईसा की ४ शताब्दी से माना जाता है। शिलालेखों में इसका नाम माण्डव्यपुर लिखा मिलता है। यहाँ का दुर्ग अब ध्वस्त हो गया है परन्तु प्राचीन कला के कुछ सुन्दर नमूने अब भी देखे जा सकते हैं। राव रिडमल और कुछ समय तक जोधा की राजधानी यहाँ रही। जोधपुर राजधानी हो जाने के पश्चात् भी महाराजा तखतसिंह तक के शासकों का दाह-संस्कार इसी स्थान पर हुआ है। उन पर बड़े भव्य स्मारक बने हुए हैं। वर्तमान में यहाँ बड़ा आकर्षक उद्यान बना हुआ है।[1]

नव कोटि (१/२)—यहाँ उल्लिखित नव कोटों के आधार पर ही मारवाड़ को 'नव कोटी' मारवाड़ कहा जाता था और इसका क्षेत्र बड़ा विस्तृत माना गया है।[2]

नाहड़राव—इस शासक के सम्बन्ध में प्राचीन ख्यातों में अनेक वृत्तान्त मिलते हैं। इसने मंडोवर का दुर्ग सुदृढ़ करवाया तथा पुष्कर का तालाब खुदवाया। मारवाड़ का नारलाई ग्राम तथा आसोप के पास नाहड़सर तालाब भी इसी के बनाये हुए कहे जाते हैं। यह बड़ा प्रतापी शासक था।

लाखो फूलाणी (५/६)— यह यादवों की जाड़ेचा शाखा का शासक था, कच्छ भुज में इसका राज्य था। अपनी दानशीलता के कारण कर्ण के

---

१. विस्तृत जानकारी के लिये देखें 'जोधपुर राज्य का इतिहास' (प्रथम खण्ड) डॉ० ओझा, पृ० २४।

२. द्रष्टव्य—'नव कोटां री विगत"—मारवाड़ रा परगनां री विगत भाग २, पृ० ५००।

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

समान आज भी याद किया जाता है। मारवाड़ की ख्यातों में भी यह वृत्तान्त मिलता है कि लाखा की मृत्यु सीहा के हाथ से हुई। रासमाला के प्रणेता फारबस ने भी यहो संभावना प्रकट की है।[1] परन्तु ओझाजी के अनुसार दोनों शासकों के समय में कोई २०० वर्षों का अन्तर है, इसलिये सीहा के हाथ से लाखा की मृत्यु होना कपोल कल्पना ही है।

राव सीहा (६/१४)—जोधपुर की रीत किरियावर की बही[2] में लिखा है कि महेश्वर महादेव ने सीहा को मारवाड़ में उसके वंशजों का राज्य होने का वरदान दिया था। अतः बाद में आसथान ने यहाँ नीलकंठ महादेव का मन्दिर बनवाया जिसे सीहेश्वर महादेव भी कहते हैं।

रायपाल (१५/२२-२३)—रायपाल बड़ा दातार शासक हुआ। उसने रोहड़िया चारणों को अपना प्रोल पात्र बनाया। इस प्रसंग का एक प्राचीन गीत भी मिलता है—"बारै सौ समत बासठै..................... दीधा नेग तदी कमधां पत रायपाल रीझे महाराव"। नैणसी ने यहाँ यह मत व्यक्त किया है कि मगा बुध को रायपाल ने रोहड़िया चारण बनाया तब से यह शाखा चली। परन्तु यह बात विचारणीय है क्योंकि रायपाल से पहले ऊनड़ जाम हो गया जिसने रोहड़िया शाखा के सांवलसुद कवि को कोड़ समाई देकर सम्मानित किया था। सांवल बारहठों की १२ शाखाओं में से १ शाखा का प्रवर्त्तक भी माना जाता है।[3]

पूजनीक (वृक्ष) (२०/३१)—यहाँ पूजनीक शब्द से तात्पर्य जोधों के पूजनीक वृक्ष फरास से है। मारवाड़ की ख्यात में लिखा है कि वीरम ने उक्त वृक्ष को कटवाकर उस पर ढोल मंडवाया और उसे बजाया तब जोयों ने इस अपमान को सहन नहीं किया जिसके फलस्वरूप युद्ध हुआ जिसमें वीरम मारा गया। इसका वर्णन बादर ढाढ़ी ने अपने प्रसिद्ध ग्रन्थ वीरमायण[4]

---

१. रासमाला (प्रथम भाग) अनु० गोपालनारायण बहुरा, पृ० १२५।

२. राजस्थानी शोध संस्थान चौपासनी का संग्रह।

३. मुहणोत नैणसी री ख्यात (भाग २) रा० प्रा० वि० प्र०, पृ० २३६ तथा मुरारीदान की ख्यात रा० प्रा० वि० प्र०, पृ० २६।

४. वीरमायण—संपादिका रानी लक्ष्मीकुमारी चूंडावत, रा० प्रा० वि० प्र० जोधपुर।

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

में बड़े रोचक ढंग से किया है। वीरम का बैर गोगादे ने दला को मार कर लिया।

आल्हा चारण (२१/३२)--इस कवि का यह दोहा चारण समाज में आज भी प्रचलित है—

चूंडा ना आवै चीत, काचर काळाऊ तणा।
भड़ थहियौ भैभीत, मंडोवर रै माळिये।।

सालोड़ी ग्राम (२२/३४-३५)—यह ग्राम जोधपुर से उत्तर पश्चिम में २० मील की दूरी पर है, उसके पास मालूंगा तथा बालरवा ग्रामों के बीच बाड़ी के पहाड़ों में होकर नदी बहती है। वहाँ चामुण्डा का प्राचीन मन्दिर और चूंडा-वावड़ी अब भी विद्यमान हैं।

गांगदेव री बेटी लीला (२५/३६)—गांगदेव की लड़की की शादी चूंडा से करके ईंदों ने उसे मंडोवर सौंपीं, इसकी साक्षी का दोहा इस प्रकार है—

चूंडो चंवरी चाड़, दियौ मंडोवर दायजै।
ईंदां रौ उपकार, कमधज कदे न विसरै।।

चूंडो काम आयो (२६/४१)—नागौर में चूण्डा के काम आने के सम्बन्ध में कुछ विद्वानों में मतभेद है परन्तु नागौर परगने के हाल में चूंडा का नागौर के टुकछा ग्राम में काम आना लिखा है।[1]

नरबद सतावत (२६/४३)—नरबद राणा के प्रसिद्ध सामन्तों में हुआ। नरवद और सुप्यारदे की बात प्रसिद्ध है जिसका उल्लेख नैणसी ने इस ग्रन्थ में अन्यत्र किया है।

अचलदास खीचो (२८/४७)—यह गढ गागरून का प्रसिद्ध शासक हुआ। इसके विषय में लिखी हुई शिवदास गाडण की वचनिका[2] तथा लालां मेवाड़ी और अचलदास खीची री बात प्रसिद्ध साहित्यिक कृतियाँ हैं।

---

१. मारवाड़ रा परगनां री विगत (भाग २), पृ. ४२१।

२. संपादक : दीनानाथ खत्री, शार्दूल राजस्थानी रिसर्च इन्स्टीट्यूट, बीकानेर।

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

भीम चूंडावत (३१/५१)—यह चूंडा का पुत्र था। इसके पट्टे में सालावास, नन्दवाणा, गुड़ा मोगड़ा, भावी, लांबा और भुंडली ये सात गाँव थे। उसके तीन पुत्र थे—वैरसल, वरजांग और वीजा।[1] उसकी प्रशंसा में एक प्राचीन सोरठा इस प्रकार है—

हुओ कियां ही हार, जैत हुओ क्यां ही जुडण।
बेदल बापूकार, भींवा तैं भेला किया॥

वरजांग भींवोत (३१/५१) यह भींव चूंडावत का पुत्र था और अपने समय का बड़ा रजपूत हुआ। इसने राव रिड़मल जोधा और सत्ता के समय में बड़ी-बड़ी लड़ाइयाँ लड़ी। इसीलिये इसकी प्रशंसा में इसे 'एक पाखर लाख पाखर' कहा जाता है। जोधा जब चित्तौड़ से निकला तो बरजांग उसके साथ था। भीलवाड़े के घाटे के पास जो घमासान युद्ध हुआ उसमें घायल होकर गिर गया। शीशोदिये इसे उठाकर चित्तौड़ ले गये क्योंकि वह उनका भानजा था। राणा ने उसे किले में नजरबंद रखा। बरजाँग के घावों पर पट्टी बांधने के लिये उसके सेवक रोज १२ गज रेजी (मोटा कपड़ा) लाया करते थे। जब घाव ठीक होने को हुए तो रेजी के बचे हुए टुकड़ों का रस्सा बनाकर सेवकों ने वरजांग को किले की दीवार पर से सीधा नीचे उतार लिया और गुप्त रूप से एक बैलगाड़ी लेकर वहां से निकल भागे। रास्ते में गागुरन के तालाब पर डेरे किये और संयोग से अचलदास खीची की पुत्री के साथ उसका विवाह भी हुआ।

फिर यह जोधा से आ मिला। जोधा ने जब मंडोर पर अधिकार कर लिया तो इसे रोयट का पट्टा दिया। राणा की फौज वहां उस पर चढ़ आई थी परन्तु उसने बड़ी वीरता से उसका मुकाबला किया और घायल होने पर भी फौज को भगा दिया। कहते हैं कि इस युद्ध में उसके गर्दन की एक हड्डी तलवार के झटके से टूट गई थी उसकी जगह कैर की लकड़ी डाल कर उसे दुरस्त कर दिया था। उस कैर का पूजन बाद में भी उसके वंशज करते थे।

---

१. द्रष्टव्य—मुरारीदान की ख्यात, ग्रंथांक १५६७२, रा० प्रा० वि० प्र० जोधपुर।

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

एक बार जब इसकी घोड़ियें महेवा के शासक वीदा के पुत्रों ने पकड़ली तो इस बात पर दोनों पक्षों में बड़ी लड़ाई हुई। अनेक योद्धा मारे गये।

राव सातल के समय में कोसाणे के पास मलूखां से जो युद्ध हुआ उसका सफल संचालन बरजांग ने ही किया था और सातल की उसमें विजय हुई थी। इस अवसर पर भावी का पट्टा उसे दिया गया था।

राव बोका ने जो जोधपुर पर सूजा के समय में चढ़ाई की थी उसमें भी बरजांग का हाथ बताया जाता है।

वरजांग के परिवार की विगत[1]—

१. सुरजण वरजांगोत, राणा की फौज से लड़कर काम आया।
२. कला सुरजणोत बड़ी लड़ाई में काम आया। सालावास, नंदवाणा तथा डूंगरपुर इसके पट्टे में थे।
३. अखैराज कलावत, फलोधी काम आया। सालावास तथा नंदवाणा पट्टे में थे।
४. मेघराज कलावत, सालावास पट्टे में था।
५. राघोदास मेघराजोत।
६. सुन्दरदास राघोदासोत।
७. बलू मेघराजोत तथा मना मेघराजोत।
८. लूणा अखैराजोत, तणावड़ा दोनों पट्टे में थे।
९. केसोदास लूणावत।
१०. जसा लूणावत, राधणपुर काम आया।
११. नरसिंघदास लूणावत, लक्ष्मीदास लूणावत।
१२. लधा लक्ष्मीदासोत।
१३. सांकर कलावत।
१४. सांवल सांकरोत।
१५. कूंभा सांवलोत।
१६. देवा कलावत।

---

१. मुरारीदान की ख्यात, ग्रंथांक १५६७२, रा० प्रा० वि० प्र०, जोधपुर।

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

१७. महेसदास देवा का ।

१८. भाखरसी महेस का ।

१९. जेधा, वाघा, वीरमदे महेस के ।

२०. सुरताण देवा का ।

२१. माना सुरताण का दौलताबाद काम आया ।

२२. रामसिंह मानावत—बीकानेर की लड़ाई में काम आया ।

२३. बीजा सुरजनोत—सेवकी को लड़ाई में काम आया ।

२४. हमीर बीदावत ।

२५. दला सुरजनोत, जबा सुरजनोत सिरियारी में राव राम के लिये काम आया ।

२६. राका जबावत मांडते काम आया, सावराड़ पट्टे में था ।

२७. माधा रासावत ।

२८. बलू माधा का ।

२९. आसा रासावत ।

३०. तोगा आसावत ।

नापा साँखला (३१/५१)—यह राणा कुंभा का भी कृपापात्र था । जोधा को मंडोवर पुनः प्राप्त करवाने में इसने बड़ी सहायता दी थी ।[1]

हरभू (३३/५६)—मारवाड़ के प्रसिद्ध ५ पीरों में इसका नाम लिया जाता है । यह साँखला राजपूत था और सकुन शास्त्र का अद्वितीय जानकार होने के नाते बहुत प्रसिद्ध था । भाटी जैसा इसका भानजा था ।

लूणा (३४/५७)—यह देवराज चूंडावत का पुत्र और सेत्रावे का मालिक था ।

राव जोधा ने राणा री धरती उजाड़ी (३६/५८) – इसकी साक्षी का प्राचीन कवित्त इस प्रकार है :

जेथ हुआ धरपाल, तेथ उडै राखोड़ा ।
बैठा जित सारंग, तेथ बंधाता घोड़ा ।
मांडीती मंडूसी, बचा तित घूघू जाया ।
घरंत नित चौपग्गा, बेड तिण बाघ बिवाया ।
अजमेर अनै आबू बिचै, माणस वीसं चाडिया ।
कमधज्ज राव कुंभे तणा, जोधे देश उजाड़िया ॥

१. देखें, डॉ॰ टैसेटरी का राजस्थानी ग्रंथ सर्वेक्षण, सं. डॉ. नारायणसिंह भाटी, पृ० ३० ।

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

चानण खिड़िया (३७/५६)—यह खिड़िया शाखा का चारण था। इसने रिड़मल का दाह-संस्कार करवा कर रिड़मल के पुत्रों पर उपकार किया था। इसकी साक्षी का एक दोहा उपलब्ध होता है—

> चोबीसूं रिड़माल रा, धर खांटण वड़धूत।
> परतक पात पचीसवां, है तूं चन सपूत॥

तिंवरी के पुरोहित दामा को भेज कर राव जोधा ने इसे अपने पास बुलाया और मारवाड़ में जागीर दी। जोधा के वंशजों ने भी इसके बेटे पोतों को खूब गाँव दिये, जिसका उल्लेख इस ग्रन्थ में आगे किया गया है। विशिष्ट अवसरों पर इसके वंशज चानण खिड़िया की मोहर नेग के रूप में राठौड़ों से लेते रहे हैं।

चिड़ियाटूंक रै भाखर ऊपर गढ़ मंडायो (३८/६०)—संवत् १५१५ में जब जोधा ने जोधपुर का किला इस पहाड़ी पर बनवाया तब वहाँ चिड़ियानाथ नामक तपस्वी तपस्या कर रहा था। उसे जब वहाँ से हटने को कहा गया तो वह नाराज होकर वहाँ से उठ गया और उठते समय अपनी धूनी के अंगारे झोली में डालकर वहाँ से चलता बना। लोगों ने उसे पहुँचा हुआ महात्मा जान कर वहीं रहने की विनती की परन्तु वह न माना और सालावास तक जाकर रुका। जनता ने वहीं पर उनकी धूनी लगवाई और राज्य की ओर से कुछ भूमि अर्पित की गई। चिड़ियानाथजी के झरणे के पास उनके चरणों की पूजा पालासणी के पीर अभी तक करते रहे हैं। चारण समाज में यह धारणा है कि गढ़ की स्थापना के अवसर पर करणीजी ने स्वयं पधार कर जोधा को आशीर्वाद दिया था। इसकी साक्षी का एक प्राचीन गीत भी मिलता है—

> विमल देह धरयां, सगत जंगळ धर बिराजै,
> थान देसांण श्री हुयां थाया।
> उठै कवि मेजियो, राव करवा अरज,
> जोधपुर पधारै जोगमाया॥

कुछ ख्यातों में यह भी उल्लेख मिलता है कि गढ की नींव आदि का मुहूर्त हडभूजी ने बतलाने को कहा था और जोधा को कहा था कि वह अपने किसी पुत्र को सकुन पूछने के लिये प्रातःकाल उसके पास भेज दे।

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

परन्तु किसी कारणवश जेसा को ही मुहूर्त पूछने के लिये भेज दिया। हड़भू ने उसे मुहूर्त बतला दिया और बाद में राव जोधा से कहा कि जैसा के मारफत यह मुहूर्त तुम्हारे पास पहुँचा है अतः तुम्हारे शासन में जैसा भाटियों का महत्वपूर्ण स्थान रहेगा।

अखैराज रिणमलोत (३८/६२)—इसने चरड़ा को मार कर बगड़ी पर अधिकार किया। इसके दो पुत्र मेहराज और पंचायण हुए। प्रसिद्ध वीर कूंपा मेहराज का पुत्र था और जैता पंचायण का। बारठ देवकरण (इन्दोकली) के अनुसार अखैराज रिणमल का पाटवी पुत्र था परन्तु जोधा योग्य होने के कारण अखैराज ने जोधपुर की गद्दी का दावा नहीं किया, और बगड़ी लेकर ही संतोष कर लिया। तब से जोधपुर को गद्दी पर बैठने वाले शासक का राजतिलक करने का अधिकार बगड़ी वालों को मिला।

सातल-जोधाउत (३९/६३)—इसने जोधपुर की गद्दी पर लगभग चार वर्ष राज्य किया। मुरारीदान की ख्यात के अनुसार उसके सात राणियें थीं। उसकी मृत्यु होने पर सातों ही सती हुई। उसकी राणी फूलां भटियाणी ने फूलेळाव तालाब बनवाया। उसकी एक राणी हरखाबाई का राज्यघराने में अब भी पूजन होता है।

सूजा जोधावत (३९/६३)—सातल की मृत्यु के पश्चात् सूजा गद्दी पर बैठा क्योंकि सातल के कोई पुत्र न था। सूजा का परिवार—

१. नरा सूजावत—यह सातल के गोद था। इसने सातलमेर का पोकरण में कोट करवाया इसके वंशज नरावत कहलाये।

२. सेखा सूजावत।
अखैराज सेखावत—सेखाजी के साथ सेवकी के युद्ध में काम आया।

३. देईदास सूजावत—यह चौहानों का भानजा था। यह भी सेवकी के युद्ध में उपस्थित था। किन्तु सरदारों ने सेखाजी के काम आने पर उसे वहां से निकाला। मुरारीदान की ख्यात के अनुसार राणा विक्रमादित्य की सेवा में यह चित्तौड़ में लड़ता हुआ काम आया।

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

४. कान्ह देईदासोत यह बागड़ में काम आया। अचलदास कान्होत—इसको मोटा राजा ने बागड़ से बुलाकर रोहट का पट्टा दिया।

५. बलभद्र अचलदासोत—संवत् १६६७ में रोहट की जागीर इससे जब्त हुई।

६. केशवदास अचलदासोत—इसे सं० १६६५ में पीपाड़ का गाँव जाल्हका चार गाँवों सहित पट्टे में मिला। संवत् १६७७ में सिवाने का गाँव मोतीसरा तीन गाँवों से मिला।

७. वेणीदास अचलदासोत—बलभद्र के पास रहता था।

८. मानसिंह देईदासोत—जब अकबर बादशाह ने चित्तौड़ पर आक्रमण किया तब यह राणाजी की ओर से लड़कर काम आया।

९. जैता मानसिंहोत—इसको परगने सोजत का गाँव नीबली ४ गाँवों से पट्टे था। फिर पीपाड़ का गाँव लोहारी तीन गाँवों से पट्टे में रहा।

१०. हरदास देईदासोत—यह खीचीवाड़े में रहता था। इसका पुत्र रामसिंह मुगलों से लड़ कर काम आया था। रामसिंह का पुत्र चाँदा खीचीवाड़े के गाँव रीछवा में रहता था।

११. पृथ्वीराज हरराजोत—यह मानसिंह कछवाहा के विरुद्ध बादशाह की फौज से लड़कर काम आया।

१२. साँगा सूजावत—यह ऊदाजी का सहोदर भाई था। इसका पुत्र तिलोकसी बड़ा वीर हुआ और पठानों के विरुद्ध लड़ कर काम आया। इसका पोता सांवलदास मांडवा के युद्ध में १६६२ में काम आया।

नींबा जोधावत (३९/६३)—यह सोजत में रहता था तथा जैसा सिंधल की भानजी से ब्याहा था। जैसा सिंधल ने जब जनता को गायें ले जाने का प्रयत्न किया तब नींबा बाहर चढ़ा। गाँव डोभडी के पास उसने सूजा को मारा। मुरारीदान की ख्यात में लिखा है कि वह शिकार करते समय घोड़े से गिर कर मरा। सोजत के बाघेळाव तालाब में उसकी छतरी स्मारक स्वरूप बनी हुई है। इसके कोई पुत्र नहीं था।

जोधो गया गयो (३९/६३)—ख्यातों में लिखा है कि इस अवसर पर उसने वहाँ के शासकों से गायों की चराई माफ करवाई और चारणों तथा ब्राह्मणों को बहुत-सा दान दिया।

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

भारमल जोधावत (३६/६३)—इसे वीरणे की जागीर दी गई थी। जोधाजी की मृत्यु होने पर गंगाजी में उनकी अस्थियों का प्रवेश करने का संस्कार इसके हाथ से हुआ था। इसका पुत्र जयसिंघदे अयोग्य था। इसलिये उसका अधिकार वहां से छूट गया और राव गांगा ने ऊहड़ो को वहाँ का पट्टा कर दिया। इसके वंशजों में वलू तेजसिंहोत, पृथ्वीराज वलूओत हरीदास बलूओत आदि प्रसिद्ध वीर हुए।

सिवराज जोधावत (३६/६३)—इसको दुनाड़ा गांव दिया गया था। इसके वंशजों में हमीर डूंगरसिंहोत, भाखरसी डूंगरसिंहोत आदि प्रसिद्ध योद्धा हुए। अचला शिवराजोत मालदे के समय में शेरशाह का मुकाबला करता हुआ जोधपुर गढ़ पर काम आया, उसकी छतरी वहाँ बनी हुई है।

जोगा जोधावत (३६/६३)—यह भारमल का सगा भाई था। इसके बारे में ख्यातों में ऐसा उल्लेख मिलता है कि जोधा के बाद कुछ लोगों का विचार जोगा को गद्दी पर बिठाने का था परन्तु गद्दी के मुहूर्त तक वह तैयार नहीं हुआ और बनठन कर आने में देर करने लगा। तब लोगों ने उसको अयोग्य समझ कर सातल को टीका दे दिया। यह खारिये ग्राम में रहता था। इसका पुत्र खंगार बड़ा दानी हुआ। वह नित्य प्रति चारणों को दान में घोड़ा देता था। जब घोड़े उसके पास न रहे तब वह बैल देने लगा। उसकी इस मजबूरी को किसी चारण ने बड़े मार्मिक ढंग से व्यक्त किया है—

घोड़ा दे थाको घण दानी।
खारिये खोपा दिये खंगार॥

कुंवर बाघो सूजावत (४१/६६)—मुरारीदान की ख्यात में इसे लक्ष्मी का पुत्र बताया गया है। यह कुंवरपदे में ही मर गया था। मृत्यु के समय इसने यह इच्छा प्रकट की थी कि मेरे पुत्र को राजगद्दी मिलनी चाहिये। इसी ख्यात के अनुसार बाघा के ७ पुत्र थे—गाँगा, सीधण, भींव, वीरमदे, जैतसी, प्रतापसी और खेतसी। इनमें से गाँगा को राजगद्दी दी गई। इसके सात ही पुत्रियें थीं। इनमें से तीन राणा सांगा को ब्याही गई थी। बाँकीदास की ख्यात से भी इसकी पुष्टि होती है[1]।

---

१. राजस्थानी शोध संस्थान की हस्तलिखित प्रति, पत्रांक १४।

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

इसकी एक पुत्री कछवाहा सूजा को ब्याही गई थी। जिसका पुत्र रायसल कछवाहा हुआ।

मालदे जोधपुर गढ़ संवरायो (४२/७१)—देखें इसी भाग का परिशिष्ट ५६०-६२।

राव मालदे धरती लीवी (४२/७१)—इस सम्बन्ध में प्राचीन पाँच कवित्त उल्लेखनीय हैं—

> महि सोजत ली माल माल लियो मेड़तो।
> माल लियो अजमेर सीम सांभर सहेतो।
> बाँको गढ बदनोर माल लीधौ दल मेलै।
> राइमाल रायपुर लियो, भाद्राजण मेलै।
> नागोर निहेवे चढिन लै, खाटू लीधौ जड़खणो।
> तव आण हुवौ गाँगा तणौ, धीग मालदे सँधणी ॥१॥
>
> लोड़ लियो लाडनू, दुरंग लीधौ डीडवाणौ।
> नगर फतेपुर नाम, आप वसि कियौ अपाणौ।
> कमधज लई कोसली, रुक बळ लियौ रेवासौ।
> चांप लई चाटसू, मूक्यौ वीरभांण मेवासौ।
> जड़लग पांण जोधपुर लीयौ, गह छोडे कुंभो गयो।
> मालदे लियो मदारपुर, लियो टूंक तोडो लियो ॥२॥
>
> चित्रकोट चांपियौ, पाली बणवीर लियौपुर।
> अनड़ दुरंग अणखलं ढौं लीधा करि सिधर।
> लोहां बळ लोहगढ़, जेखल नाडुल जोजावर।
> रहल उदेसी रांण, नगर ले कीधा निजर।
> घुणली राई कुंभमेर घर हाथो माल जे बस हुवै।
> एक हुवो छत्र बाघा हरो, भोग माल सहि भोगवै ॥३॥
>
> जुड़ लीधो जाळोर, पांण सांचोर पजाए।
> भीनमाल भंजियो, विरद मोटा बुलाए।
> बीकानेर विधूंस लीध, पोहकरण फळोधो।
> करी माल कोपियो, सीम समुद्रां सही सुधि।

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

आंण फेर लगे उमर नयर, पारकर सर पधरें।
मालदे देस मालों तणा, बस कीधा बाघा हरं ॥४॥

कमंध लियौ कोटडो, काढ पह कोटड़ केरा।
गा दुरंग गाहटें, मालदे बाहड़मेरा।
छहटरण होछरलाई, खुंद खांवड खुरताले।
साज सींध सामई, हाथ विखाळ बंगाले।
आंण फिर लगं उमर नयर, पारकर कर पधरं।
माल देस मालां तणा, बस कीधा बाघाहरं ॥५॥

ऊमादे भटियाणी (४७/७४)—यह जैसलमेर के रावळ लूणकरण की पुत्री थी और राव मालदे को व्याही गई थी। इसी राणी को एक रूपवती दासी भारमली पर मालदे मोहित हो गया था। उमादे को यह बात बरदास्त नहीं हुई और उसने ससुराल जाने से इनकार कर दिया। आसा बारट ने इनका मेल करवाने का प्रयत्न किया पर वह असफल रहा। कछवाई राणी लाछळदे का पुत्र राव राम इसके पास रहता था। मालदे की मृत्यु होने पर यह केलवे ग्राम में सती हुई और राव राम से कहा कि मेरे सती होने का संस्कार पूर्ण करके यहां से विदा होना, तुझे जोधपुर का अधिकार मिलेगा। परन्तु राव राम बीच में ही भागकर जोधपुर चला आया, जिससे गद्दी का अधिकारी नहीं बना। बारट आसा ने इसके सतीत्व की प्रशंसा में बड़े सुन्दर कवित्त कहे हैं। यह राणी इतिहास में रूठी राणी के नाम से प्रसिद्ध है।

बारट आसो (५३/८३)—यह प्रसिद्ध कवि ईसरदास का चाचा था। इसकी स्फुट डिंगल रचनाएं उपलब्ध होती हैं, जिनमें बाघा भारमली के दोहे बहुत प्रसिद्ध हैं। कहते हैं कि बाद में बाघा से उसकी बडी मित्रता हो गई थी। इसलिये मालदे का आश्रय उसे छोड़ देना पड़ा था। राव मालदे की प्रशंसा में उसके लिखे कवित्त अवलोकनीय है।

कवण किसन पति सबळ काळ पति कवण अंग जित।
प्रिथी पति कुण वांणपत, सुरपति कवण सतेजसी।
कवण नाथ पति जति कवण, केसव पति दाता।
सीतापति कुण सति कवण, लखमण प्रति भ्राता।

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

सबल को अवर सुझै नहीं जांचि गंजै पेसयल जण।
हिन्दुआं मांहि औ हिंदवौ, मालपति मोटौ कवण ॥१॥

माल काळ मछराळ माल जमजाळ त्रिभै मन।
माल जांण महिरांण सेन जळि माल संपूरण।
सबळ माल अरिसाल माल भंजण मेवासा।
गज थाटां गाहणौ गिलण गढ कोटां ग्रासा।
सुरतांण रांण संकोडिया, सझि लीधा देसहि सहि।
मालदे सीस छत्र मंडियौ, माल हुवौ मंडलीक महि ॥२॥

रावल मेघराज (५४/८६)—यह महेवा के स्वामी मलोनाथ के वंशज हापा का पुत्र था। इसे संवत् १६४० में मोटा राजा उदयसिंह ने महेवा का अधिकार प्रदान किया। यह गुजरात की चढ़ाई में मोटा राजा के साथ गया था। इसके उपलक्ष में जोधपुर के उल्लिखित गाँव मोटा राजा ने और दिये थे। मुरारीदानजी की ख्यात में दुन्दाड़े का भलड़ों का वाड़ा नामक ग्राम भी इस अवसर पर देने का उल्लेख है। यह वीरमदे कलावत को महेवा सौंप कर मथुराजी चला गया था। वहीं संवत १६४७ में उसका स्वर्गवास हुआ।

राव मालदे को राणियें (५५/८८)—मुरारीदान की ख्यात में मालदे की २४ राणियों के अतिरिक्त आठ पड़दायत आठ वेश्याएँ तेरह गायिकायें भी थीं। मालदे का स्वर्गवास होने पर इनमें से अनेक उसके साथ सती हुई।

शेरशाह पातशाह से युद्ध (५६/८८)—इसका विस्तृत वृत्तांत भाग दो में मेड़ता के इतिहास में देखो।

अखो सोनगरो (५६/८८)—अखैराज सोनीगरा अपने समय का जबरदस्त वीर हुआ। यह पाली का स्वामी था। इसने अनेक युद्धों में भाग लिया था। इसका लड़का मानसिंघ सोनीगरा भी राणा की ओर से लड़ता हुआ हल्दीघाटी के युद्ध में काम आया था। अखैराज के सम्बन्ध में यह किंवदन्ती प्रसिद्ध है कि इसकी दोनों पत्नियों में से उसके पीछे कोई सती नहीं हुई थी। कोई छः महीने बाद उनके गाँव में एक कवि पहुँचा, और बातों ही बातों में उसने एक दोहा सुना दिया—

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

जैतो तो कूंपै रं जीमै, पाळं है गोत पखो ।
सायधण बिन दोरौ, सोनीगरौ हाथे रोटी करे अखो ।।

अखा की स्त्रियों के कानों में इस दोहे की भनक पड़ गई और उसी समय उन्हें सत चढ़ आया । विधिवत ढंग से तैयार होकर वे सती हुई । जोधपुर राजघराने की ओर से विशेष घरेलू अवसरों पर इनकी छतरियों पर पूजन सामग्रो भेजी जाती थी[1] ।

तिलोकसी वरजांगोत आदि (५८/८८)—यह शेरशाह के हमले के समय जोधपुर का किलेदार था । रक्षा का कोई उपाय न जानकर इसने दुर्ग के द्वार खोल दिये और अपने कुछ साथियों सहित वीरगति को प्राप्त हुआ ।

उल्लिखित इन प्रसिद्ध वीरों के अतिरिक्त मुरारीदान की ख्यात में भाटी जयमल रूपसीहोत के काम आने का विशेष उल्लेख किया गया है । इसने जोधपुर के किले की रक्षार्थ प्राण देने का दृढ़ निश्चय कर रखा था । इसीलिये गढ पर पहले से ही छतरी बनवा रखी थी । इसके वीरतापूर्ण उत्सर्ग पर किसी कवि ने मार्मिक गीत कहा है—

जसवास जठ जुग चार न जावै, दूदं जिम जेसाण दुभाल ।
जादव नग हेम सुं जड़ाणौ, जोधनयर माथै जयमाल ॥१॥
नरवदहरौ बिया निकळतां, कोट राख गळहार फिर ।
जग में भले कहाणो जयमल, सहित कनक जोधाण सिर ॥२॥
रूपसीह रौ छांड राठोडां, मछर दाख जयमाल मुवौ
भुरजां कमधां रे राव भाटी, हिरण कंठीर जड़ाव हुवौ ॥३॥

ऊगो वरसिंग रौ (६३/६३)—ऊगा व हापा महेवा से मालदे की सहायता के लिये आये थे । हापा के पास ८०० सैनिक थे । ये दोनों सगे भाई थे । ऊगा अपने समय का बड़ा प्रसिद्ध वीर था । मुरारीदान की ख्यात में उसका विरुद 'कोरत पाल' लिखा है । हापा इस युद्ध में बुरी तरह घायल हुआ था । यहाँ दी गई सूची के अतिरिक्त उक्त ख्यात में भाटी तेजसी वणवीरोत का नाम भी है । इस युद्ध में बहुत-सा खजाना भी राव मालदे के हाथ लगा ।

---

१. देखें, मारवाड़ रा परगनां री विगत, भाग दो, परिशिष्ट, पृष्ठ ४५१ ।

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

राव चन्द्रसेण गढ छोडियो (६६/१०३)—ख्यातों में लिखा है कि चन्द्रसेण जब गढ से उतरने लगा तब साही सेनापति हसनकुली को माँ ने उसे देखकर बड़ा स्नेह व्यक्त किया और उसे पुत्रवत जान कर हसनकुली से कहा कि राव को सामान आदि लेजाने के लिये इसका यथोचित प्रबन्ध करो।

विशेष—ख्यातों के वृत्तान्त से पता लगता है कि राव चन्द्रसेण जीवन भर इधर-उधर भटकता रहा और युद्ध करता रहा। परन्तु उसने अकबर की अधीनता स्वीकार नहीं की। यदि चन्द्रसेण के सहयोगी कुछ विशेष वीर निरन्तर सहयोग देते तो उसे अपने उद्देश्य में शायद कुछ सफलता भी मिलती। इस दृष्टि से निम्नलिखित गीत पठनीय है—

ग्रह न सके ग्रहै उग्रहै ग्रहियां, दाखै चन्द दुडंद दुवै।
सेखड़ा साम सनाह सरीखौ हेक कनै जो मींच हुवै ॥१॥
अघड़ गिले किम सुजण आपणा, कहै किरणपत सोम कथा।
एकाध पह जिसो उदावत, हेक हुवे जो खड़ग हथ ॥२॥
राह गिले किम कहै सोम रवि, मुड़ें असुर ग्रह तेम मुड़ें।
सुभट रियां रिणमाल सरीखो, जवण हार जो इसो जुड़ें ॥३॥
ससिहर कहै संपेखो सूरज, अधड़ करै इम ग्रहण अनैक।
सूर कलह गुर सिखर सारिखो, आयां बिहुँ न मिळियो एक ॥४॥

कलांणदास रायमलोत (७५/१२०)—यह उन प्रसिद्ध शासकों में से हुआ है जिसके नाम के पीछे उसकी राजधानी भी गौरवान्वित हुई है। इसीलिये सिवाणा कला रायमलोत वाला कहा जाता है। सिवाने के वृत्तान्त में इस युद्ध का कुछ विस्तृत वृत्तान्त दिया गया है। प्रसिद्ध कवि राठौड़ पृथ्वीराज ने इसके वीरतापूर्ण युद्ध, अकबर के सामने न झुकने की प्रवृत्ति और प्राणोत्सर्ग से प्रेरित होकर बड़ी सुन्दर काव्य-रचना की है।[1]

भाटी गोयन्ददास मानावत (७७/१२५)—यह जैसा के वंशजों में मारवाड़ का प्रसिद्ध सामन्त हुआ। इसका पूर्वज नीम्बा जैता कूंपा के साथ समेल के युद्ध में काम आया था। बाँकीदास की ख्यात में लिखा है कि गोयन्ददास सूरसिंघ के कंवरपदे से ही प्रधान था। लवेरा ग्राम इसकी जागीर

१. अधिक जानकारी के लिये देखें मारवाड़ रा परगनां री विगत, भाग (२) का परिशिष्ट, पृष्ठ ४४०-४४३।

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

में था। फिर सूरसिंघ ने आसोप भी इसके पट्टे में दे दिया था। इसके ५ पुत्र थे जिन्होंने समय-समय पर राज्य की बड़ी सेवाएँ की और उन्हें स्वतन्त्र जागीर मिली। यह लम्बे समय तक सूरसिंघ का प्रधान रहा, और अनेक युद्धों में भाग लिया, जिसका उल्लेख इस ग्रन्थ में आगे किया गया है। गोयन्ददास की सबसे बड़ी देन जोधपुर राज्य के प्रबन्ध सम्बन्धी नियम बनाकर उन्हें क्रियान्वित करना हैं। इसने शाही ढंग के प्रशासन के आधार पर ३६ कारखानें (विभाग) कायम किये और परगनों में हाकिम, कारकून पोतदार, वगैरह अधिकारी रखने की व्यवस्था की व उनकी कार्य-प्रणाली निश्चित की। सरदारों व मुत्सद्दियों के परिवार के किले में आने जाने के भी नियम बनाये। इसने चार डावी और चार जोवणी मिसलें भी बांधी। जिवणी मिसल के सिरे पर आउवा के चाँगवतों को रखा और डावी मिसल के सिरे पर मेड़तियों को। उनका कुरब आदि भी इसने निश्चित किया। दीवान और व्यास डावी मिसल में रखे गये और बक्सी तथा पुरोहित जीवणी मिसल में। इन नियमों में समय के अनुसार हेर-फेर भी होते रहे हैं। गोयन्ददास के वर्चस्व पर एक प्राचीन दोहा इस प्रकार है—

गोयन्ददास गरजियो सूर हंदे वारै।
ऊथापै सो ऊथपै मेवासा मारै॥

यह अजमेर में किशनसिंह के हाथ से मारा गया था जिसका वृत्तांत आगे दिया गया है।

बारठ अखो भांणरो (७८/१२७)—यह डिंगल का प्रसिद्ध कवि था। इसका पालन-पोषण राज घराने की ओर से ही हुआ था और वह प्रायः राज-दरबार में ही रहता था। इसीलिये इस अवसर पर चारणों को समझाने के लिये उदैयसिंह ने इसे भेजा था। परन्तु इसने परस्थिति को देखकर धरणे में शामिल होना ही उचित समझा। उसके इस आचरण से राजा उदयसिंह और अधिक नाराज हुआ।

चन्द्रसेण लोहावट वेढ जीती (८३/१३३)—मुरारीदान की ख्यात में लिखा है कि विजय प्राप्त कर लेने पर चन्द्रसेण ने उदयसिंह का पीछा करना चाहा था परन्तु उसके सहयोगी सरदारों के कहने सुनने से उसने यह विचार त्याग दिया।

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

घोड़ों री दांण पगां उपाव हुग्रो (८४/१३४)—नैणसी ने अपने वृत्तान्त में इस विवाद को प्रकट करते हुए यह नहीं बताया है कि वास्तव में घोड़ों की कतार पर दाण लेने का अधिकार फलोदी वालों का था या बीकुपुर वालों का। एक अन्य प्राचीन पोथी में ऐसा संकेत मिलता है कि वास्तव में दाण का अधिकार फलोदी वालों का ही था।

ग्रासकरण देवीदासोत (९०/१४५)—यह अपने समय का बहुत बड़ा प्रशासक व वीर हुग्रा। संवत १६४२ में अकबर जब लाहौर से काबुल गया तो सूरसिंह के साथ यह भी शामिल था।

सबलसिंह सूरजसिंघोत (९५/१४९)—राजा सूरसिंघ के दो ही पुत्र गजसिंघ और सबलसिंघ सूरसिंघ की मृत्यु के समय जीवित थे। इसको फलोदी का पट्टा दिया गया था। बाद में इसको मोडासा का भी पट्टा दिया गया। यह अच्छा शासक हुग्रा ग्रौर बादशाह की ग्रोर से इसको राजा का खिताब मिला हुग्रा था। इसके सात राणिय थीं। इसकी मृत्यु ग्रहमदाबाद में हुई, जहां यह बादशाह की ग्रोर से नियुक्त था।

सगतसिंघ उदयसिंघोत (९५/१५४)—सगतसिंह को राजाजी ने हून गांव का पट्टा दिया था। इसके ग्रतिरिक्त प्रमुख चाकरों में धाय भाई गहलोत मोटा, मुहणोत, व्यास, गोयन्द, भंडारी, कला भींवोत, ६ खवास, बीस दासियें, घोड़े पचास, घोड़ियें दस, रोकड़ रुपये एक हजार एक १००१) दिये थे। फिर जब इसे शाही दरबार में प्रस्तुत किया गया तो इसे पंच सदी मनसबदारों में रखा गया ग्रौर नैणवाय तथा खेजड़ली यह दो गाँव भी दिये। इसने ग्रागरा में हाथियों की लड़ाई में बड़ा वीरतापूर्ण चमत्कार बताया था, जिससे बादशाह ने खुश होकर इसका सम्मान बढाया ग्रौर फूलिया तथा केकड़ी का पट्टा दिया ग्रौर सोजत की जागीर भी दी। इस ग्रवसर पर उसे रावई का खिताब दिया गया। एक वर्ष बाद जब सोजत पुन: सूरसिंघजी को देदी गई तो सोजत में रावजी के प्रबन्धक राठौड मांण जैतमालोत ने सोजत का ग्रधिकार सौंपा ही नहीं ग्रौर जबरदस्ती करता रहा। फिर बाद में सोजत की एवज में जैतारण मिला। इसने पंवार भूपत को हराया था जिसकी साक्षी का यह दोहा है—

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

गढ गिरवर गंजेह, पड़ै हवाई पाँच सौ।
ग्यौ भूपत माजेह, सगता आगळ साँग रौ॥

सगतसिंह के सात पुत्र थे—करण, हरीसिंह, प्रतापसिंह, मानसिंह, कानजी, देईदास और गिरधरदास। इन में करण डेढ हजारी शाही मनसबदार हुआ। गांव खरवा इसके पट्टे में था। अन्य भाई और उनके वंशज छोटे बड़े मनसबदार हुए।

अमर चम्पू ने राजाजी वेढ दी (९६/१५६)—बादशाह ने जब सूरसिंह को अमर चम्पू पर चढाई हेतु विदा किया तब उसने हरावल में रहकर रायसल दरबारी के पुत्र गिरधरदास और खानखाना के पुत्र ईरिज आदि साथियों सहित जबरदस्त युद्ध किया और विजय प्राप्त की। अमरचम्पू का लाल निशान सूरसिंघ ने छीन लिया। इस पर बादशाह बड़ा प्रसन्न हुआ और सूरसिंघ को पुरस्कृत किया। मारवाड़ के झंडे में लाल रंग को तब से स्थान दिया गया।

जोशी चंडू, दामोदर (९८/१५९)—मूंदियाड़ की ख्यात में लिखा है कि जब मालदे पूंगल के भाटियों के यहाँ विवाह करने गया तब भाटियों ने अपना पुराना वैर लेने के लिये राव को मार डालने का षडयंत्र रचा। मालदे की नव-विवाहिता भटियाणी राणी को इसका पता लग गया। तब उसने अपने राजगुरु पुष्करणा पुरोहित राघव से विनती की कि वह किसी तरह मालदे को इस खतरे की सूचना देकर उपकृत करे। राघव ने ऐसा ही किया और एक बड़ा अनिष्ट होते-होते बच गया। राणी ने राघव की भावी सुरक्षा को ध्यान में रखकर उसे अपने माता-पिता से दहेज में माँग लिया और अपने साथ जोधपुर ले आई। राघव के दो पुत्र चंडू और दामोदर थे। ये दोनों ही ज्योतिष-विद्या के प्रकाण्ड पण्डित हुए। ये और इनके वंशज जोधपुर राज्य के जोशी वेदिया रहे और राजकीय पंचांग (चण्डू पंचांग) का निर्माण इन्हीं के द्वारा होता रहा है।[1]

राणी सौभागदे (९९/१७९)—यह शेखावत दुरजनसाल की पुत्री थी। इसका

१. मूंदियाड़ की ख्यात, प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर, पृष्ठ सं० ७२-७३।

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

विवाह १६४४ में हुआ था। इसके पुत्र गजसिंह का जन्म १६५२ में लाहौर में हुआ। संवत् १६६६ में बुरहानपुर में इसकी मृत्यु हुई। इसे महाराजा सूरसिंघ ने संवत् १६५२ की माहसुद ५ को राणीपदा दिया। दस्तूर की विगत—

पटो १ भावी, गागांणी १, देवातड़ो १, बासणी १, बामसणो १, बीलावस १, बोडुंदो १, थवूकड़ो १, चोखां १, औ पटो पावतां गाँव ६ रो।

२०२६) रुपीया मांणसां रै कणोता रा पावता, इतरी मोहरां पावै तिण री विगत—

१)) लूण उतारण री	१)) गैणा रा कोठार वाळा री
१)) रतनजी पोसाल वाला	१)) पोळियो पावै
६)) पीरोयतजी पावै	१)) माळी पावै
१)) वेदीयो पावै	१)) फरासां नु
१)) गांछा नुं	।।)) सांणी नुं
१)) बारीया नुं	१)) कंदोई नुं
।।)) हाथी रा मावत नुं।	।।)) कहार सुखपाळ रा नुं।

बड़ा उमरावां री बहुवां ने भारी वागा ने मोर १)) अतलस १ परकाळो २ नाळेर दीजैं।

उणांसु छोटा उमरावां री बहुवां ने बागो ५) रोकड़ नै मीसरु १ परकाळो १ नाळेर १।

उणांसुं छोटा उमरावां री बहुवां नै बागो २) रोकड़, मीसरु १।

सासुवां नणदां नै पगै लागणी देवै तिण री विगत १)) मोर परकाळो लाल अतलस रो जणी दीठ राणीजी देवै।

सासवां, बायां, खवासां, पातरियां, पहैरावणी करैं तरै बागा सासुवां नुं नणद नुं बेटियां नुं तथा कडूंबै सुखमैल हुवै तठै मेलै।

धाय बडारण नु सांपट बागा देवै।

मोटा कामदारां नु दुसाला थीरमा मीसरु दिरीजै नै बीजा सगळा मुसद्दी

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

खवास पासवान नै साड़ी दीजै, पोल नुं सांपट ग्रौछाडीजै, पोळीया नुं साड़ो, पाग दीरीजै, ढोल दमाम दरग्राई सु ग्रौछाड़ीजं, इतरी मोर परत ७)) लेखै माया री दीवी।

६००) श्रीजी दिराया रांणीजी नुं ।
७) पारचा जबांन सांबा ।
७) जोसो पोकरणा सीरीमाळी समसतां नुं ।
७) वेदैग राय नै तिलक रा ।
७) पटवां नुं ७) सुथार नुं।[1]

सुरतांण मानावत(६६/१६०-६१)—यह भाटी गोयंददास का भाई था। महाराजा सूरसिंह की दक्षिण की चढाई में यह भी साथ था। वहाँ से इसने मारवाड़ में ग्राकर मुहता केसा को मार डाला। इस कसूर के बदले गोयंददास ने उसे देश से निकाल दिया। सुरतांण राणा सगर के पास जाकर उसका चाकर हुग्रा। गोपाळदास राठौड़ ग्रादि ने बाद में इस पर चढ़ाई करके इसे मार डाला। इसके बदले में गोयंददास ग्रौर कुंवर गजसिंह ने गोपाळदास को भी मार डाला। गोपाळदास किसनसिंह उदयसिंहोत का भतीज होता था। इसलिये वह ग्रपने भतीजे का बैर लेने का मौका देखता रहता था। ग्रजमेर में जब उसे यह ग्रवसर मिला तो उसने गोयंददास को मार डाला, ग्रौर स्वयं भी ग्रनेक ग्रादमियों सहित मारा गया। मारवाड़ की ख्यात में इस विषय में लिखा है कि उस समय बादशाह भी ग्रजमेर में था इसलिये किसनसिंह ग्रादि ने जाकर ग्रर्ज की कि गोयंददास ने गोपाळदास को मार डालने का ग्रपराध किया है। इस पर बादशाह ने कहा कि तुम इसे मार डालो। किन्तु ग्रोझाजी ने जहाँगीरनामा में से इस संदर्भ का उल्लेख करते हुए मारवाड़ की ख्यात के कथन को ठीक नहीं माना है।[2]

राजसिंह खीमावत (१००/१६१)—राजसिंह खीमावत ग्रासोप का स्वामी था। इसका जन्म संवत् १६४३ में हुग्रा। महाराजा सूरसिंह ने इसके बड़े भाई

---

१. रीत किरियावर री बही जोधपुर री, पृष्ठ सं० ६६।
२. जोधपुर राज्य का इतिहास, प्रथम भाग, पृष्ठ ३८१।

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

कानसिंह से जागीर जब्त कर इसे अधिकार दिया। इसने महाराजा के प्रधान भाटी गोयंददास की देखरेख में रियासत की जानकारी प्राप्त की। महाराजा ने इसकी सेवाओं से खुश होकर मेड़ते का गाँव ईडवा इसे जागीर में दे दिया। महाराजकुमार गजसिंह ने जब जालोर पर चढाई की तब यह भी साथ था। इसको आसोप का अधिकार संवत् १६७६ में मिला था। खुर्रम के साथ होने वाले युद्ध में यह भी गजसिंह के साथ हरावल में था। इस युद्ध में अच्छी वीरता दिखाने के कारण रड़ोद इसे जागीर में मिला। इस प्रकार अनेक युद्धों में भाग लेकर उसने राज्य में महत्वपूर्ण स्थान बना लिया था। महाराजा जसवन्तसिंह जब गद्दी पर बैठे तब उनकी आयु लगभग १२ वर्ष की थी। अतः बादशाह की आज्ञानुसार राजसिंघ कूंपावत प्रधान के तौर पर मारवाड़ का कार्य देखने लगा और उसे शाही मनसब मिला। यह बड़ा स्वामीभक्त सेवक था। ख्यातों में लिखा है कि एक बार महाराजा जसवन्तसिंह जब रात को शहर में गश्त लगा रहे थे तो तापी बावड़ी में प्रवेश करने के कारण एक प्रेत उनके शरीर में प्रवेश कर गया और वे मूर्छित हो गये। जब अनेक मंत्र तंत्रादि का उपचार करने पर भी वे स्वस्थ न हुए तब वह प्रेत स्वयं बोला कि महाराजा के समान अधिकार वाला व्यक्ति हो अपनी जान देने को तैयार हो तो मैं इस शरीर से निकल सकता हूँ। तदनुसार एक जल का पात्र लाया गया और महाराजा के सर पर वार कर राजसिंह को दिया गया, क्योंकि वही महाराजा के समान अधिकार प्राप्त व्यक्ति था। कहते हैं कि पात्र का जल पीकर हवेली पर आते ही उनका प्राणान्त हो गया, और महाराजा जसवन्तसिंह स्वस्थ हो गये। राजसिंह का प्राणोत्सर्ग एक दोहे में इस प्रकार व्यंजित हुआ है :—

भल जसवन्त बचावियो, भड़ निज तन कर भंग।
दुनियां सारी दाखवे, राजड़ तोने रंग ॥१॥

आसोप की हवेली में राजसिंह के महल में अब भी पूजा होती है। इसने आसोप में अनेक भवन-निर्माण आदि कार्य करवाये। इसके आठ ठकुरानियों से ६ पुत्र और २ लड़कियां पैदा हुई थी[1]।

---

१. कूंपावतों का इतिहास, पृष्ठ २२०।

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

कुंवर गजसिंह जालोर फतै की (१०२/१६६)—कुंवर गजसिंह के कुंवरपदे में किये गये सैनिक अभियानों में यह सब से महत्वपूर्ण है। गजसिंह की इस विजय के विषय में एक प्राचीन दोहा उल्लेखनीय है—

बारे वरसां अल्लाउदी, खप खूटो पतसाह।
चढिया घोड़ां सांहनगढ़, थें लीधो गजसाह॥१॥

भाटो गोपाळदास आसावत (१०५/१७)—यह पहले बादशाही चाकर था परन्तु १६७१ में मारवाड़ के शासक की ओर से गाँव दूधोड़ कई गांवों सहित इसे मिला। यह १६७७ में जालोर का हाकिम नियुक्त किया गया था[1], खेजड़ला ग्राम इसको बादशाह के आदेश के अनुसार सूरसिंह ने दिया, क्योंकि इसने खीमकरण मांडणोत तथा चाँपावत महेशदास आदि के साथ बादशाही खजाना लूटनेवाली मेवाड़ की सेना को भाटी गोयंददास की अध्यक्षता में पराजित किया था।

सीसोदिया भीम अमरावत (१०६/१७१)—यह राणा अमरसिंह का पुत्र था। खुर्रम ने संवत् १६७६ में इसे जालोर का परगना दिया था। और बाद में इसे मेड़ता भी दिया गया था। खुरम जब बादशाह के विरूद्ध बागी हुआ तब टूस नदी पर यह खुर्रम की ओर से संवत् १६८१ में राजा गजसिंह के हाथ से मारा गया। यद्यपि यहां गजसिंह का हरावल में नियुक्त होना लिखा गया है परन्तु ख्यातों में यह प्रकट किया गया है कि इस युद्ध में गजसिंह को हरावल में न रखकर जयपुर के मिर्जा राजा जयसिंह को हरावल में रखा गया था। इस कारण से गजसिंह रुष्ट होकर अपने पाँच हजार सैनिकों सहित एक तरफ खड़ा रहा। पर जब परवेज हारने लगा और भीम सीसोदिया ने अपनी विजय के गुमान में इसे ललकारा तब यह अपनी सेना सहित खुर्रम की फौज पर पिल पड़ा। भीम सीसोदिया ने इस युद्ध में अद्भुत पराक्रम बताया पर वह गजसिंह के हाथ से मारा गया। 'गज गुण रूपक' नामक ग्रन्थ में इन दोनों की वीरता का अच्छा वर्णन किया गया है। भीम की प्रशंसा में प्राचीन

---

१ बांकीदास ने इसके पुत्र दयालदास को भी जालोर का हाकिम नियुक्त करना लिखा है, बांकीदास री ख्यात पृ० १७७।

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

डिंगल गीत भी उपलब्ध होते हैं।[१] गजसिंह के चाँदावत राठौड़ रामदास, राठौड़ किसनसिंह खीमावत, राठौड़ नारायणदास कलावत, राठौड़ माधोदास रतनसिहोत आदि प्रमुख योद्धा काम आये।

मनभावती बाई (१०८/१७४)—यह कछवाही राणी सोभागदे की पुत्री और गजसिंह की सगी बहिन थी। इसका जन्म संवत १६५५ में हुआ था।

कछवाही राणी सूरजदे (१११/१८२)—यह आमेर के राजा भावसिंह की पुत्री थी। इसका विवाह मिर्जा राजा जयसिंह ने किया था। यह आगरे में महाराजा गजसिंह के साथ सती हुई थी। इसके एक पुत्री हुई थी जो अल्प अवस्था में मर गई थी।

राठौड़ किसनसिंह खीमावत (११३/१८२)—यह आसोप के ठाकुर खीमकरण का तीसरा पुत्र था। नाहड़सर व बड़लू इसकी जागीर में थे।

राणी प्रतापदे (१२३/१६६)—इसका पीहर का नाम रुकमावती बाई था। इसके नाना केसवदास ने महाराजा से इसका विवाह किया। संवत् १६६० जेठ सुदी १३ को लाहोर में इसका देहान्त हुआ। महाराजा ने संवत् १६७६ में इसको राणीपदा दिया था।

महेसदास सूरजमलोत (१२५/२०३)—महाराजा के प्रधान राजसिंह खीमावत की मृत्यु के पश्चात् संवत १६६७ में महेशदास को प्रधान बनाया गया।

रतन महेसदासोत (१२६/२०८)—यह बादशाह शाहजहाँ के प्रसिद्ध मनसबदारों में था। मालवा में रतलाम का राज्य इसी ने स्थापित किया था। बादशाह शाहजहाँ के पुत्रों के बीच गद्दी के लिए जो युद्ध हुआ, उसमें बादशाह की फौज में जसवन्तसिंह के अधीनस्थ शामिल होने वाले मनसबदारों में यह भी था। जसवन्तसिंह के युद्ध-भूमि त्यागने पर यह बड़ी वीरता के साथ लड़ता हुआ काम आया था। इस पर 'राठौड़ श्री रतनसिंह री वचनिका' और 'रतनरासो' नामक डिंगल के प्रसिद्ध ग्रन्थ लिखे गये हैं।

---

१ एक गीत की दो पंक्तियें यहाँ उल्लेखनीय हैं—
खादी मीम अठारे खोयण,
सो मीमो खादो गजसिंघ।

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

मिया फरासत (१२६/२०८)—यह महाराजा जसवन्तसिंह का बड़ा विश्वासपात्र अधिकारी था। कई परगनों की हाकमी करने के अतिरिक्त यह मारवाड़ का दीवान और मुसाहिब भी रह चुका था। जोधपुर की रीत किरिया-वर की बही से पता लगता है कि विशिष्ट घरेलू अवसरों पर जो दस्तूर बड़े से बड़े उमरावों का होता था वह इसे भी दिया जाता था।[1] यह महाराजकुमार का अभिभावक रहा।

पातसाही बहोर लूटी (१३५/२१३)—इतिहास-ग्रन्थों में लिखा है कि यह बड़ी विचित्र घटना थी। इस अवसर पर औरंगजेब की फौज का मनोबल एकदम गिर गया था। परन्तु औरंगजेब ने धैर्य नहीं खोया और वह खुदा को याद करता रहा। बाँकीदास की ख्यात में लिखा है कि इस अवसर पर २१ वाहन भरकर जसवन्तसिंह हुरम की लूट का सामान अपने साथ मारवाड़ ले गया था।[2]

राठौड़ नाहरखां (१३६/२१५)—यह आसोप का मालिक और राजसिंह का पुत्र था। नाहरखां इसका नाम कैसे पड़ा इसका बड़ा दिलचस्प किस्सा ख्यातों में वर्णित है। बादशाह से किसी ने इसको शारीरिक शक्ति की बड़ी प्रशंसा की तब उसने महाराजा से कहा कि आपके शेर की मेरे शेर से कुश्ती होनी चाहिए। भरे दरबार में इसने शेर से कुश्ती की और उसे चीर कर रख दिया। बादशाह ने प्रसन्न होकर नाहरखां की उपाधि से इसे सम्मानित किया। वैसे इसका मूल नाम मुकन्ददास था और संवत् १६६८ में इसका जन्म हुआ था। यह महाराजा जसवन्तसिंह के प्रमुख सरदारों में से था। महाराजा ने जब कन्धार पर चढ़ाई की तब यह भी साथ था। राडधड़ा में महेचों के उपद्रव को दबाने के लिये मुहणोत जयमल के साथ यह भी चढ़कर गया था। सबलसिंह को जब जैसलमेर का अधिकार प्राप्त हुआ तब उसे जैसलमेर पर कब्जा दिलाने के लिये जो सेना गई, उसमें यह भी प्रमुख सेनाधिकारी था। उज्जैन के प्रसिद्ध युद्ध में यह वीरता से लड़ता हुआ घायल हुआ। इसने महाराजा की खूब सेवा की। इसकी मृत्यु विक्रमी संवत् १७१५ में हुई। आसोप में इसके स्मारक स्वरूप विशाल छत्री बनी हुई है।

---

१. मारवाड़ रा परगनां री विगत (भाग २) परिशिष्ट ३, पृष्ठ ४५१।
२. बांकीदास री ख्यात, पृष्ठ ३२।

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

श्रोजो परणोजण नुं सिरोही पधारिया (१३८/२१९)—सिरोही में राव अखेराज की पुत्री अतिसुखदे देवड़ी से महाराजा की शादी हुई थी। जसवन्तसिंह की व्यस्तता के कारण से इस राणी को जोधपुर न ला सके। सिरोही के गाँव कालन्द्री में जब बालक अजीतसिंह मुकन्ददास खीची की देख-रेख में जग्गू पुरोहित के घर पाला-पोसा जा रहा था तब अप्रत्यक्ष रूप में इस राणी का संरक्षण उन्हें प्राप्त था, मूंदियाड़ की ख्यात में लिखा है कि जब अजीतसिंह ने जोधपुर पर अधिकार किया तब उन्होंने इस राणी को जोधपुर बुलाया। यहाँ सूरसागर में उसने सोने चाँदी का तुला-दान किया व ब्रह्म भोज दिया तथा दान-पुण्य किया। सूरसागर के बाग में स्थित कीर्तिस्तम्भ में यह वर्णन अंकित किया गया है।[1]

देवी सांगवियां (१४०/२२३)—यह भाटियों को कुलदेवी मानी जाती है। किशोरसिंहजी बारठ के अनुसार काठियावाड़ के बल्लभीपुर (बला) नगर में सांउवा शाखा के चारण मम्मट के घर इनका जन्म हुआ था। यह अपनी पाँच छोटी बहिनों सहित अपने पिता के साथ सिंध में आकर रहने लगी। वहाँ के शासक उमर सूमरा ने उनके साथ विवाह करने की इच्छा प्रकट की, जिस पर आवड़ ने अपने आपको महा शक्ति का स्वरूप घोषित कर उस राजा को कहलवाया कि अब तेरा अन्त निश्चय है। इसके पश्चात ये लोग जैसलमेर राज्य के अन्तर्गत तेमड़ा पर्वत की गुफा में आकर रहे। और उसने अपनी सांग (शस्त्र विशेष) के चमत्कार से उमर सूमरा का विध्वंश किया तथा सम्मा यादवों के राज्य की वहाँ स्थापना करवाई। सांग धारण करने के कारण ही इनका नाम सांगियां पड़ा।

कहते हैं कि सतलज नदी की एक शाखा उस समय सिंध में होकर बहती थी, जिससे वह प्रान्त बहुत-हरा भरा था। उमर सूमरा पर क्रुद्ध होने के कारण इस देवी के चमत्कार से उस नदी के पानी का रुख बदल गया और वह मुल्तान की ओर बहने लगा। तभी से यह कहावत प्रचलित हुई कि 'वह पानी मुलतान गया'। जैसलमेर इलाके

---

१. मूंदियाड़ की ख्यात, पृ० १३९।

T　CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

के तणोट स्थान के संस्थापक राव तणु ने इस देवी की बड़ी भक्ति की और एक मन्दिर बनवाया। राव तणु के पुत्र विजयराज की भक्ति से प्रसन्न होकर देवी ने अपने हाथ की सोने की चूड़ (चूड़ी) विजयराज को दी और उसे वरदान दिया कि अपने दाहिने हाथ में यह चूंड़ पहन कर लड़ेगा वहाँ तेरी विजय होगी। इसीलिये विजयराज चूड़ाला कहलाया और उसने भटिंडा पर विजय प्राप्त की।[1]

कुंवरजी गौड़ों रै परणीया (१५०/२३३)—कुँवर पृथ्वीसिंह का विवाह गौड़ों के यहाँ संवत् १७२२ को हुआ। संवत् १७२३ में दिल्ली में रहते हुए इस कुँवर को मृत्यु हो गई थी। इसके पीछे गौड़जी सती हुई। बांकीदास की ख्यात में लिखा है कि सती होते समय गौड़जी ने कहा कि महाराजा से अर्ज करना कि हमारे पोछे यादगार में यहाँ स्मारक बनवा दें, जैसा कि उन्होंने महाराजा गजसिंहजी के ऊपर आगरे में बनवाया है। कुँवरजो के स्मारक को सेवा के लिये वहां व्यास सोभा रखा गया था।[2]

श्रीजो रामपुरे परणीया (१५०/२३३)—यहां संवत् १७२१ वैशाख सुदी ४ को जसवन्तसिंह ने रामपुरा के राव अमरसिंह की पुत्री जैसुखदे (चंद्रावती) से विवाह किया था। इस राणी के गर्भ से संवत् १७२३ में कुँवर जगतसिंह का जन्म हुआ था। संवत् १७३२ में जब बालक जगतसिंह अत्यधिक बीमार हुआ तब राजा-प्रजा में गम्भीर उदासी छा गई क्योंकि कुछ समय पहले कुँवर पृथ्वीसिंह की मृत्यु हुई ही थी। मुरारीदान की ख्यात में लिखा है कि इस अवसर पर राजा और प्रजा की तरफ से जगतसिंह के स्वास्थ्य-लाभ के लिये खूब दान-पुण्य किया गया। दान-पुण्य की विगत उक्त ख्यात में इस प्रकार दी गई है—

५०१) पाँचसौ एक रुपया कोठार पुण्य के लिये भेजे गये।
३००१) तीन हजार एक का चाँदी का तुला दान किया गया।
१ कपड़े का तुला दान किया गया।
१ घृत का ,, ,, ,, ,,
१ लोहे का ,, ,, ,, ,,

---

१. द्रष्टव्य—चारण : भा० १ अंक ३-४ संपादक. किशोरसिंह बार्हस्पत्य।
२. बांकीदास री ख्यात, पृष्ठ ३५।

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

१ तिलों का तुला दान किया गया ।
१ गुड़ का ,, ,, ,, ,,
१ लूण (नमक) का ,, ,,
१ कौहलों का ,, ,,
१ सप्तधान्य का । इस तरह कुल ८ तुला दान किये गये ।
१००) दादीजी ने पुण्य दिये ।
२०१) महाराणीजी ने पुण्यार्थ दिये ।
५०१) भीतर से पुण्य किये ।
२००१) उमरावों ने पुण्य किये ।
१०१) पंचोलियों ने पुण्यार्थ किये ।
२०१) प्रधानों ने पुण्यार्थ किये ।
२०१) राजपूतों ने पुण्य किये ।
१००) पंचोली केसरीसिंह ने पुण्य किये ।
१००) राठौड़ आसकरण ने पुण्य किये ।
१००) मियें फरासत व खोजों ने पुण्य किये ।
१०१) राठौड़ संगरामसिंह ने पुण्य किये ।
१००१) बनियें छींपे साबूगर वगेरों ने पुण्य किये ।
१०१) ईंदा रुघनाथदास ने पुण्यार्थ किये ।
८३११) इतना पुण्य तो यहाँ हुआ । और महाराज साहिब ने हजार मन अनाज गरीबों को दिलवाया । और जप दान अक्षय धारा-घट-सहस्र से पूजन आदि अनेक प्रकार से पुण्य किया गया और हाथी बहुत दान दिये गये[1] । फिर भी जगतसिंह का देहान्त हो गया ।

यादवों रे परणीया (१५०/२३३)—करोली के राजा छत्रसिंह की पुत्री जसकुंवरी से उनका यह विवाह हुआ था । यह राणी काबुल में महाराजा की मृत्यु के समय जमरूद के थाने साथ थी । उसके गर्भ से अजीतसिंह का जन्म हुआ था ।

उज्जैन का युद्ध, शाही मनसबदार (१७०-१७५,२४२-२४३)—इस युद्ध में शामिल होने वाले मनसबदारों की जो सूची उनके सैनिकों सहित यहाँ दी गई है यह

१. मुरारीदान री ख्यात–२ पृ० २५३-२५४ ।

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

कुछ अपूर्ण है। डॉ० रघुवीरसिंहजी ने पंचोली व्रजलाल की जोधपुर हकूमत की वही से जो सूची प्रकाशित की है वह पूर्ण है। (मरु भारती भाग ६ अंक १) अतः इस ग्रन्थ में छूटे हुए मनसवदारों के नाम उक्त सूची के आधार पर यहाँ अंकित किये जाते हैं—

१६२ रा० गोरधन चंपावत आसामी ३ १२६ रा० गोरधन ३० हजारी-पाँचसौ असवार।

२५ रा० रूपसी गोरधनोत च्यार सदी पचास असवार।

११ रा० रतन गोरधनोत दोय सदी पचीस असवार।

[पृ० २४][1]

८१ मेहमंद मुराद ३१ हजारी पंचसै असवार गोड़।

१२६ गोड़ भींव ३२ बीठलदासोत हजारी पंच सौ असवार।

२२४ झालो दयालदास नरहरदासोत आसामी ५ १२६ दयालदास ३३ हजारी पंच सौ असवार।

६४ झालो राघोदास पंच सदी अढाई सौ असवार।

१६ झालो इन्द्रभांण तीन सदी असवार।

६ जगन्नाथ नरहरदासोत दोय सदी।

६ उदेभांण जगनाथोत दोई सदी तीस असवार।

६७ सैद असवार वेग आसामी २

८१ असवार वेग नव सदी च्यार सौ असवार।

१६ साह कुली असवार वगेरो।

१०१ सिसोदियो सुन्दरदास गोकलदासोत नव सदी च्यार सौ असवार।

४५७ राजा बरसिंघदे वगैरे आसामो १७।

२२६ वरसिंघदे ३६ द्वारकादासोत अठ सदी आठ सौ असवार, दोइ सो दोसपा सैसपा।

३६ विजेसिंघ द्वारकादासोत तीन सदी।

६४ जैचन्द दलपतोत पंच सदी अढाई सौ असवार।

११ स्यामचन्द बलभदोत दोई सदी चालीस असवार।

६ अभैचन्द भवनचंदोत सदी विस असवार।

५ अखैचन्द भवनचंदोत सदी पनरै असवार।

---

१. यह बही की पृष्ठ संख्या है।

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

७६ चौ० प्रतापसिंघ च्यार सदी तीन सौ असवार ।
२ चौ० मथुरादास प्रतापसिंघोत ।
६ चौ० किसनसिंघ प्रतापसिंघोत ।

[पृ० १५][1]

४ चौ० चन्द्रभंण बाघजी रौ ।
१७ चौ० प्रतापसिंघ सबलसिंघोत, आसामी ४ ।
१०१ हाडो मोहणसिंघ ३६ माधोसिंघोत आठसदी च्यार सौ असवार ।
६१ सैद टपंदगरम (?) ३७ अठ सदी तीन सौ असवार ।
६६ चौ० बलु सवंतसियोत आसामी ४—

७६ बलु ३८ सात सदी तीन सौ असवार ।
१६ चौ० तुलछीदास बलु रौ तीन सदी आठ असवार ।
७ चौ० नरहरदास बलुवोत दोय सदी तीस असवार ।
४ चौ० गौयंददास अचलदासोत सदी पनरे असवार ।

६६ सैद कुली सात सदी तीन सौ असवार ।
५१ सैफुदिन ३६ तरवीयतखां रो सात सदो दोय सो असवार ।
४८ मेहमंद मुकीम ४० बेगसाह रौ ।
६३ अबदर सुलैबेग रो हजारी तीन सौ असवार ।
४६ मेहमंद सैदबेग रो सात सदी सौ असवार ।
४१ बाहादरबेग ४१, सात सदो ।
२६ रहमबेग पंच सदी ।
७५ सुरतण नाजर ४२ बगैरो आसामी २६ ।
५१ हाडो केसौरसिंघ ४३ माधोसिंघोत छ सदी दोइ सौ असवार ।

[पृ० १६]

३६ खोजो हसन वदी (?) वगैरे आसामी ४ ।
६२ इनातुला वगैरो आसामी २ ।
६४ वरसौ झालौ ४४ पंचसदी अढाई सौ असवार ।
६७ मेहमंद शरीफ वगैरे आसामी ३ ।
५८ रा० श्याम [राम]सिंघ वगैरे आसामी २—

५१ रा०श्याम[राम] सिंघ ४६ बलुओत पंच सदी दोइ सौ असवार ।

---

१. यह बही की पृष्ठ संख्या है ।

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

७ उदेसिंघ ४६ रामसिंघोत सदी तीस असवार।
५१ चौ० रुकमंगद प्रीथीराजोत पंच सदी दोय सौ असवार।
२१ अब्दुल्ला नबी ४७ खांन दौरा रो बेटो पंच सदी दोय सौ असवार।
३४ नाहर बैंग वगैरे आसामी ४।
२५ सुजा बैंग वगैरे आसामी ४।
१५ खौजा इसहाल वगैरा।
२०० रावत हरीसिंघ ४८ च्यार सदी च्यार सौ असवार। जमींदार देवलीया रो, आधा जाबता रा राखै।
६४ माधोसिंघ चन्द्रावत वगैरे।
५१ माधोसिंघ च्यार सदी दोय सौ असवार।
१४ जगतसिंघ माधोसिंघ रो भाई।

[पृ० १७]

४२ मिरक मैहमंद वगैरे।
५१ रा० कल्याणदास महेशदासोत ४९ च्यार सौ असवार च्यार सदी।
५१ रा० महासिंघ केशोदासोत ५० च्यार सदो दोइसौ असवार।
५१ कछवाहो पृथीसिंघ झुंझारसिंघोत ५१ च्यार सदी च्यार सौ असवार।
३९ शिशोदियो मंम (?) सिंघ ५२ मनसिंघोत च्यार सदी दोढ सौ असवार।

साथ श्री महाराजाजी रो कांम आयो[1] (१७६-१८५/२४५)—

१. रा० वीठलदास गोपालदासोत—यह पाली का ठाकुर था। इसके साथ इसके सैनिक पत्तौ वीनावत तथा भोजराज पातावत भी काम आये।

२. रा० गिरधरदास मनोहरदासोत—यह आउवा का स्वामी था। मूंदियाड की ख्यात में लिखा है कि काम आने से पहले इसने महाराजा से निवेदन किया कि मैं तो इस युद्ध में काम आऊँगा और आप आउवा महेशदास को दोगे परन्तु मेरे परिवार की इज्जत का भी खयाल रखना। महाराजा ने उसे कुछ आश्वस्त किया।

---

१. काम आने वाली कुछ आसामियों का संक्षिप्त परिचय मूंदियाड़ की ख्यात (रा० प्रा० वि० प्र०) में दिया गया है, उसी के आधार पर यहां इनका परिचय दिया जा रहा है।

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

३. रा० भीम गोपालदासोत - इसकी अवस्था उस समय १६ वर्ष की थी और यह महाराजा की चाकरी की उम्मीदवारी में था।
रा० बलराम (उदावत) दयालदासोत--इसके २५ गांव सहित बदनोर पट्टे में था और कुल छतीस हजार रुपये की जागीरी थी।
४. रा० कुम्भकरण बलरामोत—इसके १६ गाँव सहित रायपुर गाँव पट्टे था, जिसकी रेख इकसठ हजार रुपये थी।
५. रा० वीरमदे मुकनदासोत—इसके तेरह गाँव पट्टे में थे जिसकी रेख आठ हजार रुपये थी।
६. रा० सूरदास बेणीदासोत—इसके छः हजार की रेख के बारह गाँव का पट्टा था।
७. रा० आसकरण बलरामोत—इसके चार हजार की रेख के पांच गांव पट्टे में थे।
८. रा० करण सुजानसिंघोत (जैतावत)—इसके बीस हजार की रेख से बगड़ी गांव पट्टे था।
९. रा० जुगराज कुंभकरणोत—इसके १३ गांव सहित धनला पट्टे में था।
१०. रा० उदैभांन भगवानदासोत—इसके दस हजार की रेख के चौदह गाँव पट्टे में थे।
११. रा० काना गोयंददासोत, इसके चार हजार दो सौ की रेख के चार गाँव पट्टे में थे।
१२. रा० (जोधा) प्रतापसिंघ करमसिंघोत—पट्टे गाँव दो, रेख रुपया तीन हजार।
१३. रा० रतनसिंघ गोयंददासोत—पट्टे गाँव पाँच, रेख छ हजार रुपया।
१४. रा० ईसरदास महासिंघोत—पट्टे गाँव दो, रेख चार हजार रुपया।
१५. रा० (भदावत) पूरणमल जसावत—पट्टे गांव दो, रेख रुपया दो हजार दो सौ।
१६. रा० गोयंददास मानावत—पट्टे गांव एक, रेख रुपया एक हजार।
१७. रा० गोरधन भगवानदासोत--चाकरी की उम्मीदवारी में था।
१८. रा० विहारीदास केसवदासोत—चाकरी की उम्मीदवारी में था।

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

१९. रा० (ऊहड़) मेघराज उरजनोत—इसके कोरणा आदि तेरह गाँव पट्टे में थे।

२०. रा० नारायणदास गोयंददासोत—पट्टे गाँव दो, रेख दो हजार सात सौ।

२१. रा० (पातावत) भगवानदास मांडणोत—इसके चोटीला गांव पट्टे में था।

२२. रा० नगो (तोगो) रामदासोत—इसके नौसर गाँव पट्टे में था।

२३. रा० जगनाथ चाँदावत—इसके पट्टे में करणू की जागीर थी।

२४. रा० (रूपावत) सबलसिंघ आसकरणोत—यह चाकरी की उम्मीद-वारी में था।

२५. रा० (बालावत) किसनदास वेणीदासोत—यह भगवानदास देवराज सहित काम आया।

२६. भा० महेशदास अचलदासोत—पट्टे गाँव वीकुंकोहर १५ गाँवों से त० ओसियाँ।

२७. भा० केसरीसिंघ अचलदासोत—पट्टे गाँव केलावा।

२८. भा० विसनसिंह रामचंदोत—पट्टे गाँव खारड़ा।

२९. भा० दुरगदास केसवदासोत– यह दुगोलिया (बंदूक) की लगने से मरा।

३०. भा० माधोदास केसवदासोत—पट्टे गाँव आवावस।

३१ भा० नरसिंघ भाणोत—पट्टे गाँव जाटिया वास।

३२. भा० मानसिंघ गोपालदासोत—पट्टे गाँव जालखो।

३३. भा० भाँण मनोहरदासोत—पट्टे गांव नांदिया बड़ा।

३४. भा० उदेसिंघ माधवदासोत तथा कुंभा सुलताणोत—चाकरी की उम्मीदवारी में थे।

३५. भा० रतनसिंह प्रागदासोत—पट्टे गाँव कोरणा।

३६. भा० भींव प्रागदासोत—पट्टे गाँव कीटनोद।

३७. भा० गोकलदास संकरदासोत—चाकरी की उम्मीदवारी में था।

३८. भा० केसरीसिंघ वीठलदासोत—पट्टे गाँव बिराई तथा तालोड़ो (जैतारण)

३९. भा० सुजाणसिंघ सुन्दरदासोत—चाकरी की उम्मीदवारी में था।

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

४०. इंदे सरदार छः गाँव बालेसर के काम आये ।

४१. पुरोहित दलपत मनोहरदासोत—इसकी अवस्था उस समय बाइस वर्ष की थी। उस समय यह नवविवाहित था। तिंवरी गाँव इसके पट्टे में था।

विशेष—ग्रंथ में दी हुई सूची के अतिरिक्त युद्ध में काम आने वाले कुछ प्रसिद्ध मनसबदारों व अन्य छोटी-बड़ी आसामियों की सूची मूंदियाड़ की ख्यात में इस प्रकार है—

१. रावराजा छत्रसाल बूंदी का स्वामी व कुंवर भारतसिंह छत्रसालोत, बाप बेटा दोनों काम आये जिनके पीछे चालीस सतियें हुईं—छः राणियें तथा चौतीस खवासें।

२. राजा रूपसिंह भारमलोत—किसनगढ़ का स्वामी।

३. राव रामसिंह चन्द्रसेणोत।

४. राजा शिवराम बलराम, गोपालदासोत—सरवाड़ का राजा।

५. गौड़ भीम विठलदासोत।

अन्य आसामियें—

१. राठौड केसरीसिंघ भगवानदासोत, जगरूप जगनाथोत।

२. राठौड़ सुजाणसिंघ गोपालदासोत मेड़तिया।

३. रा० रुघनाथसिंघ प्रतापसिंघोत मेड़तिया।

४. रा० हरीसिंघ प्रतापसिंघोत मेड़तिया।

५. रा० सूरजमल मनोहरदासोत मेड़तिया।

६. रा० मुकनदास किसनसिंघोत, गोकलदास वृन्दावनदासोत।

७. रा० किसनसिंघ दलपतोत मेड़तिया।

८. रा० किसोरदास सबलसिंघोत मेड़तिया।

९. रा० महासिंघ रुघनाथोत।

१०. रा० रेंवतसिंघ मानसिंघोत।

११. रा० करण जगनाथोत और काना दोनों सगे भाई।

१२. रा० उदेभांण वनमालीदासोत बिहारी।

१३. ठाकुरसी सादलोत मेड़तिया।

१४. रा० केसवदास मोहणदासोत।

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

१५. रा० भावसिंघ जगनाथोत ।

१६. रा० रुघनाथ भोजराजोत करमसोत ।

१७. रा० शुभकरण व मनोहरदास श्रासकरणोत करमसोत, दोनों भाई ।

१८. रा० माधोदास चतुरभुजोत ।

१९. कलांणदास जसवन्तोत ।

२०. रा० रूपो, तोशाखाना पर था ।

२१. रा० किसनसिंघ अचलावत वगैरे आसामी एक सौ पेंतालोस ।

बाग कागो (१८९/२४६)—यहाँ के कुँए का पानी बड़ा उत्तम और स्वास्थ्य-वर्द्धक माना जाता है। महाराजा जसवन्तसिंह प्रथम ने यहाँ पर बाहर से मंगवा कर अनेक पेड़ लगवाये थे। वर्तमान में शीतला माता का मेला यहां लगता है तथा कई सामंतों की छतरियें बनी हुई हैं। किंवदंती है कि यहाँ किसी समय काकभुषंड ऋषि ने तपस्या की थी।

बहूजी सेखावत रौ तळाव (१८९/२४६)—यह तालाब महाराजा जसवन्तसिंहजी (प्रथम) की रानी अंतरंगदेजी (खंडेला की) ने बनवाया।[1]

बहूजी सरूपदे रौ तळाव (१८८/२४६)—यह तालाब मालदे की झालीरानी सरूपदे ने संवत् १५९७ में बनवाया। नाम स्वरूपसागर है।[2]

राईको हाडोजी रौ बाग (१८९/२४६)—यह बाग महाराजा जसवन्तसिंह (प्रथम) की हाडी रानी जसरंगदे ने संवत् १७३० में लगवाया।[3] पहले इस स्थान को रातानाडा कहते थे।

सूर सागर (१८९/२४६)—यह स्थान महाराजा सूरसिंह ने संवत् १६६४ में भाटी गोयंददास की देखरेख में बनवाया। ८ वर्ष में कार्य पूरा हुआ। पास ही अनेक सामंतों ने भी छोटे-बड़े बाग बनवाये।[4]

बालसमंद (१८९/२४६)—इसे नाहड़ागव पड़िहार के भाई बालाराव ने बंधवाया था। यह बाँध मंडोर के पास है।

---

१. द्रष्टव्य—इसी ग्रंथ का परिशिष्ट (ख) पृष्ठ ५८३

२. ,, ,, ,, ,, ,, ५८२

३. ,, ,, ,, ,, ,, ५८२

४. ,, ,, ,, ,, ,, ५८३

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

डाँगिया वास (२१९/२५०)—बीकानेर से आकर डांगा शाखा के जाट यहां बसे जिससे इसका यह नाम पड़ा।

रांमपुरो बिसाइण बास ६ (२२५/२५०)—यह गाँव रांम कुंभावत भाटी के द्वारा बसाया गया था।[1]

तिंवरी (२३६/२५०)—यहाँ पर संवत् १५२२ में संस्थापित पार्श्वनाथजी का मन्दिर है।

चावंडवा (२३७/२५२)—यहां पहाड़ी पर चामुण्डा का प्राचीन मन्दिर है। यहां राव चूंडा ने चामुण्डा की तपस्या की थी।

वीठू मेहा (२४२/२५२)—इस कवि का लिखा हुआ "पाबूजी रा छंद" डिंगल का उत्तम काव्य है।

पीपाड़ (२४४/२५३)—यहाँ का पीपलाद माता का मन्दिर, एक कुण्ड तथा ९ वीं शताब्दी का विष्णु-मन्दिर दर्शनीय है।[2]

कापरड़ो (२४६/२५३)—यहाँ का प्राचीन जैन मन्दिर द्रष्टव्य है।

वेजड़लो (२४६/२५३)—यहाँ माताजी का प्राचीन मन्दिर पहाड़ पर बना हुआ है।

वाघोरियो (२५२/२५३)—यहाँ पर भी पहाड़ी पर देवी का प्राचीन मन्दिर हैं।

बड़लू (२५५/२५५)—यह गांव बड़ला जाति के जाटों ने बसाया। भूतेश्वर पहाड़ में देवस्थान है जहाँ नंदावाणे सेवा करते हैं[3]।

बीलाड़ो (२५६/२५६)—यह लूनी नदी के किनारे पर बसा हुआ एक प्राचीन नगर है। यहाँ शाहजहाँ का लगाया हुआ एक प्राचीन बगीचा (मारा-मोरा) प्रसिद्ध रहा है। यह स्थान सीरवी सम्प्रदाय के लोगों का प्रमुख स्थान है। यहाँ पर संवत् १५२१ में आईजी प्रगटी थीं और तभी से वहाँ अखंड ज्योति जलती है। इस सम्प्रदाय का प्रधान आईजी का दीवान है, उसके बड़े महल बने हुए हैं। दीवान लोग किसी समय में बड़े सम्पन्न

---

१. बांकीदास री ख्यात: सं० नरोत्तमदास स्वामी, पृ. १२०।
२. जोधपुर राज्य का इतिहास (प्रथम भाग) डॉ० ओझा पृ. ३१।
३. बांकीदास री ख्यात: सं० नरोत्तमदास स्वामी, पृ० २०१।

T　CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

माने जाते थे। उनके वहाँ ऐतिहासिक महत्व के दस्तावेजों का भी महत्वपूर्ण संग्रह रहा है।[1]

किसना दुरसावत (आढा) (२६२/२५९)—यह प्रसिद्ध कवि दुरसा आढा का पुत्र था। इसे दुरसा के जीवन-काल में ही पर्याप्त ख्याति मिल गई थी। इसकी स्फुट गीत-रचना भी उपलब्ध होती हैं।

पाली (२६२/२६०)—यहाँ प्रारम्भ में पलीवाल ब्राह्मण रहते थे। ये उदयपुर राणा के गुरु थे। खेड़ पर अधिकार कर लेने के पश्चात् राठौड़ों ने पलीवालों को हटाकर यहाँ अपना कब्जा कर लिया। राठौड़ों के आगमन के पहले जोधपुर के आस-पास पलीवालों की अच्छी बस्ती होनी चाहिए क्यों कि यहाँ के अनेक गाँवों में उन पर बनी छतरियें विद्यमान हैं। यह उस समय यहाँ की प्रमुख व्यौपारी कौम होनी चाहिए।

मानसिंघ अखैराजोत सोनिगरा (२६८/२६२)—यह मालदे के प्रसिद्ध सामंत अखैराज सोनीगरा का पुत्र था और राणा की ओर से लड़ता हुआ हल्दीघाटी के युद्ध में काम आया था।

भाद्राजण (२७३/२६५)—यह ग्राम पहाड़ी की ढाल में बसा हुआ है। राव मालदे के समय से यह राठौड़ों के अधिकार में आया।

कोढणो (२९३/२७३)—भारमल जोधावत की बैठक यहाँ थी। फिर उसका पुत्र जैसिंघदे यहाँ रहता था, पर उससे इस जागीर का बन्दोवस्त नहीं हुआ तब राव गांगा ने महेवा से ऊहडों को बुलाकर १२ गांवों सहित यह जागीर उन्हें दी।

बाघावास (२९७/२९३)—चहुवान प्रथुराव के पुत्र वाघ ने यह गाँव बसाया।[2] बाद में दुर्गादास आसकरणोत के वंशजों की जागीर यहाँ रही।

नागाणो (२९९/२९३)—राठौड़ों की कुलदेवी नागणेचियाँजी की मूर्ति यहां पर स्थापित है।

---

१. राजस्थान में राजस्थानी साहित्य की खोज, (डा० हरप्रसाद शास्त्री) पृ० ७०-७९, रा. शो सं. जोधपुर।

२. बांकीदास री ख्यात, पृ० १६३।

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

डूदा आसिया (३०३/२७६)—इस कवि को बीकानेर के राजा रायसिंघ ने भी एक हाथी अपने विवाह के अवसर पर प्रदान किया था।[1]

बहळवो (३०५/२७८)—ईंदा सरदारों का मुख्य स्थान है। यहाँ के जागीरदार को राणा की उपाधि थी।

घटीयाळो (३१०/२८०)—यहाँ पर प्राचीन शिला लेख हैं।

सेतरावौ (३१२/२८२)—यहां पर वीरम ने अपने पुत्र देवराज को महाजनों की बस्ती के साथ बसाया था। फिर लूणा का अधिकार यहाँ हुआ और तत्पश्चात् भाटियों का अधिकार रहा।

केतू गोगादेवां रौ वास (३१५/२८४)—यह गोगादे वीरमदेवोत का मुख्य स्थान रहा।

सेखाळो बडौ बास (३१६/२८४)—यहां पर गुसांईजी प्रगटे थे। यहाँ से फिर खिरजाँ में प्रगटे। गुसांईजी की घोड़े पर सवार मूर्ति गोगादे पूजते हैं।

देछू (३१८/२८७)—देवराज के पुत्र चाहड़दे के वंशज जैमल धनराज आदि स्थायी तौर पर यहाँ रहने लगे थे।[2]

ओसियाँ (३१६/२८६)—ओसवाल महाजनों की उत्पत्ति यहां से हुई। यह नगर बहुत प्राचीन है। यहाँ पर प्राचीन कलात्मक मन्दिर विद्यमान है तथा कई शिलालेख महत्व के हैं।

हरभुसर (३३२/२८६)—प्रसिद्ध पीर हरभुजी का बसाया हुआ ग्राम।

लवेरो (३४१/२६३)—महाराजा सूरसिंह के प्रसिद्ध प्रधान भाटी गोयन्ददास की जागीर का ग्राम।

बावड़ी (३४१/२६३)—यहाँ की बावली में दलथंभन से सम्बन्धित महत्वपूर्ण शिलालेख है।

खेड़ापो (३४६/२६४)—यहाँ रामस्नेही सम्प्रदाय की गद्दी है।

---

१. डॉ० टेसीटरी का राजस्थानी ग्रंथ सर्वेक्षण : सं० डॉ० नारायणसिंह भाटी, रा० शो० सं चोपासनी; जोधपुर।

२. मुरारीदान की ख्यात, पृ० ३५१।

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

सांदू माला (३४६/२६४)—इस कवि द्वारा रचित 'रायसिंघ री वेलि' प्रसिद्ध काव्य-रचना है। इसमें ४३ छंद हैं।[1]

गाडण चोला (३४६/२६४)—३१ छंदों में रचित 'सूरसिंघ री वेलि' इसकी सुन्दर काव्य-कृति है।[2]

महेवा (३५३/२६६)--प्रारम्भ में रावळ मलीनाथजी की जागीर का स्थान रहा। रावळ मेघराज हापावत को संवत् १६४० में मोटाराजा ने यह गांव दिया और वह उनके साथ गुजरात चढ़ाई में गया। बाद में मेघराज ने यह जागीर वीरमदे कलावत को दी। संवत् १६६८ में मोटा राजा ने यह दूदा तथा पता को देदी। महेवा के तीसरे हिस्से के गांव आगे जाकर महेसदास पतावत की जागीर में आये। संवत् १६६३ में महेवा के गांव आधो-आध भारमल और महेसदास को आपस में बाँट दिये।[3]

तलवाड़ो (३५६/२६६)—महेवा का प्रसिद्ध ग्राम। यहाँ बहुत वड़ा पशु-मेला लगता है।

षेड़ (३५६/२६६)—राठौड़ों ने प्रारम्भ में यहीं पर कब्जा किया था इसीलिये इन्हें षेड़ेचा कहते हैं।

परगना सोझत

सोझत (३८३/१)—सोझत अच्छा कस्बा है। प्राचीन ग्रन्थों में इसका नाम सुद्धदंती मिलता है। इसे त्रंबावती नगरी भी कहते थे। यहाँ पर ताँबे की खान थी।[4] यहाँ की अजवायन तथा महंदी प्रसिद्ध है। राव रिड़मल को सोजत राणा की ओर से दी गई थी पर बाद में राणा का पुनः अधिकार हो गया। जब राव जोधा ने मण्डोर पर अधिकार करके जोधपुर बसाया तब उसने सोझत पर भी अधिकार कर लिया।

सोझत नांवे बेटी (३८३/१)—कई ग्रन्थों में इसका नाम सेझल अथवा सोजल भी मिलता है।[4] इसका स्थान सोझत में अब भी पूजा जाता है। सोझत

१. परम्परा—भाग १४ पृ. १११।
२. ,, ,, ,, ,, ११३।
३. मुरारीदान री ख्यात २, पृ० ३१५-२३।
३. परम्परा भा० ११ पृ० १०५।
४. वही।

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

के शाप से त्रंबसेन का राज्य गया तथा हुलों का राज्य यहाँ हुआ अतः उसी समय से इसका नाम सोझत पड़ा होगा।

चारणी करणी (३८३/४)—चारण जाति में उत्पन्न देवियों में करणीजी का प्रमुख स्थान है। ख्यातों के वृत्तांतों से पता लगता है कि राव बीका और कांधलजी को बीकानेर राज्य की स्थापना करने में करणीजी ने बड़ी सहायता पहुँचाई थी। तभी से बीकानेर के राठौड़ इन्हें अपनी इष्ट देवी मानते हैं। देशनोक गांव में इनका बड़ा भव्य मन्दिर बना हुआ है। बारहट किशोरसिंहजी ने इनका समय वि० सं० १४४४ से १५९५ माना है।[1]

राव सता (३८६/५)—मुरारीदान की ख्यात में लिखा है कि राव शराब बहुत पीता था इसलिये राज्य का सारा कार्य-भार रणधीर पर था।[2]
इसकी साक्षी का एक गीत अवलोकनीय है—

रायांगुर रौद्र कळोधर रावण
बेठक वींद कळोधर वीर।
सतो मंडोवर राख न सकियो
रावत तो पाखे रिणधीर॥

हींगोला री बासण (४२०/४०)—यह गांव हींगोला पीपाड़ा का बसाया हुआ होना चाहिए।

हींगोला पीपाड़ा (४२३/४२)—यह राठौड़ पृथीराज का चाकर था। पृथीराज ने इसे एक तलवार बक्सी थी इसका बड़ा दिलचस्प किस्सा ख्यातों में है।[3]

रामदास बैरावत (४२६/४४)—यह बड़ा दानी था। इसकी अखाड़ियाँ राजस्थानी साहित्य की सुन्दर रचना है।

सहेबाज खांन (४३१/४४)—यह अकबर का सेनापति था। राव चन्द्रसेन जब सिवाने में था तब बीकानेर के राजा रायसिंघ के साथ यह बादशाह की ओर से उस पर चढ़कर आया था।

---

१. चारण, खण्ड १, अंक ३-४।
२. मुरारीदान की ख्यात २, पृ० ५९।
३. देखें, मुहता नैणसी री ख्यात भा. २, पृ० १२०।

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

राव रांम (४६७/४४)—यह राव मालदे का बड़ा पुत्र था। इसे यह आभास हो गया था कि मालदे के पश्चात् गद्दी उसे नहीं मिलेगी। अतः जब मालदे अधिक बीमार हुआ तो कुछ सरदारों से मिलकर उसने यह षड़यंत्र रचा कि मालदे को नजरवन्द कर स्वयं गद्दी पर बैठ जाय। पर भेद खुलजाने से ऐसा न हो सका और उसे देश छोड़कर जाना पड़ा। वह ऊमादे भटियाणी के पास जाकर रहा।

डीघोड़ (४६७/४४)--राव राम के पश्चात् यह स्थान कला के अधिकार में रहा। यहाँ के गुढे में रहते हुए उसने मुगलों से मुकाबला किया।[1]

सींचोयाई (४६९/४४)—ख्यातों में इसका नाम सचियाय मिलता है। यहाँ सचियाय माता का स्थान है। यहाँ की पहाड़ियों में (सचियाय री गाळ) राव चन्द्रसेन का देहान्त हुआ था।[2]

भाटी वेणीदास (४७३/४५)—यह भाटी गोयंददास मानावत का ५ वां पुत्र था।[3]

राधा री बासणी (४७९/४६)—यह गांव १७०९ में जसवंतसिंह के कुंवर पृथ्वीसिंह के जन्म की वधाई के उपलक्ष में ब्राह्मणों को दिया गया होगा।

पांचेटियौ (४८३/४७)—यह गांव महाराज गजसिंह द्वारा संवत् १६७७ में आढा दुरसा तथा किसना दुरसावत को दिया गया। अर्थात् इसके पहले यह गाँव इनके सांसण में नहीं था।

सांकर बाहरेट (४८४/४७)—"दातर सूर रौ संवाद" इसकी प्रसिद्ध रचना है। ऐसी प्रसिद्धि है कि बीकानेर के राजा रायसिंह ने इसे सवा करोड़ का पुरस्कार दिया था। इसके रचे हुए अनेक गीत भी हैं।[4]

बारहट लखा नांदणोत (४८५/४७)—यह बड़ा प्रभावशालो व्यक्ति था। इसकी पहुँच मुगल दरबार तक में थी। दुरसा आढा जैसे कवियों को भी ऊपर उठाने और मुगल दरबार तक ले जाने का श्रेय इसे प्राप्त है। इसने

---

१. ऐतिहासिक बात्तां (परम्परा) पृ० ८३।

२. वही, पृ० ८५।

३. बांकीदास री ख्यात, सं० नरोत्तमदास स्वामी, पृ० ११९।

४. राजस्थानी सबदकोस, प्रथम भाग पृ० १३५।

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

पाबूजी की प्रशंसा में सुन्दर काव्य लिखा है, तथा इसकी अनेक स्फुट रचनाएं भी प्राप्त होती हैं।

गाडण केसोदास सांदुवोत (४८६/४७)—महाराजा गजसिंह ने सं. १६८३ में यह गांव लाखपसाव में इस कवि को दिया था। इस कवि की स्फुट रचनाओं के अतिरिक्त "गज गुण रूपक बंध"[1] नामक प्रसिद्ध ग्रन्थ मिलता है जिसमें मुख्य रूप से भीम अमरावत के साथ हुए गजसिंह के युद्ध का बड़ी ओजस्वी शैली में वर्णन किया गया है। "नीसाणी विवेक वार" भी इसकी महत्वपूर्ण कृति है। यह भक्त कवियों में भी अपना स्थान रखता है।

रामा सांदु (४८७/४७)—इसने संवत् १६१६ के लगभग उदयसिंह री वेलि नामक सुन्दर साहित्यिक कृति का सर्जन किया। इसकी स्फुट रचनाएँ भी मिलती हैं।[2]

माधवदास दधवाड़िया (४८७/४७)—यह प्रसिद्ध कवि राठौड़ पृथ्वीराज का समकालीन था।[3] इसका ग्रन्थ "राम रासो" डिंगल की उत्तम कृतिय में गिना जाता है।

परगना जैतारण

जैतारण (४९२/१)—यह शहर १५२५ में राव जोधा के समय में बसा। यह मारवाड़ का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। जोधा के वंशजों में यह ऊदावत राठौड़ों का मुख्य परगना रहा है। इसमें ऊदावतों के बड़े ठिकाने थे तथा यहां के ऊदावत जैतारणिया कहलाये।

रूण (४९२/१)—यह स्थान सांखला राजपूतों का प्रमुख स्थान रहा है। अपने अस्तित्व के लिये सांखलों ने यहाँ रहकर बड़े संघर्ष किये हैं। यह नगर पहले सम्पन्न था पर अलाउद्दीन खिलजी के साथ हुए युद्ध-संघर्ष में नष्ट हो गया।

---

१. सं सीताराम लालस, प्र: रा. प्रा. वि. प्र० जोधपुर।

२. परम्परा, भाग १४ पृ ११०।

३ पृथ्वीराज ने इसके बारे में यह दोहा कहा है—

चूंडे चत्रभुज सेवियो, तत फल लागो तास।
चारण जीवो चार जुग, मरो न माधवदास॥

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

ऊदा सूजावत (४६२/१)—यह सूजा की रानी सवरंगदे मांगलियाणी का पुत्र था। इसके वंशज ऊदावत कहलाये।[1]

गळणियो (५११/१२)—यह गाँव अखैराज सोनीगरा के वंशज मुकंददास के १६०००) की रेख से पट्टे में रहा।[2]

लोटीधरी (५१३/१२)—हाजीखां और राणा उदयसिंह के बीच जो युद्ध हुआ उसमें मालदे ने हाजीखाँ की सहायता की थी, तत्पश्चात हाजीखां इस गांव में आकर रहा था। नैणसी की ख्यात में लिखा है कि इसी समय जब अकबर ने रुष्ट होकर अपनी फौज उस पर भेजी, तो वह वहाँ से भाग गया और फिर जैतारण पर रतनसिंह खींवावत से उस फौज की मुटभेड़ हुई।[3]

मालपुरियौ (५२२/१२)—यह गाँव राव मालदे का बसाया हुआ है।

रतनपुरो (५२३/१२)—यह गाँव प्रसिद्ध वीर राठौड़ रतनसिंह खींवावत का बसाया हुआ है।

पृथ्वीपुरो (५२३/१२)—यह गाँव महाराजा जसवन्तसिंह (प्रथम) के राजकुमार पृथ्वीसिंह के नाम पर बसाया गया।

महेसियो (५२७/१२)—यह गाँव भाटी सुरजन आसावत को संवत् १६७४ में जागीर में दिया गया था।[4]

हाजीवास (५२७/१२)—यह गाँव सूबेदार हाजीखां के नाम पर बसा होना चाहिए।

काणूजो (५३६/१२)—यहाँ पर राव चन्द्रसेन ने अपने संकट का समय निकाला था।

लाखावासणी (५५१/२४)—राठौड़ रतनसिंह खींवावत ने गांव गळणिया के खेत चारण लाखा दासावत को दान दिये थे, वहीं पर बस्ती बस गई, जिसका नाम लाखावासणी पड़ा।

---

१. मुरारीदान की ख्यात २ पृ० १०३।
२. मुंहता नैणसी री ख्यात भाग १ पृ० २११।
३. मुंहता नैणसी री ख्यात भा. १ पृ० ६२।
४. मुंहता नैणसी री ख्यात भा. २ पृ० १४९।

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

तेजा री वासणी (५५१/२४)—चारण तेजा यहाँ बसा था, उसी के नाम इस गाँव का नाम यह पड़ा।

मांनपुरौ (५५२/२४)—मेर माना का बसाया हुआ गाँव।

लालपुरौ (५५३/२४)—यह गांव मेर लाला का बसाया हुआ है।

परगना फलोधी
(भाग २)

फलोधी (१/१)—इसका प्राचीन नाम फलवर्द्धिका है। इस स्थान पर अनेक शिलालेख महत्त्व के हैं, जिनमें कल्याणरायजी के मन्दिर का शिलालेख वि० सं० १२३६, तथा महाराजा जसवन्तसिंह के समय का लेख १६६६ का है, जिसमें मुंहणोत नैणसी तथा वहाँ की जनता द्वारा रंगमंडप बनवाये जाने का उल्लेख है। शान्तिनाथ के प्राचीन मन्दिर को दीवार पर महाराजा गजसिंह (जोधपुर) के समय के दो लेख—सं० १६८९ के हैं, जिनमें उक्त मन्दिर के जीर्णोद्धार करवाने का उल्लेख है। यहां के गढ़ में भी ५ शिलालेख महत्व के हैं, जिनमें एक शिलालेख सूजा के पुत्र नरा द्वारा सं० १५३२ में गढ़ की पोल के निर्माण करवाने से सम्बन्धित है।[1]

नरा सूजावत (१/१)—प्राचीन ख्यातों में इसका नाम नरसा भी मिलता है। यह भाटियों का भानजा था।[2] डॉ० ओझा ने जोधपुर राज्य के इतिहास (भा० २) में इसका पूरा नाम नरसिंह तथा नरसिंहदेव लिखा है।[3] इस ने सातलमेर के नाम से पोकरण की राजधानी बसाई, दुर्ग बनवाया तथा नरासर तालाब का निर्माण करवाया। इस तालाब पर उसकी छतरी बनी हुई है। मुरारीदान की ख्यात में लिखा है कि सूजा ने इसे गुजरात के बादशाह की सेवा में भी भेजा था। यह रानी लक्ष्मी का पुत्र था।[4]

जगमाल मालावत (२/२)—यह महेवे के स्वामी मल्लीनाथ का पुत्र था। यह बड़ा वीर योद्धा था। इसके वंशज जो पोकरण में हैं, पोकरणा कहलाये।

---

१. विस्तृत वृत्तांत के लिये देखें—जोधपुर राज्य का इतिहास (प्रथम भाग) डॉ० ओझा पृ० ४३-४५

२. बांकीदास री ख्यात, सं० नरोत्तमदास स्वामी पृ० ८।

३. जोधपुर राज्य का इतिहास पृ० ४४।

४. मुरारीदान री ख्यात २ पृ० ६७०।

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

इसके सम्बन्ध में अनेक प्राचीन बातें प्रचलित हैं। राजस्थानो बात साहित्य में 'गणगोर में गींदोली गाई जै तिणरी बात' प्रसिद्ध है। इसका नायक जगमाल है। यह गींदोली महमूद बेगड़े की लड़की थी। बेगड़े का एक सेनापति हाथीखाँ जगमाल के राज्य में से १४० स्त्रियाँ हरण करके ले गया, जिसके बदले में जगमाल बेगड़े की लड़की गींदोली को उठा लाया। फिर युद्ध हुआ, जिसमें बेगड़े की पराजय हुई। इस युद्ध में जगमाल ने बड़ा पराक्रम दिखाया, जिसकी साक्षी का यह दोहा बड़ा प्रसिद्ध है—

पग पग नेजा पाड़िया, पग पग पाड़ी ढाल।
बीबी पूछे खान नै, जग केता जगमाल॥

गींदोली जगमाल से प्रेम करती थी, इसलिये उसे उसने नहीं लौटाया।[1] जगमाल ने एक विवाह सोलंकियों के यहाँ किया था। सोलंकणी से कुंभा नाम का बड़ा प्रतापी पुत्र हुआ। उसने जगमाल से द्वेष रखने वाले वीर हेमा को मारा था और इसी द्वन्द्व युद्ध में उसकी भी मृत्यु हुई। साक्षी का दोहा—

डसै अहर जमदूत, मछर छिलंते मेलियो।
कूंभै वाळो कूंत, हेमे वप सांसर हुवौ॥[2]

राव हमीर (३/३)—यह नरा का भाई था।

खीचो हद्दो (६/७)—यह केल्हण का पुत्र था और इसी युद्ध में मारा गया।[3]

मुंहतो जैमल (७/६)—यह मुंहणोत नणसी का पिता था। जालोर आदि कई स्थानों की हाकमी करने का अवसर इसको मिला। यह जसवंतसिंहजी के समय में कुछ समय के लिये दीवान भी रहा।

जालावाडो (१४/२८)—इस स्थान पर जैसिंघ वोरमदेओत की बैठक थी।[4]

---

१. राजस्थान में राजस्थानी साहित्य की खोज (हरप्रसाद शास्त्री) सं० डॉ० नारायणसिंह भाटी, रा शो. सं चौपासनी जोधपुर पृ० ६०।
२. मुहणोत नैणसी री ख्यात (भा० २) रा. प्रा. वि. प्र, पृ० २६८।
३. मुरारीदान री ख्यात २, पृ० १५६।
४. वही पृ० ३५६।

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

वरजांगसर (१८/२८)—यह स्थान खींवा के पिता वरजांग के नाम पर बसा।

जांभेळाव (२३/२८)—यह स्थान विश्नोई सम्प्रदाय के प्रवर्त्तक जांभोजी के नाम पर बसा।

कोळ (२८/२८)—यहाँ प्रसिद्ध लोक देवता पाबूजी धाँधल का देवस्थान है।

परगना मेड़ता

मेड़तो (३७/१)—संस्कृत लेखादि में इसका प्राचीन नाम मेडतंक मिलता है। मण्डोर के प्रतिहार सामन्त बाउक के वि० सं० ८६४ के लेख में उसके ८ वें पूर्व पुरुष नागभट्ट का मेडतंक को राजधानी बनाने का उल्लेख है। यहाँ के मन्दिरों आदि में विद्यमान प्राचीन शिलालेखों का बड़ा ऐतिहासिक महत्व है।[1]

राजा मानधाता (३७/१)—पौराणिक युग में यह राठौड़ों का मूल पुरुष माना जाता है। जवनसत राजा के कोई सन्तान नहीं थी, अतः वह तपस्या के लिये अपनी रानियों सहित तपोवन की ओर चला। जब वह हरिद्वार पहुँचा, तो गौतम ऋषि ने कृपा कर उसे वरदान दिया, जिससे उसके एक पुत्र हुआ, उसका नाम उसने मानधाता रखा। यह लड़का बड़ा पराक्रमी हुआ और इसका राज्य बहुत दूर-दूर तक फैला। इसने मेहपाठ नामक स्थान को अपनी राजधानी बनाया जो बाद में मेड़ता कहलाया।[2]

कान्हड़दे (३७/१)—यह सोनगरा जाति का इतिहास प्रसिद्ध योद्धा जालोर का स्वामी था जिसने आलाउद्दीन खिलजी के विरुद्ध बड़ा संघर्ष किया था। इसका विस्तृत वर्णन कवि पद्मनाभ ने डिंगल भाषा में लिखित 'कान्हड़दे प्रबन्ध' में बड़े सुन्दर ढंग से किया है।

वरसिंघ, दूदो (३७/२)—ओझाजी ने इन्हें जोधा की रानी सोनगरी चम्पा का ही पुत्र माना है। मुरारीदान की ख्यात में इस रानी के पिता का नाम

---

१. विस्तार के लिये देखें—जोधपुर राज्य का इतिहास (प्रथम भाग) डॉ० ओझा, पृष्ठ ३३-३५।

२. राठौड़ वंश री विगत एवं राठौड़ां री वंशावली, सं० मुनि जिनविजयजी, रा. प्रा. वि. प्र. पृष्ठ १-२।

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

खींवा सतावत (नारलोर) लिखा है।[1] दूदा ने अपने भाई वरसिंघ के साथ मेड़ता बसाया था और उसके वंशज मेड़तिये कहलाये। दूदा का परिचय देते हुए ओझाजी ने लिखा है कि नरसिंघ सींधल के पुत्र को द्वन्द्वयुद्ध में मारकर दूदा ने महत्वपूर्ण कार्य जोधा के संकेत पर किया था और इस प्रकार राठौड़ों का पुराना बैर लिया।[2] नैणसी की ख्यात में लिखा है कि जोधा का राज्य जब मारवाड़ पर कायम हो गया, तो किसी ने ताना मारा कि नरबद तो नरसिंघ की एक स्त्री सुप्यारदे को लाया था पर नरसिंघ के साथी सींधल लोग बदले में यहां की १४० औरतों को ले गये और फिर विनय करने पर बइज्जत उन्हें लौटाया, अतः तब भी उनका पासा ऊपर रहा। इस अपमान का बदला लेने का बीड़ा दूदा ने उठाया[3] और उसने नरसिंघ के पुत्र मेघा को घेर कर मारा।

सवाळख (३९/५)—नागौर के आस पास के छोटे से इलाके का प्राचीन नाम सपादलक्ष था, उसी का अपभ्रंश सवाळख हुआ। यहाँ पहले चौहानों का राज्य था, इसलिये उन्हें 'सपादलक्षीय नृपति' कहा गया है। ओझाजी ने इस प्रसंग पर टिप्पणी करते हुए लिखा है कि आधुनिक समय में उसे सवाजक या स्वाजक कहते हैं[4], परन्तु उनका यह मत भ्रामक लगता है। वास्तव में उसे आजकल सवाळख या स्वाळख ही कहा जाता है।

जायल (३९/५)—यह स्थान चौहान राजपूतों की एक शाखा खीचियों का प्रमुख स्थान रहा है।[5] यहाँ के खीची जींदराव का पाबूजी के पवाड़ों में उल्लेख आता है, जिसके हाथ से पाबूजी राठौड़ की मृत्यु हुई थी।

घड़ूको (४४/१५)—यह मुगलों का सेनापति था। राजस्थानी ख्यातों में इसका नाम घड़ूला मिलता है। इसके सम्बन्ध में यहाँ किस्सा प्रसिद्ध है[6]

---

१. मुरारीदान री ख्यात, २, पृ० ९९।
२. जोधपुर राज्य का इतिहास (प्रथम भाग) पृ० २५२।
३. मुंहता नैणसी री ख्यात, भाग ३ पृ० ३८।
४. ओझा निबन्ध संग्रह (प्रथम भाग) पृ० २० की पाद-टिप्पणी।
५. मुहणोत नैणसी री ख्यात, भा० ३ पृ० १७४।
६ ओझाजी ने इसे मीर घड़ूला लिखा है—
जोधपुर राज्य का इतिहास (प्रथम भाग) पृ० २६१।

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

कि तृतीया का पर्व मनाती हुई कुछ लड़कियों को यह उठाकर ले गया था, जिस पर सातल ने उस पर चढ़ाई की। उसके मारे जाने पर तीरों से छिदा हुआ उसका सिर उन लड़कियों ने शहर में घुमाया। यह रस्म अब भी मनाई जाती है और घड़े में छेद करके उसमें दीपक रखे हुए लड़कियाँ घुड़ला गीत गाती हैं।

अखैराज भादावत (४६/२३)—नैणसी ने अपनी ख्यात में लिखा है कि जब जैमल मेड़ता की गद्दी पर बैठा तो एक बार अखैराज को मालदे के दरबार में यह आशय प्रकट करने को भेजा कि आप हमें क्यों तंग करते हैं आप मेड़ता सदा के लिए हमें दे दें, हम भी दूसरों की तरह आपकी चाकरी करेंगे। परन्तु राव मालदे और उसके सामंतों ने अखैराज के इस निवेदन को हँसी में उड़ा दिया तब अखैराज गुस्से में आकर वहाँ से उठ कर चला आया और मालदे से कहा—हमें 'मेड़ता कौन दे और हमारे से कौन ले, तुम्हें जिसने जोधपुर दिया उसीने हमें भी मेड़ता दिया है'।

इसने जैमल की अनेक युद्धों में सहायता की और मालदे के प्रसिद्ध सामंत पृथ्वीराज को मारा था।[1]

पंवार पंचायण (५०/२३)—यह करमचंद का पुत्र था। बांकीदास ने इसे मान कछवाहा का नाना लिखा है। संवत् १५८६ में विक्रमादित्य से चित्तौड़ छूटा तब यह काम आया।[2] मालदे को छोड़ कर यह राणा उदयसिंह के पास चला गया था। इसकी जागीर में जाजपुर था।

भेदो पंचायणोत (५२/२६)—ये लोग उस समय रड़ोद के थाने पर थे। वहाँ से सूचना मिलते ही सहसा की मदद को लिए आये थे। राव वीरमदे को जीवित युद्ध से निकालने वालों में यह भी था। इसने इस युद्ध में बड़ा पराक्रम दिखाया। उसकी साक्षी का यह दोहा प्रसिद्ध है—

> **भिड़ते मादिज भांजिया, वीरत राइ विभाड़।**
> **बीजड़ा वीसरसी नहीं, रींयां वाळी राड़॥**[3]

---

१. मुंहता नैणसी री ख्यात, भाग ३, पृ० ११७, ११८, १२१।
२ बांकीदास री ख्यात, सं० नरोत्तमदास स्वामी पृ० १३८।
३ ऐतिहासिक बातां : (परम्परा) भा० ११ पृ० ४१।

T CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

वीरमदे नुं अजमेर था ही परो काढियो (५४/२७)—मुरारीदान की ख्यात में लिखा है कि अजमेर से निकलने पर जैता की अध्यक्षता में मालदे की फौज ने वीरम का बहुत पीछा किया। अन्त में वीरमदे मारने मरने को तैयार हो गया। युद्ध की स्थिति बनती देख जैता ने कहा कि वीरम बड़ा राजपूत है, इसको इस प्रकार मारना उचित नहीं, यह कभी बड़ा नाम करेगा। अतः वे लौट आए।[1]

रणथंभोर री सोबादार (५४/२८)—नैणसी ने अपनी ख्यात में लिखा है कि वीरमदे की मुलाकात रणथंभोर के सूबादार से मलारणे के थानेदार ने करवाई।[2] मुरारीदान की ख्यात में वीरम का मांडव के सूबेदार से मिलना लिखा है और उसके मारफ़त शेरशाह से।[3]

समेळ री नदी रै परै वेढ हुई (५७/३१)—विगत के प्रथम भाग में इस युद्ध में काम आने वाले कुछ ही वीरों के नाम इस घटना के प्रसंग में दिये गये हैं। मुरारीदान की ख्यात में ऐसे सरदारों की न केवल विस्तृत सूची ही मिलती है, अपितु प्रत्येक सरदार के अधीनस्थ योद्धाओं में से काम आने वाले योद्धाओं की संख्या भी अंकित की गई है। यह सूची निम्न प्रकार है[4]—

१. राठौड़ जैता पंचाइणोत—१०
२. ,, कूंपा महराजोत—२०
३. ,, उदैसिंघ जैतावत—१०१
४. ,, खींवा ऊदावत—११
५. ,, जोगा रावळ अखैराजोत का—११
६. ,, पंचाइण करमसीयोत—५१
७. ,, जैतसी ऊदावत—११
८. ,, सुरतांण गांगाउत—५१

---

१. मुरारीदान री ख्यात २ पृ० ११७।
२. मुहणोत नैणसी की ख्यात, भा० २ पृ० १५७।
३. मुरारीदान री ख्यात २ पृ० ११७।
४. मुरारीदान री ख्यात २ पृ० १२०-१२२।

CC-0. RORI. Digitized by Sri Muthulakshmi Research Academy

९. राठौड़ पत्तो कान्हावत (हाथी रै दांत वढ़ियो) ७
१०. ,, वैरसी राणावत—२१
११. ,, वीदो भारमलोत बाला—११
१२. ,, कला भींवोत सुरजनोत—२१
१३. ,, हापा सीहावत—११
१४. ,, रायमल अखैराजोत रिणमल—११
१५. ,, भोजराज पंचाइणोत अखैराजोत—१
१६. ,, भद्दा पंचाइणोत—५१
१७. ,, जंमल बीदा परबतोत का—१
१८. ,, नींबा अणंदोत—११
१९. ,, भोजा पंचाइणात—११
२०. ,, भानीदास सूरा अखैराजोत का—३१
२१. ,, महेश देदावत—५१
२२. ,, जैतसो राघाउत—५१
२३. ,, हरपाल जोधाउत—५१
२४. ,, हरदास खंगारोत—१
२५. सोनगरा अखैराज रिणधोरोत—१
२६. ,, भोजराज अखैराजोत—२१
२७. भाटी पंचाइण जोधावत—११
२८. ,, मेरा अचळावत—६१
२९. ,, गांगा वरजांगोत—८१
३०. ,, केल्हण आसमल हमीरोत का—११
